WATCH GOD WATCHDOG

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesgroup.com पर जाएं।

नई दिल्ली > सोमवार, 29 अप्रैल 2024 > वैशाख 9, शक संवत् 1946, वैशाख कृष्ण पंचमी, विक्रम संवत् 2081 वर्ष 78, संख्या 102 > पेज 12 > मूल्य 5.00 या 10.00* रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू



परिणीति बोलीं, बहन के स्टार होने का फायदा नहीं p8



भारत दौरा टालने के बाद चीन पहुंचे मस्क p12

**NBT Lens** समझिए खबरों के अंदर की बात

खबरों का पर्सपेक्टिव यानी NBT लेंस देखें पेज 3, 11 और 12


# यूनिफॉर्म सिविल कोड के लिए सब कुछ करेंगे: मोदी

## खास इंटरव्यू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'वन नेशन वन इलेक्शन' अजेंडे में अहम, इस पर ठोस कदम उठाएंगे

■ एनबीटी न्यूज डेस्क : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि तीसरे कार्यकाल में समान नागरिक संहिता (UCC) और 'वन नेशन वन इलेक्शन' यानी 'एक देश एक चुनाव' पर ठोस कदम उठाएंगे। सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए खास इंटरव्यू में मोदी ने कहा कि ये दोनों ही मुद्दे हमारी पार्टी के अजेंडे में अहम हैं। हम भारत में यूनिफॉर्म सिविल कोड को वास्तविकता बनाने के लिए अपनी क्षमता के हिसाब से सब कुछ करेंगे। प्रधानमंत्री ने अब तक हुई वोटिंग, चुनाव में छाए मुद्दों और केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं समेत कई मसलों पर बात की।

"हम 400 सीटें जीतना चाहते हैं, जिससे कि SC, ST और OBC के अधिकारों की रक्षा हो सके और उनका आरक्षण और अधिकार छीनकर अपने वोट बैंक को देने की विपक्षी दलों की नापाक साजिशें नाकाम हो जाएं।

"मेरे लिए गारंटी सिर्फ शब्द नहीं है। यह मेरी मेहनत और विश्वसनीयता से जुड़ा है। ...आपने अब तक जो देखा है वह सिर्फ ट्रेलर है। बहुत कुछ है जो मैं करना चाहता हूं।



"युवराज को कहते सुना होगा कि एक्स-रे कराएंगे। यह हर घर में छापा मारने के अलावा और कुछ नहीं है। वे किसानों से जमीन छीनेंगे। महिलाओं के गहनों पर धावा बोलेंगे।

### पीएम ने कहा, देश में अलग-अलग कानून समाज की सेहत के लिए हानिकारक

**समान नागरिक** संहिता (यूनिफॉर्म सिविल कोड) पर मोदी ने कहा कि पहले से ही राज्यों में बीजेपी की सरकारें इसे लागू करने पर विचार कर रही हैं। उत्तराखंड इसे लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है। यह साफ है कि अलग-अलग समुदायों के लिए अलग-अलग कानून समाज की सेहत के लिए हानिकारक हैं। हम ऐसा राष्ट्र नहीं हो सकते, जहां एक समुदाय तो संवैधानिक नियमों के सहारे प्रगति कर रहा हो, जबकि दूसरा तुष्टीकरण के कारण समय के ताने-बाने में फंस गया हो। प्रधानमंत्री ने 'वन नेशन वन इलेक्शन' पर कहा कि हर साल कोई न कोई चुनाव होता रहा है और अगला चुनाव जीतने के लिए प्राथमिकता तय होती है। भले ही इसका मतलब भारत के लोगों के दीर्घकालिक हितों से समझौता करना ही क्यों न हो। यह हमारे लिए चिंता का विषय है। 'वन नेशन वन इलेक्शन' से यह सुनिश्चित करने जा रहा है कि एक राष्ट्र के रूप में हमारा समय, प्रयास और संसाधन राष्ट्र निर्माण की दिशा में ज्यादा उपयोगी रूप से इस्तेमाल हों।

### 'मिल रहा प्यार, 400 का आंकड़ा करेंगे पार'

अपनी रैलियों और रोडशो का जिक्र कर मोदी ने कहा कि मैं जहां भी गया हूं मुझे बेमिसाल प्यार और समर्थन मिला है। यह लोगों का समर्थन है जो हमें विश्वास दिलाता है कि हम 400 का आंकड़ा पार करने की राह पर हैं। लोग बेहतर कल चाहते हैं और वे जानते हैं कि BJP के लिए वोट का मतलब विकास के लिए वोट देना है।

### 'दक्षिण भारत ने BJP के लिए लगाया है ज़ोर'

साउथ में बीजेपी की संभावनाओं पर मोदी ने कहा कि दक्षिण भारत के लोगों ने ही BJP के लिए जगह बनाने की खातिर बहुत जोर लगा दिया है। आप दक्षिण में जहां भी जाएं, लोगों ने अभूतपूर्व स्नेह दिया है हमें अपना माना है। अभी तक वहां के लोगों ने कांग्रेस या क्षेत्रीय दलों का करप्शन, कुशासन देखा है।

### 'कर्नाटक में धर्म के आधार पर आरक्षण दिया गया, यह बताना ध्रुवीकरण नहीं है'

**कांग्रेस ने** बीजेपी पर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिशों के आरोप लगाए तो बीजेपी ने (मुस्लिम) तुष्टीकरण पर उसे घेरा है। इस बारे में मोदी ने कहा कि यह दिखाना ध्रुवीकरण नहीं है कि कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने के लिए असंवैधानिक रूप से कानून पास किया है। कर्नाटक में OBC को आरक्षण देने का BJP जो कानून लाई थी, उसे कांग्रेस सरकार ने पलट दिया और सभी मुस्लिमों को OBC बनाकर उन्हें यह आरक्षण दे दिया। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने हाल में कहा कि वह कर्नाटक सरकार के इस कदम को लागू करेगी। इससे साबित होता है कि कांग्रेस देशभर में SC, ST, OBC को मिलने वाले कोटे को कम कर अल्पसंख्यकों को देना चाहती है।

पीएम ने कहा, तेलंगाना भी कर्नाटक की राह पर

प्रधानमंत्री का पूरा इंटरव्यू पढ़ें अंदर पेज 6 और 7 पर

## STARWARS

IPL में आज

कोलकाता नाइट राइडर्स Vs दिल्ली कैपिटल्स

कोलकाता में, शाम 7:30 बजे से

### बेंगलुरु की दूसरी जीत, चेन्नै की टीम भी चमकी

IPL में रविवार को खेले गए पहले मुकाबले में बेंगलुरु ने लगातार



दूसरी जीत हासिल की है। टीम ने गुजरात को 9 विकेट से हराया। बेंगलुरु के विल जैक्स ने नाबाद 100 रन बनाए। वहीं, दूसरे मैच में चेन्नै सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रनों से हराया।

## फटाफट खबरें

### उन्नाव में बस-ट्रक की टक्कर, आठ की मौत

UP के उन्नाव के सफीपुर में रविवार की दोपहर यात्रियों से भरी बस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस घटना में आठ लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक बस के एक तरफ के हिस्से को चीरते हुए निकल गया। बस ड्राइवर फरार हो गया जबकि ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। (एनबीटी)

### संदेशखाली: CBI जांच के खिलाफ सुनवाई आज

संदेशखाली मामले की CBI जांच के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की



याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई होगी। कलकत्ता हाई कोर्ट ने CBI को SIT बनाकर जांच का निर्देश दिया था। कोर्ट ने शिकायतकर्ताओं की पहचान के बारे में गोपनीयता बनाए रखने का भी आदेश दिया था। (IANS)

### भारत नगर में सरेराह हत्या, पति गिरफ्तार

नॉर्थ वेस्ट दिल्ली के भारत नगर में शनिवार शाम एक 28 साल की महिला की सरेराह चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने पति पर हत्या का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर खून से सना चाकू भी बरामद कर लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी महिला के सीने, गर्दन और सिर पर चाकू से वार करता रहा था। शुरुआती जांच में पता चला है कि दोनों में किसी न किसी बात पर अक्सर झगड़े होते थे। पुलिस जांच कर रही है। (विस) पेज 5

# दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष पद से लवली का इस्तीफा

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**लोकसभा चुनाव** के दौरान कांग्रेस को झटका देते हुए वरिष्ठ नेता अरविंदर सिंह लवली ने पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को भेजे इस्तीफे में लवली ने इसकी वजह पार्टी के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया की उम्मीदवारों के चयन में दखलंदाजी और आम आदमी पार्टी (AAP) के साथ गठबंधन को बताया है। लवली ने लिखा, दिल्ली कांग्रेस इस गठबंधन के खिलाफ थी लेकिन आलाकमान ने मंजूरी दी। लवली ने यह भी कहा कि दिल्ली ईकाई के सर्वसम्मति से लिए गए सभी फैसलों पर बाबरिया ने 'एकतरफा वीटो' कर दिया। कुछ दिन पहले ही बाबरिया के साथ विवाद के बाद दिल्ली के पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान ने कांग्रेस छोड़ दी थी। प्रभारी बाबरिया ने लवली का इस्तीफा मंजूर करने की पुष्टि की और साफ कहा कि न तो उम्मीदवार बदले जाएंगे और न ही प्रेशर पॉलिटिक्स चलेगी। लवली के इस्तीफे के बाद कांग्रेस नेताओं में मतभेद खुलकर सामने आ गए। कांग्रेस नेता आसिफ मोहम्मद खान ने कहा कि लवली चुपचाप इस्तीफा दे सकते थे। लवली समर्थकों ने खान के साथ धक्का-मुक्की की। पेज 3

### कहा- प्रभारी का दखल बड़ी वजह



अरविंदर सिंह लवली ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि सिर्फ दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। दूसरे दल में शामिल नहीं हो रहा।

### BJP ने कहा- दल मिले, दिल नहीं



वीरेंद्र सचदेवा
दिल्ली BJP अध्यक्ष

दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि विपक्षी I.N.D.I.A. को लेकर बीजेपी शुरू से ही कहती आ रही है कि सिर्फ दल मिले हैं, दिल नहीं मिले। लवली के इस्तीफे से यह बात सच साबित हो गई है। आम आदमी पार्टी ने कहा कि कांग्रेस हमारी गठबंधन सहयोगी है और उनकी पार्टी का यह आंतरिक मामला है। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि लवली के उठाए मुद्दों का समाधान किए जाने की आवश्यकता है।

### AAP का दावा, चुनाव आयोग ने रोका प्रचार का गीत

■ **विस, नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (AAP) ने रविवार को दावा किया कि चुनाव आयोग ने पार्टी के प्रचार गीत (Campaign Song) 'जेल के जवाब में हम वोट देंगे' के कुछ हिस्सों पर ऐतराज जताते हुए प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि यह सत्तारूढ़ बीजेपी और केंद्रीय जांच एजेंसियों की छवि खराब करता है। पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,




आतिशी

यह संभवतः पहली बार है कि चुनाव आयोग ने किसी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर प्रतिबंध लगाया है। सिर्फ तानाशाह सरकारों में ही ऐसे विपक्षी पार्टियों को प्रचार से रोका जाता है। अगर बीजेपी तानाशाही करे तो ठीक, लेकिन अगर कोई इसके बारे में बात करे तो वह गलत। इससे पता चलता है कि लोकतंत्र खतरे में है। गीत में बीजेपी का जिक्र नहीं है और न ही आचार संहिता का उल्लंघन है। पेज 3

### RSS हमेशा से आरक्षण के पक्ष में है: भागवत

■ पीटीआई, हैदराबाद/दमन: आरक्षण पर विपक्ष के हमले के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के



प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि संगठन ने हमेशा संविधान के अनुसार आरक्षण का समर्थन किया है। एक विडियो का जिक्र कर कहा कि इसमें झूठा दावा किया गया है कि RSS आरक्षण का विरोध करता है। दमन में राहुल गांधी ने कहा, 'संघ आज कह रहा है कि वे आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन पहले उन्होंने कहा था कि वे आरक्षण का विरोध करते हैं।'

### 600 करोड़ की ड्रग्स पकड़ी गई

■ **तटरक्षक बल** ने गुजरात तट पर पाकिस्तानी नौका से 600 करोड़ रुपये की 86 किलो ड्रग्स बरामद की है। नौका में सवार 14 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। तटरक्षक बल ने गुजरात ATS और नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ शनिवार-रविवार की रात अरब सागर में यह अभियान चलाया था। (पीटीआई)

# पाक से आए आतंकियों ने गार्ड की जान ली

■ पीटीआई, जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** में उधमपुर जिले के दूरदराज के गांव में रविवार सुबह आतंकियों के साथ मुठभेड़ में ग्राम रक्षा गार्ड (VDG) की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि ये आतंकवादी हाल में पाकिस्तान से घुसपैठ करके आए हैं। उनके खात्मे के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। पुलिस ने बताया कि बसंतगढ़ में पनारा गांव में सुबह ग्राम रक्षा गार्ड की टीम गश्त कर रही थी, तभी करीब 7:45 बजे उनकी आतंकवादियों से मुठभेड़ हो गई। इसमें ग्राम रक्षा गार्ड (VDG) के एक सदस्य- मोहम्मद शरीफ घायल हो गए, जिनकी दोपहर में मौत हो गई। इस दौरान आतंकवादी जंगल में भाग गए। सुरक्षाबल उनके पीछे गए हैं।



जंगल में भागे आतंकियों के खात्मे के लिए तलाशी अभियान जारी है।

### दुकान में फायरिंग

जम्मू के अरनिया सेक्टर स्थित मीरान साहिब में शनिवार रात हमलावरों ने एक मिठाई की दुकान पर फायरिंग की। इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दो लोग मोटरसाइकिल पर आए और दुकान पर गोलीबारी करके भाग गए।

### मणिपुर में फायरिंग, एक की मौत

■ **पीटीआई, इंफाल:** मणिपुर में जातीय हिंसा से प्रभावित कांगपोकपी जिले में दो समुदायों के ग्रामसेवकों के बीच गोलीबारी में एक ग्रामीण स्वयंसेवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कांगपोकपी जिले के पहाड़ी इलाके से एक गुट ने इंफाल पश्चिम जिले के कौत्रुक गांव पर फायरिंग की। इसके बाद इस सीमांत गांव में तैनात ग्रामीण स्वयंसेवकों ने जवाबी कार्रवाई की।

स्थानीय संगठन ने 12 घंटे का बंद बुलाया है

## तीरंदाज़ी वर्ल्ड कप में 14 साल बाद भारत को यह गोल्ड



■ तीरंदाजी वर्ल्ड कप में रविवार को 14 साल बाद भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने गोल्ड मेडल जीता। रिकर्व तीरंदाजी का पारंपरिक रूप है।

■ धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव की टीम ने फाइनल में ओलिंपिक्स चैंपियन साउथ कोरिया को शिकस्त दी।

## सेक्स स्कैंडल (Sex Scandal) में देवेगौड़ा के बेटे और पोते पर FIR

■ पीटीआई, बेंगलुरु

**कर्नाटक समेत** देश की राजनीति में तब भूचाल आ गया, जब देश के पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा के पोते और JDS नेता प्रज्वल रेवन्ना के कथित सेक्स स्कैंडल के कई विडियो सामने आए। मामले में देवेगौड़ा के बेटे पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना और उनके पोते प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ उनके रसोइये की शिकायत पर यौन उत्पीड़न और पीछा करने का मामला दर्ज किया गया है। कर्नाटक सरकार ने रविवार को SIT जांच के आदेश दिए हैं। इस बीच पता चला है कि प्रज्वल रेवन्ना विदेश चले गए हैं। कर्नाटक के हासन से सांसद रेवन्ना इसी सीट से लोकसभा चुनाव JDS के कैंडिडेट हैं, जहां 26 अप्रैल को मतदान हो चुका है। CM सिद्धारमैया ने कहा कि पहली नजर में पता चला है कि कई महिलाओं के साथ अत्याचार हुआ है। पेज 9



कई विडियो सामने आए, SIT जांच होगी, प्रज्वल विदेश चले गए

### JDS ने किया बचाव, BJP ने किया किनारा

कथित सेक्स स्कैंडल की SIT जांच का रेवन्ना की पार्टी JDS ने स्वागत किया है। हालांकि JDS नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने रेवन्ना का बचाव करते हुए कहा कि वह जांच रिपोर्ट का इंतजार करेंगे। वहीं, गठबंधन में शामिल BJP ने कहा कि उसका इस मामले से कोई वास्ता नहीं है।

### हैपी मॉर्निंग

**वॉर्डन:** आपके भोजन के मुख्य स्रोत क्या हैं?
**स्टूडेंट:** शादी, बर्थडे, गृह प्रवेश... और आसपास होने वाले इस तरह के अन्य कई फंक्शन।

### मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38.2 (-1) |
| न्यूनतम | 23.5 (0) |
| सूर्यास्त सोमवार | 6:55 बजे |
| सूर्योदय मंगलवार | 5:41 बजे |

## धौला कुआं में जगुआर (Jaguar) कार से टक्कर, 3 घायल

■ एनबीटी न्यूज, नई दिल्ली

**साउथ वेस्ट** दिल्ली के धौला कुआं में रविवार तड़के तेज रफ्तार जगुआर (Jaguar) कार ने डिवाइडर तोड़ते हुए सड़क की दूसरी तरफ दो कैब को टक्कर मार दी। एक कैब ड्राइवर और उसमें बैठे दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। दूसरी कैब के ड्राइवर को हल्की चोट आई। घायलों को एम्स में भर्ती कराया गया है। आरोप है कि जगुआर BBA थर्ड ईयर का स्टूडेंट सौरव (23) चला रहा था जो पार्टी के बाद दोस्त को छोड़ने उसके घर जा रहा था। दिल्ली कैंट पुलिस ने लापरवाही से ड्राइविंग का केस दर्ज कर कोहाट एन्क्लेव निवासी सौरव को अरेस्ट कर लिया। पेज 5



### स्टेडियम में घसीटा

■ ध्यानचंद स्टेडियम में तैनात सुपरवाइजर को एक महिला ने पति, बच्चों के साथ मिलकर स्टेडियम के अंदर 200 मीटर तक घसीटा और उसे बुरी तरह से पीटा। पुलिस ने केस दर्ज किया है। पेज 5

**शिकंजा कसा** 15000 करोड़ रुपये के कथित घोटाले में मुंबई पुलिस ने की गिरफ्तारी

## महादेव सट्टेबाज़ी केस में ऐक्टर साहिल खान गिरफ्तार, दो दिन की पुलिस रिमांड

■ एनबीटी ब्यूरो, मुंबई

**मुंबई साइबर** सेल की SIT ने महादेव सट्टेबाजी ऐप केस में ऐक्टर साहिल खान को गिरफ्तार किया है। साहिल पर सट्टेबाजी साइट चलाने और इसे प्रमोट करने का आरोप है। पुलिस ने ऐक्टर का पासपोर्ट जब्त कर लिया है। अदालत ने रविवार को साहिल को दो दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया। साहिल 'स्टाइल' और 'एक्सक्यूज मी' जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। मुंबई पुलिस ऐप के प्रमोटर्स और राज्य में कुछ कंपनियों के बीच कथित अवैध लेन-देन की जांच कर रही है। FIR के अनुसार, यह कथित घोटाला 15000 करोड़ रुपये का है। वहीं, ED इससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस की जांच कर रहा है।



चंडीगढ़ में गिरफ्तारी के बाद साहिल खान को मुंबई लाया गया।

### देश की न्यायपालिका पर भरोसा है: साहिल

गिरफ्तारी के बाद पुलिस सुरक्षा में साहिल खान ने कहा, मैं देश की न्यायपालिका में विश्वास करता हूं। साहिल के वकील मुजाहिद अंसारी ने दावा किया कि उन्हें इस मामले में फंसाया गया है। जांच टीम ने कोर्ट में कहा कि मामले में 2000 सिम कार्ड और 1700 बैंक खाते पता चले हैं। वहीं, साहिल के वकील ने कहा कि उनके नाम पर कोई सिम नहीं है।



# RWAs के लिए आर्थिक पावर सबसे बड़ी डिमांड

**यूथ मेनिफेस्टो के बाद NBT ने दिल्ली की RWAs और ग्रुप हाउसिंग सोसायटीज के साथ मिलकर उनका मेनिफेस्टो तैयार किया है, ताकि समाज को कॉलोनियों के स्तर पर भी बेहतर बनाया जा सके। इस दौरान लोगों ने अपने मुद्दे खुलकर रखे।**

■ **लोकसभा चुनावों** के लिए आज से दिल्ली में भी नॉमिनेशन दाखिल किए जा सकेंगे। नेता प्रचार में उतर चुके हैं और पार्टियां घोषणा पत्र लोगों के सामने रख रही हैं। ऐसे में यूथ मेनिफेस्टो बनाने के बाद हमने दिल्ली की RWAs और ग्रुप हाउसिंग सोसायटीज के साथ मिलकर उनका मेनिफेस्टो तैयार किया है, ताकि समाज को कॉलोनियों के स्तर पर भी बेहतर बनाया जा सके। हमने समझा कि दिल्ली के लोग RWAs के लिए क्या चाहते हैं, उनकी क्या उम्मीदें हैं और वे अपनी आवाज किन मसलों पर उठाना चाहते हैं। इस दौरान हमने दिल्ली की कई RWAs और ग्रुप हाउसिंग सोसायटीज के साथ संवाद किया और जानने की कोशिश की कि वे इन चुनावों में क्या चाहते हैं। इसके अलावा हमने दिल्ली के लोगों से भी RWAs का मेनिफेस्टो बनाने के लिए उनके विचार मांगे।

### ज्यादा पावर की चाहत

RWAs का मेनिफेस्टो बनाने के लिए हमने दिल्ली के लोगों के सामने पांच मुद्दे रखे थे, जिन पर उन्होंने अपनी राय जाहिर की और बताया कि उनके लिए क्या सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, बहुत से लोगों ने अपने अलग मुद्दे भी हमारे सामने रखे और बताया कि वे चाहते हैं कि राजनीतिक पार्टियां सरकार में आने के बाद कॉलोनियों के स्तर पर इन मुद्दों पर गंभीरता से काम करें। मेनिफेस्टो के लिए दिए गए सवालों के जवाब में सबसे ज्यादा लोगों ने RWAs के लिए आर्थिक पावर की मांग की।

### लोगों ने खुलकर रखी अपनी राय

61 प्रतिशत से भी ज्यादा लोगों ने कहा कि RWAs को काम करवाने के साथ छोटी समस्याओं के हल के लिए आर्थिक पावर मिलनी चाहिए। अभी इस मोर्चे पर RWAs पिछड़ जाती हैं और आर्थिक पावर नहीं होने के चलते उनके कई काम अटक जाते हैं। इसके बाद सबसे ज्यादा लोगों ने एक नोडल एजेंसी की जरूरत बताई, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान एक ही जगह पर समन्वय के साथ हो। हमारे सर्वे में 45 प्रतिशत लोगों ने कहा कि ग्रुप हाउसिंग सोसायटी, आरडब्ल्यूए और अनधिकृत कॉलोनियों के मुद्दों के लिए एक नोडल एजेंसी बनाने की जरूरत है। इसके बाद 39 प्रतिशत लोगों ने कहा कि 30 साल से पुरानी ग्रुप हाउसिंग सोसायटीज का रीडिवेलपमेंट होना चाहिए। दरअसल दिल्ली की कई सोसायटीज काफी पुरानी हो चुकी हैं और उनकी हालत जर्जर है। ऐसे में इनका रीडिवेलपमेंट बड़ा मुद्दा है। 22 प्रतिशत लोगों का सवाल है कि ग्रुप हाउसिंग सोसायटी में इंटरनल इंफ्रास्ट्रक्चर की जिम्मेदारी मैनेजमेंट कमिटी की, फिर उन्हें टैक्स में रिबेट क्यों नहीं मिलती है? हालांकि दिल्ली में अनधिकृत कॉलोनियों को रेगुलराइज कराने की मांग बड़ा मुद्दा रहा है, लेकिन मेनिफेस्टो के मुद्दे चुनने के दौरान सबसे कम लोगों ने इसे तवज्जो दी। सिर्फ 18 प्रतिशत लोगों ने ही कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों को रेगुलराइज किया जाए।

## 10 सुझावों में रखी अपनी बात

- दिल्ली में कॉलोनी में जितने खुले नाले हैं, उन्हें बंद किया जाए। हर एक कॉलोनी में 100 मीटर पर एक पुलिस चौकी हो। *–राकेश श्रीवास्तव*
- कॉलोनियों के आसपास के पार्कों की मेंटिनेंस के लिए और आसपास की बाकी कई समस्याओं के लिए RWA को आर्थिक पावर देनी चाहिए। *– पूर्णिमा सचदेवा*
- नालों के साथ बनी कॉलोनियों में मच्छरों की भयानक समस्या है। इस पर काम हो। ऐसे नालों को ढका जाना चाहिए। *– एसके सैनी*
- पार्कों और खाली जगहों पर फलदार पेड़ लगाने की पॉलिसी बनाई जाए और पानी बचाने के लिए पौधों की सिंचाई सीवर के ट्रीटेड पानी से हो। *– राघवेंद्र शुक्ला*
- ब्लॉक में बिजली की पुरानी तारों के जंजाल को हटाकर नई तरह की केबल लगाई जाएं और सफाई पर भी खास ध्यान दिया जाए। *– महेश गुप्ता*
- सोसायटी के बाहर होने वाला भारी अतिक्रमण गंभीर समस्या बनता जा रहा है। इसके कारण कई समस्याएं पैदा होती हैं। *–पैंथर तोमर*
- कई सड़कों पर मवेशियों का कब्जा है। आए दिन एक्सिडेंट होते हैं। कॉलोनियों की सड़कों के बीच बड़े-बड़े गड्ढे हैं। इनसे अक्सर हादसे होते रहते हैं। *– इरफान राही*
- RWAs की नियमित मीटिंग अधिकारियों और राजनीतिक दलों से हो, ताकि उन्हें समस्याओं का पता चल सके। – अमित बंसल
- कॉलोनियों में पार्किंग की बहुत ज्यादा समस्या बहुत बढ़ गई है। इसका व्यापक समाधान निकालना जरूरी है। *– नीरज*
- दिल्ली में जगह-जगह कूड़े के अड्डे बने हुए हैं। कॉलोनियों और पार्कों में भी गंदगी है। इस तरफ ध्यान देना चाहिए। *– माम चंद सागर*

**दिल्ली के लोगों के साथ NBT ने बनाया RWAs और ग्रुप हाउसिंग सोसायटीज का मेनिफेस्टो**

### अब हम बनाएंगे ट्रेडर्स का मेनिफेस्टो

यूथ और RWAs का मेनिफेस्टो तैयार करने के बाद समाज के अलग-अलग तबकों की बात हम देश तक पहुंचाना जारी रखेंगे और उनका मेनिफेस्टो तैयार करते रहेंगे। अब हम ट्रेडर्स का मेनिफेस्टो तैयार करेंगे और बताएंगे कि उनके क्या मुद्दे हैं, जिससे समाज को ट्रेडर्स और बाजारों के स्तर पर भी इन चुनावों में बेहतर ढंग से पेश किया जा सके।

AI Images



## मेनिफेस्टो में इन मुद्दों को मिली तरजीह

**61** प्रतिशत सहमत हैं कि RWAs को काम करवाने के साथ छोटी समस्याओं के हल के लिए चाहिए आर्थिक पावर।

**45** प्रतिशत लोग मानते हैं कि ग्रुप हाउसिंग सोसायटी, आरडब्ल्यूए और अनधिकृत कॉलोनियों के मुद्दों के लिए एक नोडल एजेंसी बने।

**39** प्रतिशत लोग चाहते हैं, 30 साल से पुरानी ग्रुप हाउसिंग सोसायटीज का रीडिवेलपमेंट हो।

**22** प्रतिशत ने पूछा, ग्रुप हाउसिंग सोसायटी में इंटरनल इंफ्रास्ट्रक्चर की जिम्मेदारी मैनेजमेंट कमिटी की, फिर उन्हें टैक्स में रिबेट क्यों नहीं?

**18** प्रतिशत लोगों ने ही कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों को रेगुलराइज किया जाए।

## दिल्ली के लोगों के लिए इन चुनावों में और भी मुद्दे हैं अहम


**लोगों ने** RWAs का मेनिफेस्टो बनाने के लिए कुछ और मुद्दे भी उठाए और बताया कि क्यों इनको लेकर काम करने की जरूरत है। कई लोगों का कहना है कि बहुत से छोटे छोटे काम कई साल तक लटके रहते हैं। अगर RWAs को थोड़ी सी पावर दे दी जाए तो ऐसे सारे काम आसानी से करवाए जा सकते हैं। कॉलोनियों को साफ, सुरक्षित और हरियाली से भरपूर बनाना है तो सरकारी विभागों को RWAs को और सहायता देनी चाहिए। कुछ लोगों ने कम्युनिटी हॉल, चौपाल और बरातघरों की जरूरत का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना था कि इन चीजों की कमी होने से लोगों को फंक्शन और शादियां सड़कों पर टेंट लगाकर करनी पड़ती हैं। इसके अलावा स्ट्रीट डॉग्स को भी लोगों ने बड़ी समस्या माना। उनका कहना था कि कुत्तों की समस्या को गंभीरता से लेने की जरूरत है। उनका सही तरीके से वैक्सीनेशन और स्टरलाइजेशन होना चाहिए और ढंग से शेल्टर बनाने चाहिए। कुछ बुजुर्ग लोगों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि कुछ सोसायटी मैनेजमेंट लिफ्ट लगाने की परमिशन नहीं दे रही हैं। इसका समाधान निकालना जरूरी है। कुछ लोगों का कहना था कि RWAs को प्रशासन की तरफ से प्राथमिकता मिलनी चाहिए, ताकि कॉलोनी की समस्याओं की सुनवाई जल्द हो सके। लोगों ने सोसायटी के अंदर की गलियों में ट्रैफिक की समस्या और गलत तरीके से होने वाली पार्किंग का मुद्दा भी उठाया।

**स्ट्रीट डॉग्स को भी कई लोगों ने बड़ी समस्या माना**

## राजधानी की प्रमुख रेजिडेंट वेलफेयर असोसिएशनों के प्रतिनिधियों की राय



"द्वारका में मेट्रो स्टेशन के बाहर काफी कंजेशन बढ़ता जा रहा है। हरियाली तो है, लेकिन पेड़ों की छंटाई नहीं हो पाती। मल्टी एजेंसियों की वजह से हमेशा दिक्कत बनी रहती है। द्वारका के तीनों एंट्री पॉइंट जाम से जूझते रहते हैं। एप्रोच रोड के साथ इन्हें चौड़ा करने की जरूरत है। **– राकेश गुप्ता, प्रेजिडेंट, फेडरेशन ऑफ सीजीएचएस द्वारका लिमिटेड**



"मास्टर प्लान 2041 में दुकानों और कमर्शल एक्टिविटी के लिए जीरो टॉलरेंस होना चाहिए। सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए पब्लिक यूटिलिटी और स्कूलों की जगह प्राइवेट लोगों को भी देनी चाहिए। अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के लिए म्यूनसिपल लायेबिलिटी लॉ लाना चाहिए। **– राजीव काकरिया, आरडब्ल्यूए, जीके-1**



"दिल्ली को प्रदूषण, जलभराव, कूड़े के पहाड़ से छुटकारा दिलाने, अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम, स्ट्रे डॉग की समस्या, यमुना को साफ करने, पार्किंग सुविधा बढ़ाने, गाड़ियों की संख्या सीमित करने जैसे मुद्दे पार्टियों को उठाने चाहिए। कोई पार्टी आरडब्ल्यूए के प्रति जवाबदेह नहीं है। **– बीएस वोहरा, प्रेजिडेंट, ईस्ट RWA जॉइंट फ्रंट फेडरेशन**



"हम ग्रुप हाउसिंग सोसायटी के रिडिवेलपमेंट की प्रक्रिया को आसान करने करना चाहते हैं। यह दिल्ली की कई समस्याओं का अंत भी होगा। पुराने बिल्डिंग बॉयलॉज के हिसाब से बनी हैं। इनमें पार्किंग समेत कई सुविधाओं की कमी है। इसे रिडिवेलपमेंट ही दूर कर सकता है। **– तरुण गुप्ता, प्रधान, इंद्रप्रस्थ विस्तार सहकारी आवास सोसायटीज महासंघ**


## कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, दिल्ली

पुराना सेंट स्टीफन कॉलेज भवन, कश्मीरी गेट दिल्ली–110006
हेल्पलाईन नं. 1800–111–400 और 1950 : वेबसाईट www.ceodelhi.gov.in

### सार्वजनिक सूचना

**आम चुनाव ( लोकसभा ) – 2024 राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली**

जनसाधारण एवं उम्मीदवारों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि भारत निवचिन आयोग ने राष्ट्रीय राज दिल्ली में सात लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए निम्नलिखित ऑफिसर्स को रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में पदनामित रिटर्निंग ऑफिसर्स के नाम एवं नामांकन पत्र प्राप्त करने के स्थान की विस्तृत जानकारी निम्नवत है:–

| संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की संख्या एवं नाम | रिटर्निंग ऑफिसर का नाम | पदनाम | कार्यालय का पता (जहाँ पर नामांकन पत्र प्राप्त/स्वीकृत किए जाएंगे एवं उनकी संवीक्षा की जाएगी) | दूरभाष एवं फैक्स न. | मोबाइल नं. | ई–मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 चॉदनी चौक | श्री यश चौधरी आई.ए.एस | जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट (उत्तर) | जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय (उत्तर) जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय कॉम्पलेक्स अलीपुर, दिल्ली–110036 | 011-27203048 | 7837540106 | dcnorth@nic.in |
| 02 उत्तर–पूर्व दिल्ली | सुश्री वेदिता रेड्डी आई.ए.एस | जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट (उत्तर–पूर्व) | जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय (उत्तर–पूर्व) जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय कॉम्पलेक्स (उत्तर–पूर्व) के–ब्लॉक, नन्द नगरी, दिल्ली–110093 | 011-22122732 | 9999301391 | dcne@nic.in |
| 03 पूर्वी दिल्ली | श्री अमोल श्रीवास्तव आई.ए.एस | जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट (पूर्व) | जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय (पूर्व) ए–ब्लॉक, एल.एम. बंध, शास्त्री नगर, दिल्ली–110031 | 011-21210848 011-21210862 | 9319206018 | dceast@nic.in |
| 04 नई दिल्ली | सुश्री ईशा खोसला आई.ए.एस | जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट (नई दिल्ली) | जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय (नई दिल्ली) 12/1, जाम नगर हाउस, शाहजहाँ रोड, नई दिल्ली–110011 | 011-23381080 011-23384621 | 9899193642 | dcnd@nic.in |
| 05 उत्तर–पश्चिम दिल्ली (अ.जा.) | सुश्री अंकिता आनंद, आई.ए.एस | जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट (उत्तर–पश्चिम) | जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय (उत्तर–पश्चिम) कंझावलॉ , दिल्ली–110081 | 011-20896208 | 9718957535 | dcnw@nic.in |
| 06 पश्चिमी दिल्ली | डॉ॰ किन्नी सिंह, आई.ए.एस | जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट (पश्चिम) | जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय (पश्चिम) कमरा नं. 303, तीसरा तल, प्लॉट न. 3, शिवाजी पैलेस, राजा गार्डन, नई दिल्ली–110027 | 011-25107118 | 9821028392 | dcwest@nic.in |
| 07 दक्षिणी दिल्ली | श्री मेकला चैतन्य प्रसाद, आई.ए.एस | जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट (दक्षिण) | जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय (दक्षिण) एम.बी. रोड, साकेत, नई दिल्ली–110068 | 011-29535025 | 7005636466 | dcsouth@nic.in |

नामांकन पत्र प्राप्त करने की तारीख और समय: 29/04/2024 से 06/05/2024 तक ( परक्राम्य लिखित अधिनियम, 1881 की धारा 25 के अनुसार सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर), प्रात: 11:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक ।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

ह/–
( राजेश कुमार )
विशेष मुख्य निर्वाचन अधिकारी, दिल्ली

DIP/Shabdarth/Classified/0020/24-25


## 13 साल के लड़के ने यौन उत्पीड़न के बाद की थी 8 साल की बच्ची की हत्या

■ **प्रस, गाजियाबाद : मसूरी एरिया** में 8 साल की बच्ची की हत्या कर शव नाले में फेंकने के मामले में पुलिस ने 13 साल के किशोर और 11 साल के उसके छोटे भाई को पकड़ा है। दोनों से बात करने पर सामने आया है कि 13 साल के किशोर ने बच्ची का पहले भी यौन उत्पीड़न किया था। बच्ची ने जब इसकी जानकारी परिवार को दी थी, तो किशोर की पिटाई हुई थी। इसके बाद से वह उससे बदला लेना चाहता था।

**11 साल के भाई की मदद से शव को छिपाया**

डीसीपी देहात विवेक चंद ने बताया कि इस मामले में दोनों भाइयों को पकड़ा गया है। जिसमें एक की उम्र 13 साल है और दूसरा 11 साल का है। दोनों रिश्ते में बच्ची के भाई (ताऊ के बेटे) ही लगते हैं। दोनों को बाल सुधार गृह भेजा जा गया है। बता दें कि बच्ची की बॉडी 21 अप्रैल को क्रशर के पास नाले में ईंटों के नीचे मिली थी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई थी।

## बीटेक छात्र की हत्या में रिटायर्ड BSF कर्मी के साथ उसकी बेटी गिरफ्तार

■ प्रमुख संवाददाता, गाजियाबाद

**क्रॉसिंग रिपब्लिक** की पैरामाउंट सिंफनी सोसायटी में बीटेक स्टूडेंट की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने गोली मारने वाले रिटायर्ड बीएसएफ कर्मी के साथ ही उसकी बेटी को भी गिरफ्तार किया है। डीसीपी देहात विवेक चंद ने बताया कि शनिवार तड़के हुई घटना में मृतक विपुल वर्मा के पिता बृजेश वर्मा की शिकायत पर राजेश सिंह (रिटायर्ड बीएसफकर्मी), दीप्ति सिंह और दीप्ति के ताऊ के बेटे संजय सिंह पर केस दर्ज किया गया है। इस मामले में राजेश सिंह और दीप्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे जांच की जा रही है।

**क्रॉसिंग रिपब्लिक की पैरामाउंट सिंफनी सोसायटी का मामला**

जानकारी के अनुसार, बलिया का रहने वाला विपुल एबीईएस कॉलेज से बीटेक कर रहा था। दीप्ति से उसकी स्कूल टाइम से दोस्ती थी। शनिवार तड़के सोसायटी में संजय की कॉल के बाद युवती के पिता राजेश करीब साढ़े तीन बजे सोसायटी में पहुंचे। इसके बाद विपुल को कॉल करके युवती के फ्लैट पर बुलाया गया। वह अकेला ही दीप्ति के फ्लैट में गया और इसके 9 सेकंड के बाद ही वह दौड़ा हुआ बाहर आया और उसके पीछे से बाहर आए राजेश के हाथ में पिस्टल थी और उसने विपुल को पांच गोलियां मारीं। फायरिंग देखकर वहां खड़ा विपुल का दोस्त भी भाग गया। हत्या के बाद राजेश ने पुलिस को कॉल कर सूचना दी। इस संबंध में पुलिस के पास फुटेज भी हैं। डीसीपी ने बताया कि विपुल को कॉल करके दीप्ति के फ्लैट पर किसने की इस संबंध में जानकारी की जा रही है। सीडीआर निकाला जा रहा है। शिकायत में संजय सिंह ने कॉल कर विपुल को ऊपर बुलाने की बात कही है।

इस मामले में विपुल के पिता ने बताया कि उनका बेटा गाजियाबाद में पढ़ाई करने के लिए आया था और वह अच्छे से पढ़ भी रहा था। दीप्ति ही उसपर बात करने का दबाव बनाती थी। इसे लेकर दोनों विवाद होता था। उनका कहना है कि दीप्ति कई बार बात नहीं करने पर अजीब बर्ताव करती थी, जिससे विपुल परेशान था।



आरोपी राजेश सिंह



विपुल का फाइल फोटो

## दो युवकों में चाकूबाज़ी, एक की हत्या, दूसरा हुआ ज़ख्मी

■ विशेष संवाददाता, महेंद्रा पार्क

**महेंद्रा पार्क** इलाके में रविवार शाम कथित तौर पर एक युवती से फ्रेंडशिप को लेकर दो युवकों पर चाकूबाजी हो गई। वारदात में जाहिद नाम के युवक की मौत हो गई। रवि नाम का युवक जख्मी हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर लोकल पुलिस और सीनियर अफसर क्राइम सीन पर पहुंचे। युवक का खून से लथपथ शव उसी के किराए के कमरे से बरामद कर नजदीकी अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया। जख्मी रवि को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में युवती को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस अफसर ने कहा कि हत्या के आरोप में रवि को गिरफ्तार किया जाएगा। युवती पर भी कार्रवाई हो सकती है।

पुलिस अफसर के मुताबिक, मृतक की पहचान 32 जाहिद के रूप में हुई है। वह मेरठ के रहने वाले थे। महेंद्रा पार्क के ए ब्लॉक में किराए के कमरे में रहते थे। वह पेपर कटिंग की मशीन पर काम करते थे। रवि बेलदारी का काम करता है। जिस जगह जाहिद रहता है। उसी से कुछ दूरी पर रवि का घर है। जब कि युवती का घर जाहिद के सामने है। पुलिस अफसर ने बताया वारदात की शुरुआती जांच में पता चला कि युवती की करीब आठ साल से जाहिद से दोस्ती थी। इधर रवि से भी चार साल से फ्रेंडशिप में थी।

युवती से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि जे ब्लॉक निवासी रवि ने एक अश्लील वीडियो भी बनाया हुआ था। वह वीडियो दिखाकर उसे ब्लैकमेल करता था और उसका शारीरिक शोषण करता था। युवती ने इस बात की जानकारी जाहिद को दी। जाहिद ने उसे लेकर कमरे पर लेकर आने के लिए कहा था। रविवार को वह रवि को लेकर जाहिद के कमरे पर पहुंची। कमरे के अंदर दोनों रिलेशन की कंडीशन में होने वाले थे। तभी जाहिद वहां पहुंचा। उसने रवि पर चाकू से हमला कर दिया।

हमला होते ही रवि ने जाहिद के हाथ से चाकू छीन लिया। गुत्थम गुत्था के दौरान रवि ने जाहिद पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे जाहिद की मौके पर मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद घायल रवि गमछा से अपने गले को बांधकर बाबू जगजीवन अस्पताल पहुंचा। जहां से उसे लोकनायक अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अफसर का कहना है कि युवती को हिरासत में ले लिया गया है।



**आरोपी भी जख्मी, दोनों की दोस्त को पुलिस ने कस्टडी में लिया**

## जहांगीरपुरी : आरोपियों से पुलिस बरामद करेगी अवैध हथियार



जहांगीरपुरी में कथित प्रेम प्रसंग में घर में घुसकर नाबालिग की मां की हत्या का मामला

■ **विस, जहांगीरपुरी :** जहांगीरपुरी में कथित प्रेम प्रसंग में घर में घुसकर नाबालिग की मां की हत्या मामले में पुलिस ने आरोपियों को बाल सुधार गृह भेज दिया। पुलिस अफसर ने कहा कि आरोपियों को सोमवार को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के सामने पेश कर पूछताछ के लिए लिया जाएगा।

पुलिस अफसर ने कहा कि आरोपियों से अभी वारदात में इस्तेमाल हथियार व अन्य साक्ष्य इकट्ठा करने हैं। अभी तक की जांच में पता चला कि मुख्य आरोपी ने बिहार से अवैध पिस्टल खरीदी थी। शनिवार को गोरखपुर में पकड़े गए मुख्य आरोपी और उसके सहयोगी को पुलिस दिल्ली लेकर पहुंची। पुलिस अफसर ने बताया कि आशंका है पकड़े गए आरोपियों में से एक बालिग हो सकता है। इसके लिए पुलिस इनके कागजात की जांच कर रही है। जरूरत पड़ने पर इसका बोन टेस्ट भी पुलिस करा सकती है।

# नॉमिनेशन से पहले लवली का एग्ज़िट

Nomination Exit

## लवली ने दिया इस्तीफा, कैंडिडेट और गठबंधन पर जताई नाखुशी

Rahul.Anand@timesgroup.com

■ नई दिल्ली: चुनावी समर के बीच में ही दिल्ली प्रदेश कांग्रेस की बागडोर संभाल रहे अरविंदर सिंह लवली ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। लवली ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजे गए 4 पेज के इस्तीफे में प्रदेश इंचार्ज के दखलंदाजी को प्रमुख वजह बताते हुए उम्मीदवारों के चयन पर अपनी नाराजगी जताई है। साथ ही AAP के साथ गठबंधन को भी इसकी वजह बताया है। वहीं प्रदेश इंचार्ज दीपक बाबरिया ने लवली का इस्तीफा स्वीकार होने की पुष्टि करते हुए साफ कर दिया कि न तो उम्मीदवार बदले जाएंगे और न ही प्रेशर पॉलिटिक्स चलेगी।

पिछले कई दिनों से लवली प्रदेश ऑफिस नहीं आ रहे थे। न ही किसी बैठक में शामिल हो रहे थे। हालांकि इसकी वजह खराब सेहत बताया जा रहा था। लेकिन रविवार की सुबह इस्तीफे की चिट्ठी ने साफ कर दिया कि वो नाराज थे। लवली ने अपने इस्तीफे की वजह में 11 पॉइंट बताए हैं। सबसे बड़ी वजह AICC जनरल सेक्रेटरी दीपक बाबरिया को बताया है जो दिल्ली के इंचार्ज भी हैं। उन्होंने कहा कि हाल में कई फैसलों पर इंचार्ज ने वीटो कर दिया। बतौर प्रदेश अध्यक्ष मुझे किसी को अपॉइंट करने की अनुमति नहीं दी। 150 ब्लॉक प्रेजिडेंट के पद खाली हैं, इसे भरने के मेरे फैसले को रिजेक्ट कर दिया।

दूसरी वजह आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन को बताया है। उन्होंने लिखा है कि आप ने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाए थे और आज आप के कैबिनेट के आधे मंत्री भ्रष्टाचार के मामले में जेल में हैं। फिर भी आप के साथ दिल्ली में गठबंधन किया गया। AICC के महासचिव के कहने पर मैं केजरीवाल की गिरफ्तारी की रात सुभाष चोपड़ा और संदीप दीक्षित के साथ उनके घर भी गया, जबकि यह मेरे उसूलों के खिलाफ था। तीसरी वजह में कहा कि पार्टी की भलाई के लिए अपना नाम उम्मीदवार के तौर पर वापस ले लिया, ताकि ये सीटें अन्य सीनियर सदस्यों को दी जा सकें। लेकिन सभी ऑब्जर्वर और स्थानीय नेताओं को नजरअंदाज करते हुए नॉर्थ वेस्ट दिल्ली और नॉर्थ ईस्ट दिल्ली की सीटें ऐसे दो उम्मीदवारों को दी गईं, जो दिल्ली कांग्रेस और पार्टी की नीतियों से पूरी तरह अनजान थे। उन्होंने आलाकमान पर सवाल उठाते हुए आगे लिखा कि तीन में से दो ऐसे कैंडिडेट्स दिए जिनके बारे में दिल्ली कांग्रेस से चर्चा तक नहीं की गई।

**उम्मीदवारों के चयन और 'आप' से गठबंधन थी नाराजगी की मुख्य वजहें**

लवली के इस्तीफे पर कांग्रेस नेता अभिषेक दत्त ने कहा कि बहुत दुख होता है यह देखकर कि एक सीनियर नेता जिसे कांग्रेस ने सब कुछ दिया, वो चुनाव से कुछ दिन पहले इस्तीफा दे देते हैं। आप के साथ गठबंधन की पहल उन्होंने की थी। अगर वो खिलाफ थे तो फिर टिकट क्यों मांग रहे थे। नाराजगी थी तो पार्टी में अपनी बात रखते। सीधा पब्लिक फोरम में एक लेटर लेकर आना और यह कहना, कांग्रेस की छवि खराब की मंशा लग रही है।

### अध्यक्ष पद छोड़ा है, पार्टी नहीं: लवली

लवली ने कहा कि सिद्धांतों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पीड़ा को देखते हुए मैंने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। मैं तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दिल से धन्यवाद करता हूं। रविवार सुबह से तकरीबन 30 से 35 पूर्व MLA मुझसे मिलकर गए हैं। आप नेता सौरभ भारद्वाज के ट्वीट (बीजेपी पूर्वी दिल्ली का उम्मीदवार बदल रही है?) पर उन्होंने कहा कि उनके शुभकामनाओं का धन्यवाद। मुझे लग रहा है कि बाकी पार्टी के स्तर पर सौरभ ही फैसला ले रहे हैं। मैं फिर साफ कर देता हूं कि मैंने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है न कि पार्टी से।

### काम रुकेगा नहीं, ठप नहीं होगा: बाबरिया

**लवली के** इस्तीफे पर बाबरिया ने कहा कि उनके इस्तीफे से चैलेंज थोड़ा बढ़ जाएगा लेकिन काम रुकेगा नहीं, ठप नहीं होगा। वहीं, लवली के लगाए आरोप पर बाबरिया ने कहा कि मैं उनके आरोप को स्वीकार करता हूं। जिन लोगों को प्रमोट नहीं करना चाहिए वो प्रमोट हो रहे हैं और उसकी वजह से पार्टी के अन्य कार्यकर्ता प्रभावित हो रहे हैं। इंचार्ज के तौर पर इसे रोकना मेरा कर्तव्य है। प्रत्याशी के मामले पर बाबरिया ने कहा कि कोई बाहरी और घर का नहीं होता है। पूरे देश और राज्य के अनुसार जो सबसे उपयुक्त होता है, उसका चयन आलाकमान और पार्टी करती है। उसे डिसिप्लिन के साथ स्वीकार करना कार्यकर्ताओं का कर्तव्य बनता है।

PTI



रविवार की सुबह इस्तीफे की चिट्ठी ने साफ कर दिया कि अरविंदर सिंह लवली पार्टी से नाराज थे

### NBT Lens
समझिए खबरों के अंदर की बात

### कितनी मुश्किल होगी आगे की राह?

वोटिंग में एक महीने से भी कम का समय रह गया है। ऐसे समय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का इस्तीफा न केवल कांग्रेस, बल्कि पूरे इंडिया गठबंधन के लिए भी एक बड़ा झटका जरूर है। लवली के इस कदम से न केवल कांग्रेस की, बल्कि इंडिया गठबंधन की भी आगे की राह थोड़ी मुश्किल हो सकती है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व किसी नए व्यक्ति को प्रदेश अध्यक्ष तो नियुक्त कर देगा, लेकिन प्रदेश की बाकी टीम तो पुरानी ही है। ऐसे में पुरानी टीम के लोगों का विश्वास और सहयोग मिल पाएगा, यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है। खासकर ऐसे समय में, जब पार्टी में इतनी उठापटक चल रही है और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरा हुआ है। इस घटना ने कांग्रेस पार्टी में क्राइसिस मैनेजमेंट की खामियों और शीर्ष नेताओं के बीच आपसी मनमुटाव को भी उजागर कर दिया है। उत्तर-पूर्वी और उत्तर-पश्चिमी दिल्ली में कांग्रेस ने जिन उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है, उन्हें अगर जमीनी स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं का समर्थन नहीं मिला, तो इसका खामियाजा गठबंधन की सहयोगी आप को भी उठाना पड़ सकता है।

# 19 की बैठक के बाद बंट गई थी कांग्रेस

## कन्हैया और उदित की उम्मीदवारी के लिए बुलाई गई बैठकों में हुई थी तीखी बहस

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**जिन दो** बाहरी उम्मीदवारों का जिक्र लवली ने अपने इस्तीफे की चिट्ठी में की है, उन बाहरी उम्मीदवारों के साथ बैठक के दौरान ही इन नेताओं के बीच तकरार इस कदर हुआ कि मामला प्रदेश अध्यक्ष के इस्तीफे तक पहुंच गया। कन्हैया कुमार के लिए बुलाई गई बैठक में संदीप दीक्षित का कन्हैया और दीपक बाबरिया के साथ तीखी बहस हुई थी तो उदित राज के साथ बैठक में राजकुमार चौहान और प्रदेश इंचार्ज के बीच तकरार ने मामला इतना बढ़ा दिया कि प्रदेश कांग्रेस के नेता अलग-अलग गुट में बंट गए और पार्टी के भीतर उठा पटक शुरू हो गई। रही सही कसर उन सीनियर नेताओं ने पूरी कर दी, जो इस खाई को भरने के लिए कोई खास पहल तक नहीं कर सके।

दरअसल, कन्हैया कुमार को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद से ही पार्टी के भीतर विरोध की चिंगारी जलने लगी थी। इस चिंगारी को बुझाने की एक कोशिश प्रदेश इंचार्ज दीपक बाबरिया ने की और प्रदेश कांग्रेस ऑफिस में 19 अप्रैल को बैठक बुलाई, जिसमें नॉर्थ ईस्ट के कई सीनियर नेता शामिल हुए थे। लेकिन इस बैठक में संदीप दीक्षित का पहले कन्हैया कुमार के साथ बहस हुई और बाद में दीपक बाबरिया से भी टकराव हुआ। बैठक बिना नतीजा समाप्त हुआ। सूत्रों की मानें तो बैठक में लवली काफी नाखुश नजर आ रहे थे। दूसरी बैठक दीपक बाबरिया ने अपने निवास पर बुलाई। इस बैठक का मकसद नॉर्थ ईस्ट उम्मीदवार डॉक्टर उदित राज के चुनाव अभियान में तालमेल के साथ काम करने की थी। लेकिन इस बैठक में राजकुमार चौहान के साथ बाबरिया की बहस हो गई। चौहान ने आरोप लगाया कि उन्हें इंचार्ज ने गेट आउट कहा। इस बैठक के बाद प्रेशर पॉलिटिक्स बढ़ गई और चौहान को अपना इस्तीफा देना पड़ा। इन दो प्रकरण से लवली नाराज हो गए।

**लवली ने पिछले कई दिनों से पार्टी ऑफिस तक आना जाना बंद कर दिया था**

सूत्रों का कहना है कि एक तो दोनों टिकट बाहरी लोगों को दिया गया, ऊपर से प्रदेश नेताओं को दरकिनार भी कर दिया गया, उनकी बात तक नहीं सुनी गई। इसके बाद अपने-अपने इलाके में इन दोनों नेताओं पर अपनी मनमानी करने का भी आरोप लगाया गया। पार्टी के सीनियर नेताओं का कहना है कि इलाके के नेता इस बात से नाराज चल रहे हैं कि उनका उम्मीदवार आप नेताओं से तो मिल रहे हैं, लेकिन उनके पास नहीं आ रहे हैं।

कन्हैया को लेकर भी यही बातें कही जा रही हैं। वो भी इलाके के नेताओं को तवज्जो नहीं दे रहे हैं। पहले से पार्टी आलाकमान के फैसले से नाखुश चल रहे लवली ने पिछले कई दिनों से पार्टी ऑफिस तक आना जाना बंद कर दिया था। सोशल मीडिया एक्स से भी दूरी बना ली थी। 23 अप्रैल के बाद न तो एक भी ट्वीट किया और न ही किसी को लाइक किया है।

### अगला प्रदेश अध्यक्ष कब तक और कौन

कई संभावनाओं पर विचार चल रहा है। सूत्रों की मानें तो फिलहाल डॉक्टर नरेंद्र नाथ को स्थिति संभालने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश इंचार्ज दीपक बाबरिया ने कहा कि सोमवार को नए प्रदेश अध्यक्ष मिल सकता है। ऐसी भी संभावना है कि फिलहाल वर्किंग प्रेजिडेंट बना दिया जाए।

### अब लवली और उनके ग्रुप का क्या होगा?

इतना तो साफ हो गया कि इस ग्रुप के अच्छे दिन बीत गए। संगठन में इन ग्रुप के नेताओं की वापसी संभव नहीं है। इस ग्रुप में कई ऐसे नेता हैं जिनका अभी भी कुछ न कुछ जमीन पर अस्तित्व बचा हुआ है और नाखुश नेताओं की संख्या भी कम नहीं है।

### बाबरिया के साथ आए उम्मीदवार उदित राज

उदित राज ने लिखा कि मैं पूरे विश्वास से कह सकता हूं कि राष्ट्रीय महासचिव और दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया के अनुशासनिक कदम से दिल्ली कांग्रेस जल्द ही अपने पुराने दौर में पहुंच जाएगी, अर्थात अच्छे दिन लौटेंगे। प्रदेश अध्यक्ष का इस्तीफा स्वीकार करके यह बता दिया गया कि पार्टी से बड़ा कोई नहीं है।

organic tattva
UNREFINED
COLD-PRESSED
CERTIFIED ORGANIC OILS
Shop Now
For Sales & Distribution Enquiries: salesmis@organictattva.com

# आप ने लगाया कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगाने का आरोप

Campaign



आतिशी ने कहा कि चुनाव आयोग बीजेपी का राजनीतिक हथियार बन चुका है

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**आम आदमी** पार्टी द्वारा लॉन्च किए गए लोकसभा चुनाव के कैंपेन सॉन्ग 'जेल का जवाब वोट से' के कुछ हिस्सों पर आपत्ति जताते हुए चुनाव आयोग ने इसके इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। आयोग ने गीत के कुछ शब्दों और विडियो फुटेज के कुछ हिस्सों को भड़काऊ और आपत्तिजनक बताते हुए उन्हें आचार संहिता का उल्लंघन माना है और इस आधार पर गीत के प्रसारण और इस्तेमाल की इजाजत देने से मना कर दिया है। आम आदमी पार्टी से कहा गया है कि आपत्तिजनक हिस्सों को हटाने के बाद ही इस गीत के इस्तेमाल की इजाजत मिलेगी। आयोग के इस फैसले से आम आदमी पार्टी भड़क गई है।

**EC ने गीत के कुछ शब्दों को आपत्तिजनक माना है**

पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए आतिशी ने कहा कि बीजेपी का राजनीतिक हथियार बन चुके चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगा दी है।

सिर्फ तानाशाह सरकारों में ही इस तरह से विपक्षी पार्टियों को प्रचार करने से रोका जाता है। आयोग को यह नहीं दिख रहा कि बीजेपी रोज किस तरह से आचार संहिता की धज्जियां उड़ा रही है, लेकिन हमारे कैंपेन सॉन्ग पर उन्हें आपत्ति है। मेरी चुनाव आयोग से अपील है कि वह बीजेपी द्वारा प्रतिदिन आचार संहिता की जो धज्जियां उड़ा रही है, उस पर भी जरा ध्यान दें। आतिशी ने कहा कि चुनाव प्रचार में यह कहना कि विपक्ष के नेताओं की झूठी गिरफ्तारियां हो रही हैं, इस पर चुनाव आयोग को आपत्ति है। बीजेपी की वाशिंग मशीन में धुलने के बाद कैसे एक-एक करके विपक्ष के कई नेताओं के केस बंद हो जाते हैं, यह बताए जाने पर चुनाव आयोग को आपत्ति है। पूरे कैंपेन सॉन्ग में कहीं पर भी बीजेपी का नाम नहीं है, लेकिन चुनाव आयोग को लगता है कि तानाशाही की बात करना सत्ता में बैठी पार्टी की आलोचना है।

### बैन नहीं, बदलाव करने को कहा: सूत्र

**दिल्ली** चुनाव आयोग कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, आम आदमी पार्टी के एक प्रचार गाने को बैन नहीं किया गया है, लेकिन पार्टी को कुछ बदलावों के साथ प्रस्ताव को फिर से प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। आयोग ने कहा कि गाने में कुछ फोटो और वाक्य 'अपमानजनक' हैं।

# AAP को उम्मीद: गठबंधन पर असर नहीं होगा, अब कांग्रेस के अगले कदम पर नज़र

Prashant.Soni@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफ के बाद दिल्ली में I.N.D.I.A. गठबंधन के भविष्य को लेकर कई तरह की अटकलें लगनी शुरू हो गई हैं। हालांकि, आम आदमी पार्टी के नेताओं को उम्मीद है कि इससे गठबंधन पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि साथ लड़ने का फैसला राष्ट्रीय स्तर के शीर्ष नेतृत्व ने लिया था।

हालांकि, चुनाव प्रचार पर इसका कितना असर पड़ेगा और वोटर इससे कितने प्रभावित या हतोत्साहित होंगे, इस बारे में कुछ भी कहना अभी जल्दबाजी होगी। यही वजह है कि आम आदमी पार्टी के नेता भी अभी इस मुद्दे पर ज्यादा कुछ बोलने से बच रहे हैं। इसे कांग्रेस का आंतरिक मामला बताते हुए वेट एंड वॉच मोड में चले गए हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा है कि अरविंदर सिंह लवली का इस्तीफा स्वीकार करने के बाद कांग्रेस नेतृत्व जिसे भी दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमिटी की कमान सौंपेगा, हम आगे उसके साथ तालमेल बनाकर काम करेंगे। फिलहाल, इस बारे में हमारा इतना ही कहना है कि यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है। आगे जो भी निर्णय लेना है, वो कांग्रेस पार्टी को लेना है। पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज ने भी कहा कि इस मुद्दे पर जो भी बोलना होगा, वो कांग्रेस नेतृत्व बोलेगा। हमारे ओर से इस पर कोई भी टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।

आम आदमी पार्टी के नेताओं की नजर अब इस बात पर है कि कांग्रेस इस स्थिति से कैसे निपटती है और आगे क्या कदम उठाती है। वैसे, जब से कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में मिलकर लोकसभा का चुनाव लड़ने की घोषणा की है, तभी से दोनों पार्टियों के राष्ट्रीय नेतृत्व और अन्य सीनियर लीडर्स के बीच कई बार बातचीत हुई है, लेकिन प्रदेश स्तर और जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच अभी तक कोई खास तालमेल बनता नहीं दिखाई दिया है।



गठबंधन होने के बाद से दोनों पार्टियों के बीच खास तालमेल नहीं हुआ है

# इस्तीफे ने बताया, I.N.D.I.A. गठबंधन में सिर्फ दल ही मिले, दिल नहीं : BJP

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**प्रदेश कांग्रेस** अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे ने कांग्रेस पार्टी के अंतर्कलह को उजागर करने के साथ-साथ दिल्ली में I.N.D.I.A. गठबंधन के भविष्य पर भी सवालिया निशान लगा दिया है।

दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि I.N.D.I.A. गठबंधन को लेकर बीजेपी शुरू से ही यह कहती आ रही है कि सिर्फ दल मिले हैं, दिल नहीं मिले हैं। आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली के इस्तीफे से यह बात सच साबित हो गई है। धीरे-धीरे ही सही, लेकिन बीजेपी का यह कथन सच साबित होता दिख रहा है कि 25 मई से पहले I.N.D.I.A. गठबंधन पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस गठबंधन को खत्म करने का कारण भी कांग्रेस ही है, जिसने कन्हैया कुमार और उदित राज जैसे लोगों को टिकट दिया। जो देश को तोड़ने और बहुसंख्यक समाज को गाली देने का काम करते हैं। हर वो व्यक्ति, जो भारत को विकसित देखना चाहता है, जो देश की तरक्की देखना चाहता है, वह कभी ऐसे गठबंधन का साथ नहीं देगा, जिसमें केजरीवाल जैसे भ्रष्टाचारी और कन्हैया कुमार जैसे राष्ट्र की एकता के विरोधी लोग मौजूद हों।

सचदेवा ने दावा किया कि अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे का संकेत उसी दिन मिल गया था, जब कांग्रेस नेता राजकुमार चौहान ने पत्र लिखा था। जिन लोगों ने भी अभी तक इस्तीफा दिया है, चाहे वह आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री राजकुमार आनंद हों, कांग्रेस नेता राजकुमार चौहान हों या फिर अब अरविंदर सिंह लवली हों, इनके द्वारा पार्टी नेतृत्व को लिखे गए पत्रों में भ्रष्टाचार और अरविंद केजरीवाल का रवैया ही मूल मुद्दा रहा है। इसके अलावा अब कन्हैया कुमार को टिकट देना भी प्रमुख कारण के रूप में सामने आ रहा है।



दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा

# बिना मंज़ूरी गीत कैसे लॉन्च किया: BJP

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**दिल्ली बीजेपी** के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि आम आदमी पार्टी के नेता पहले कानून का उल्लंघन करते हैं और जब किसी अधिकारी द्वारा आपत्ति जताई जाती है तो वे विक्टिम कार्ड खेलना शुरू कर देते हैं।

**आपत्ति होने पर वे विक्टिम कार्ड खेलना शुरू कर देते हैं: कपूर**

उन्होंने कहा कि कानून के अनुसार अभियान गीत या अभियान पुस्तिकाओं की सामग्री को लॉन्च करने से पहले दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से परमिशन लेनी होती है, लेकिन आप ने बगैर परमिशन लिए ही अभियान गीत लॉन्च कर दिया।

कपूर ने कहा है कि आप ने 25 अप्रैल 2024 को अपने अभियान की मंजूरी के लिए आवेदन किया और उसी दिन दोपहर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अनुमति लिए बगैर ही अपना चुनाव अभियान गीत लॉन्च कर दिया। अजीब बात यह है कि दिल्ली के मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा आपत्ति जताई गई थी, लेकिन आप नेता ने आपत्ति के लिए भारत के चुनाव आयोग पर दुर्भावनापूर्वक हमला किया।

# कन्हैया को लेकर आपस में भिड़ गए कांग्रेस के कार्यकर्ता

IANS



कन्हैया कुमार बाबरपुर रोड पर चुनावी ऑफिस पहुंचे थे, जहां एक मीटिंग हुई

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**नॉर्थ-ईस्ट** सीट से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार का विरोध करने रविवार को कई असंतुष्ट कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे। कन्हैया समर्थकों ने न केवल इन्हें खदेड़ दिया बल्कि उनके हाथों से पोस्टर्स और बैनर्स आदि भी छीन लिए। उन्होंने विरोध करने आए लोगों को बीजेपी का एजेंट करार दिया। इससे कुछ देर के लिए मौके पर अफरातफरी मच गई। जब हंगामा हुआ, तब तक कन्हैया यहां नहीं पहुंचे थे।

**जब हंगामा हुआ, तब तक कन्हैया यहां नहीं पहुंचे थे**

कन्हैया का विरोध करने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना था कि उन्हें इस सीट से विवादित और बाहरी सिलेब्रिटी उम्मीदवार स्वीकार नहीं है। उन्होंने कन्हैया वापस जाओ के नारे लगाए। कुछ ही देर में कन्हैया के समर्थक वहां पहुंच गए और कन्हैया के फेवर में नारे लगाते हुए असंतुष्ट कार्यकर्ताओं को वहां से भगा दिया। कुछ ही देर बाद कन्हैया बाबरपुर 100 रोड पर केनरा बैंक की बिल्डिंग में स्थित चुनावी ऑफिस पहुंचे।

उन्हें यहां सुबह 11 बजे पहुंचना था, लेकिन वह दोपहर दो बजे के पहुंचे। दुर्गापुरी साइट से जीप में सवार होकर वह कुछ चुनिंदा कार्यकर्ताओं के साथ ऑफिस पहुंचे। उनके यहां पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने उन पर गुलाब के फूलों की बरसात शुरू कर दी। जीप में ही उनका स्वागत करने के बाद उन्हें ऑफिस के अंदर ले जाया गया। ऑफिस के बेसमेंट में ही पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक चल रही थी। बेसमेंट में जगह कम होने से ऑफिस के बाहर भी कार्यकर्ताओं की भीड़ जमा थी। प्रोग्राम का हिस्सा बनने के लिए जिसे जहां जगह नजर आई वहां पर अपनी गाड़ी खड़ी कर दी, जिससे जाम लग गया।

# कल केजरीवाल से मिलने तिहाड़ पहुंचेंगे मान

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**पंजाब के** मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता भगवंत मान मंगलवार को एक बार फिर पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने तिहाड़ जेल जाएंगे। रविवार को पार्टी सूत्रों ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 30 अप्रैल की दोपहर में भगवंत मान तिहाड़ जेल पहुंचेंगे, जहां पिछली बार की तरह दोनों की मुलाकात होगी।

इससे पहले दोनों की मुलाकात 15 अप्रैल को हुई थी। इसी मुलाकात के बाद सीएम को जेल में इंसुलिन न दिए जाने का मुद्दा उठा था। सूत्रों के मुताबिक, केजरीवाल और मान की यह दूसरी मुलाकात भी कई मायनों में बेहद अहम होगी। इस बीच आम आदमी पार्टी ने दावा किया कि तिहाड़ जेल प्रशासन ने सोमवार को सीएम अरविंद केजरीवाल को अपनी पत्नी से मिलने की इजाजत रद्द की। सोमवार को सुनीता केजरीवाल अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करने के लिए तहाड़ जेल जाने वाली थीं। इसके लिए तय प्रक्रिया के अनुसार आवेदन भी किया गया था, लेकिन रविवार शाम पता चला कि मुलाकात रद्द कर दी गई है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि जेल प्रशासन ने सुनीता केजरीवाल की मुलाकात रद्द करने का अभी कोई कारण नहीं बताया है, लेकिन मुलाकात रद्द हो जाने की वजह से अब सुनीता केजरीवाल सोमवार को सीएम से नहीं मिल पाएंगी, जबकि जेल नियमों के मुताबिक एक बार में दो लोग जेल में केजरीवाल से मुलाकात कर सकते हैं।

जेल प्रशासन का कहना है कि सोमवार को आतिशी को सीएम से मुलाकात का समय दिया गया है, जबकि आम आदमी पार्टी का कहना है कि एक बार में दो लोगों को मिलने देने की इजाजत है, तो फिर सुनीता केजरीवाल की इजाजत रद्द क्यों की गई। अब मंगलवार को भगवंत मान से मुलाकात के बाद ही सुनीता केजरीवाल जेल में अपने पति से मिल पाएंगी।




# केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने की आम आदमी पार्टी ने फिर जताई उम्मीद

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**सोमवार को** सुप्रीम कोर्ट में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई होने से पहले आम आदमी पार्टी एक बार फिर केजरीवाल के बचाव में उतरी। रविवार को पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर पहले ही इस संबंध में अपना पक्ष स्पष्ट कर दिया है।

अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि इस समय जब देश में सबसे बड़े चुनाव हो रहे हैं, ऐसे में चुनाव आयोग द्वारा आचार संहिता की घोषणा करने के 5 दिन के अंदर उन्हें एक झूठे केस में गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि वह इस देश की एक मुख्य विपक्षी राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष हैं। सौरभ ने कहा कि हमें यकीन है कि इस देश में प्रजातंत्र को बचाने और चुनाव प्रणाली की रक्षा करने के लिए सुप्रीम कोर्ट अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार करने की अनुमति जरूर देगा।

सौरभ ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल को आम आदमी पार्टी और इंडिया गठबंधन के लिए प्रचार करने से रोकने का षड्यंत्र रचा गया और उसी के तहत उनकी गिरफ्तारी की गई। अगर अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर होते, तो न केवल आम आदमी पार्टी के लिए प्रचार करते बल्कि महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भी चुनाव प्रचार के लिए जाते, क्योंकि वह विपक्ष की सबसे मुखर आवाज हैं।



सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री को झूठे केस में अरेस्ट किया गया है

### नामांकन की तैयारियों पर चर्चा

■ **विस, नई दिल्ली:** दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने नॉर्थ वेस्ट जिले के अध्यक्ष सत्यनारायण गौतम के साथ जिले के विधानसभा, एमसीडी चुनाव लड़े प्रतिनिधियों, जिला और मंडल पदाधिकारियों के अलावा पन्ना और बूथ प्रमुखों से चुनाव तैयारियों पर चर्चा की। अध्यक्ष ने कहा कि नॉर्थ वेस्ट सीट की जनता को कांग्रेस के प्रत्याशी उदित राज को नकारना है, जो सामाजिक सद्भाव बिगाड़ रहे हैं। उन्होने कहा कि 29 अप्रैल की सुबह नॉर्थ वेस्ट दिल्ली के प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया नामांकन करने जाएंगे तो ऐसा विशाल समागम करना है कि यह विजय आशीर्वाद जुलूस लगना चाहिए।

# तिलक नगर से सुनीता ने निकाला दूसरा रोड शो

PTI



लोगों ने कई जगह सुनीता केजरीवाल का स्वागत फूल-मालाओं से स्वागत किया

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**मुख्यमंत्री अरविंद** केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रविवार को वेस्ट दिल्ली में दूसरा विशाल रोड शो किया। यहां भी उनके रोड शो में पार्टी समर्थकों की अच्छी खासी भीड़ जुटी। रोड शो को देखते हुए सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। यहां उन्होंने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी महाबल मिश्रा के समर्थन में रोड शो किया।

**महाबल मिश्रा को वोट देकर तानाशाही से बचाने की अपील की**

गाड़ी की सन रूफ से बाहर निकलकर सुनीता लोगों का अभिवादन करती नजर आईं। गाड़ी की छत पर बैठे महाबल मिश्रा भी लोगों के उत्साह को देखकर खुश नजर आए। तिलक नगर इलाके में माल रोड से शुरू हुए इस रोड शो के दौरान लोगों ने जगह-जगह सुनीता केजरीवाल का स्वागत फूल-मालाओं से स्वागत किया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कुछ समर्थक रोड शो में लोग गदा लेकर भी पहुंचे थे और सुनीता केजरीवाल को भेंट किया। इस दौरान गदा लेकर पहुंची एक महिला कार की बोनट पर सवार होकर सुनीता का स्वागत करती दिखीं। उनका कहना था कि अरविंद केजरीवाल भगवान हनुमान के भक्त हैं। गदा हनुमान जी की पहचान और शक्ति का प्रतीक है और दिल्ली की महिला शक्ति अरविंद केजरीवाल साथ खड़ी है। लोग जगह-जगह रुक कर 'जेल का जवाब वोट से देंगे' का नारा लगाते दिखे। सुनीता केजरीवाल ने लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने 25 मई को आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी महाबल मिश्रा को वोट देकर देश को तानाशाही की ओर जाने से बचाने की अपील की।

# महिला की सरेराह हत्या, आरोपी पति को पब्लिक ने पकड़ा

## भारत नगर में वारदात, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, लोगों ने महिला को बचाने की कोशिश की थी

■ विशेष संवाददाता, भारत नगर



**नॉर्थ वेस्ट** जिले के भारत नगर इलाके में शनिवार शाम एक 28 वर्षीय महिला की सरेराह चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। आरोप पति पर है। जो वारदात को अंजाम देकर फरार हो रहा था। पब्लिक ने उसका पीछा कर पकड़ लिया। पुलिस के हवाले कर दिया। वारदात के दौरान महिला को वहां से गुजर रहे लोगों ने बचाने की कोशिश भी की। मगर महिला के सीने, गर्दन और सिर पर आरोपी चाकू से ताबड़तोड़ वार करता रहा। लोकल पुलिस और पब्लिक खून से लथपथ महिला को पास के दीपचंद बंधु अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इसके पास से खून से सना चाकू भी बरामद कर लिया। पुलिस का दावा है कि अभी तक की जांच में घटना की वजह के तौर पर घरेलू कारण सामने आए हैं। बाकी दूसरे एंगल पर भी तफ्तीश चल रही है। घटना के संबंध में पुलिस ने दो सीसीटीवी भी रिकवर किए हैं।

पुलिस अफसर के मुताबिक, शनिवार की शाम करीब सात बजे भारत नगर पुलिस को चाकू से हमला करने की कॉल मिली थी। मृतक महिला की पहचान 28 वर्षीय अफसाना के तौर पर हुई। इन दिनों वह बुनकर कॉलोनी में अपने मायके में रह रही थीं। आरोपी पति का नाम जावेद है। पुलिस को परिजनों ने बताया कि अफसाना की शादी छह साल पहले जहांगीरपुरी के डी-ब्लॉक निवासी जावेद के साथ हुई थी। इनके दो बच्चे हैं। जिनमें 5 साल का बेटा और डेढ़ साल की बेटी है। जावेद सिलाई का काम करता है। शराब पीने का आदी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, निजी कारणों को लेकर पति-पत्नी में विवाद चल रहा था। जिसको लेकर जनवरी से अफसाना बच्चों के साथ बुनकर कॉलोनी में अपने मायके में रह रही थी। जावेद उसे कॉल कर वापस आने को कहता था। परिवार का दावा है कि उसके बर्ताव से तंग आकर अफसाना ने मना कर दिया। इसको लेकर वह गुस्से में था। शनिवार की शाम जब अफसाना अपने बच्चों और छोटी बहन के साथ बाजार से घर लौट रही थीं, इस दौरान बीच सड़क पर ही उसने चाकू से हमला कर दिया।




# जगुआर कार की टक्कर में 3 घायल, हालत चिंताजनक

■ एनबीटी न्यूज, दिल्ली कैंट



**साउथ वेस्ट** डिस्ट्रिक्ट के दिल्ली कैंट के धौलाकुआं इलाके में रविवार तड़के एक तेज रफ्तार जगुआर कार ने डिवाइडर तोड़ते हुए सड़क की दूसरी तरफ एक के बाद एक दो कैब में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों कार के परखच्चे उड़ गए। घटना में एक कैब का ड्राइवर और उसमें बैठी दो सवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, दूसरी कैब के चालक को मामूली चोट आई। घटना को अंजाम देने के बाद कार चला रहा बीबीए थर्ड ईयर का स्टूडेंट अपनी दोस्त के साथ मौके से फरार हो गया। खबर मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एम्स में भर्ती कराया है, जहां तीनों बयान देने की हालत में नहीं हैं। दिल्ली कैंट थाना पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने का केस दर्ज कर आरोपी स्टूडेंट को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी स्टूडेंट की पहचान कोहाट एनक्लेव निवासी सौरव (23) के रूप में हुई है। जांच में पता चला कि आरोपी सौरव साउथ दिल्ली से पार्टी करके अपनी दोस्त के साथ घर जा रहा था। घायलों की पहचान कैब ड्राइवर शकरपुर निवासी हरजीत सिंह, उनकी कैब में बैठी सवारी भोलू और संभव और दूसरे कैब ड्राइवर की पहचान इंदिरापुरम, गाजियाबाद यूपी निवासी सतीश कुमार शर्मा के रूप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक, रविवार तड़के 4.55 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि धौलाकुआं सबवे के पास तीन गाड़ियों का एक्सिडेंट हो गया है। खबर मिलते ही एसएचओ विपिन कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल में देखा एक जगुआर कार समेत तीन कार क्षतिग्रस्त हालत में हैं। जांच करने पर पता चला कि घटना के समय जगुआर कार काफी तेज रफ्तार में थी और वह डिवाइडर से टकराकर हवा में उछलते हुए दूसरी तरफ सड़क पर आ गई। इस बीच जगुआर ने सामने से आ रहे हरजीत की कार में सबसे पहले जोरदार टक्कर मारी, उसके बाद स्विफ्ट कार से टकरा मारी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी सौरव अपनी दोस्त के साथ मौके से फरार हो गया। घटना में हरजीत और उनकी कैब में बैठे भोलू और संभव गंभीर रूप से घायल हो गए।

**हादसा**

- टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों कार के परखच्चे उड़ गए
- कैब ड्राइवर और उसमें बैठी दो सवारी गंभीर रूप से घायल हो गए
- घटना के बाद आरोपी अपनी दोस्त संग फरार हो गया

**तीनों कारों को ज़ब्त किया**

पुलिस ने तीनों कारों को जब्त किया। इधर जगुआर कार के नंबर के जरिए पता चला कि कार कोहाट एनक्लेव निवासी सुशील पाहवा की है। पुलिस सौरव के घर पहुंची। पूछताछ में सुशील पाहवा ने बताया कि घटना के समय उनका बेटा सौरव कार चला रहा था। पुलिस ने सौरव को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने अपना अपराध स्वीकार किया। पूछताछ में सौरव ने बताया कि वह रोहिणी स्थित एक कॉलेज में बीबीए थर्ड ईयर का स्टूडेंट है। रात में वह साउथ दिल्ली में अपनी दोस्त के साथ एक पार्टी में गया था। दोस्त एक निजी कंपनी में काम करती है। घटना के समय वह उसे छोड़ने के लिए नारायणा की ओर जा रहा था। गाड़ी की रफ्तार तेज होने के कारण वह संतुलन खो बैठा।

# स्टेडियम सुपरवाइज़र (supervisor) को घसीट-घसीट कर पीटा

■ एनबीटी न्यूज, नई दिल्ली

**कर्तव्य पथ** स्थित ध्यानचंद स्टेडियम में तैनात एक सुपरवाइजर को कुछ लोगों ने स्टेडियम के अंदर करीब 200 मीटर तक घसीटा और उनकी बुरी तरह से पिटाई की। घायल सुपरवाइजर को आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी शिकायत पर कर्तव्य पथ पुलिस मारपीट समेत कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक, पीड़ित मो.नौशाद(44) अपने परिवार के साथ बटला हाउस, जामिया नगर इलाके में रहते है। नौशाद एक सिक्योरिटी सर्विस कंपनी में सुपरवाइजर हैं। उनका आरोप है कि 26/27 अप्रैल की रात उनकी ड्यूटी मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में थी। उनका काम सिक्योरिटी को चेक करना है। रात करीब एक बजे गेट नंबर 7 पर तैनात सुरक्षा गार्ड तानसु कुमार का फोन आया और उसने बताया कि एक महिला और तीन लोग उसके साथ और दूसरे गार्ड विश्वजीत के साथ गाली गलौज कर रहे हैं और कह रहे थे कि तुम्हारे सुपरवाइजर ने कल रात मेरे बेटे के साथ मारपीट की थी। तब मो.नौशाद गेट नंबर 7 पर पहुंचे। वहां पर मीठापुर एक्सटेंशन निवासी अनुज, पत्नी सुनीता दास, बेटा साहिल और उनका एक जानकार बाबू सुदर्शन मौजूद थे। जैसे ही नौशाद वहां पर पहुंचे, चारों उनके साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान अनुज ने किसी नुकीले चीज से उनके सिर पर हमला किया। वह जान बचाने के लिए स्टेडियम के अंदर भागे तो आरोपी उन्हें घसीटते हुए 200 मीटर तक अंदर ले गए और मारपीट की। गेट बंद न हो सके, इसलिए गेट के बीच में ही अपनी कार खड़ी कर दी। फिर चारों मारपीट के बाद कार में बैठकर फरार हो गए। उनके जाने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। घायल को आरएमएल में भर्ती कराया।

**कर्तव्य पथ पुलिस ने मारपीट समेत कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है**



# लाइब्रेरी में पांचवीं की स्टूडेंट हुई ज़ख्मी

■ **विस, नई दिल्ली:** लाइब्रेरी में काम करते समय पांचवीं क्लास में पढ़ने वाले बच्ची गंभीर रूप से जख्मी हो गई। बच्ची की नाक और चेहरे पर एक दर्जन से अधिक टांके आए है। स्कूल प्रशासन ने मामले को दबाने के लिए बच्ची को सरकारी हॉस्पिटल ले जाने की बजाय उसका प्राइवेट में इलाज कराया। इतना ही नहीं, बच्ची के पैरेंट्स को उसके इलाज से संबंधित कागजात भी नहीं दिए गए। मामला एमसीडी के नरेला जोन के तहत आने वाले स्कूल का है। पीड़ित बच्ची और उसके पैरेंट्स का कहना है कि 20 अप्रैल को स्कूल का चपरासी यह कहकर बच्ची को क्लास से बुलाने आया था कि उसे प्रिंसिपिल बुला रही हैं। जब वह प्रिंसिपिल के पास गई तो बच्ची को लाइब्रेरी में काम करने के लिए कहा गया। अलमारी खिसकाते समय अलमारी का शीशा टूटकर बच्ची के ऊपर गिर गया।

**नाक और चेहरे पर एक दर्जन से अधिक टांके आए हैं**

ADMISSION NOTICE
AMITY INSTITUTE OF TECHNOLOGY
A JOINT INITIATIVE WITH
TATA TECHNOLOGIES
INDUSTRY PARTNER

A UNIQUE PARTNERSHIP SINCE 8 YEARS
BETWEEN
TATA AND AMITY TO NURTURE INDUSTRY READY PROFESSIONALS

PROGRAMMES AFTER 10+2
• B.Tech. - Automobile Engg.
• B.Tech. - Aeronautical Engg.
• Integrated B.Tech. (Automobile Engg.)-M.Tech. (Electric Vehicle Technology)

PROGRAMMES AFTER GRADUATION
• M.Tech. (Electric Vehicle Technology)
• M.Tech. (Electric Vehicle Technology) For Working Professionals

AMITY - TATA TECHNOLOGIES EDGE
Expert engineers from Tata Technologies impart hands-on training
Industry-oriented curriculum, designed by Tata Technologies
Highly advanced labs offering factory-simulated environment with state-of-the-art machines and Tata Technologies proprietary software
Technology Competency Centre with Virtual Tools and CAD, CAM & CAE software used by industries worldwide
Virtual Reality Centre with Flight Simulator and Aircraft Landing Gear
Placements in Tata Technologies, Tata Motors, Maruti Suzuki, Hyundai, Honda, Nissan, Renault, United Airlines, Indigo...



AMITY UNIVERSITY
To apply visit www.amity.edu/noida
Amity University, Sec-125, Noida
Call: 0120-2445252, 98-103-18691
www.amity.edu/ait

# नवविवाहिता का फंदे से लटका मिला शव

■ **विस, अमन विहार:** बिपाशा नाम की एक नवविवाहिता की शनिवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। शव ससुराल में फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलने पर अमन विहार थाने की पुलिस पहुंची और शव को मोर्चरी भेज दिया। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए रविवार को संजय गांधी अस्पताल के पास सड़क जाम कर हंगामा किया। पुलिस ने मायके वालों को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई का भरोसा देकर समझाया बुझाया। पुलिस आरोपों के आधार पर आगे की जांच कर रही है।

**ससुराल वालों पर हत्या का लगाया आरोप**

# प्राइवेट कंपनी में FD महिला को पड़ा भारी

■ **एनबीटी न्यूज, उत्तम नगर:** द्वारका डिस्ट्रिक्ट के उत्तम नगर इलाके में एक प्राइवेट कंपनी से एफडी करवाना एक महिला को भारी पड़ गया। पीड़िता का आरोप है कि महिला एजेंट के द्वारा उन्होंने रुपये जमा करवाए थे, लेकिन कंपनी रुपये लेकर भाग गई। इधर जब पीड़िता एजेंट महिला से रुपये लेने उसके घर गई तो पता चला कि वह भी मकान बेचकर फरार हो गई है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी महिला की तलाश कर रही है।

**महिला एजेंट के द्वारा रुपये जमा करवाए थे**

# आतिशबाजी के सामान से हुआ था ब्लास्ट

■ **विस, अमन विहार:** इलाके में शनिवार दोपहर एक जोरदार धमाके से आसपास के लोग दहशत में आ गए थे। घटना की जानकारी मिलने पर लोकल पुलिस पहुंची। दमकल विभाग को सूचना दी गई। शुरू में मालूम चला कि एक सीएनजी किट वाली कार में धमाका हुआ था। मगर, बाद में हुई जांच के बाद पता चला कि पास ही एक बैंक्वेट हॉल है। वहां पर फंक्शन में आतिशबाजी के लिए यूज होने वाला सामान एक छोटे से कमरे में रखा था। जिससे संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक जोरदार धमाका हुआ। इससे आसपास खड़ी पांच कारें और एक बाइक चपेट में आ गई। धमाका इतना जबरदस्त था कि कमरा भी ढेर हो गया। हादसे के संबंध में रोहिणी जिला पुलिस छानबीन का दावा कर रही है। इस संबंध में अमन विहार पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# दिल्ली से चोरी कर बदायूं में बेचते थे गाड़ी

■ **विस, नई दिल्ली:** दिल्ली से लग्जरी गाड़ियां चोरी कर यूपी के बदायूं इलाके में ठिकाने लगाने वाले 'पाजी' गैंग के सरगना को क्राइम ब्रांच ने अलवर, राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 40 वर्षीय गुरबख्श सिंह उर्फ रिंकू के तौर पर हुई है। क्राइम ब्रांच का दावा है कि आरोपी अब तक गाड़ी चोरी के पचास से ज्यादा मामलों में शामिल रहा है। डीसीपी अमित गोयल के मुताबिक, एसीपी नरेश कुमार की टीम को इस आरोपी के अलवर में मौजूद होने की सूचना मिली थी।

# जामताड़ा से पुलिस ने शातिर ठग को दबोचा

■ एनबीटी न्यूज, नई दिल्ली

AI Image



**साउथ वेस्ट** डिस्ट्रिक्ट की साइबर थाना पुलिस ने झारखंड के जामताड़ा से एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रियाज अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से छह मोबाइल फोन, सिम कार्ड और बैंक से जुड़े अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ गृह मंत्रालय के पोर्टल पर एक दर्जन से ज्यादा शिकायतें दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

डीसीपी रोहित मीणा के अनुसार, 21 अक्टूबर 2023 को जेएनयू के प्रोफेसर उदयनाथ साहू ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि गूगल से कस्टमर केयर का नंबर लेकर उन्होंने फोन किया था जिसके बाद कस्टमर केयर प्रतिनिधि बनकर आरोपी ने एनीडेस्क एप्लीकेशन डाउनलोड करने के लिए कहा। पीड़ित ने ऐसा ही किया। इसके बाद आरोपी ने उन्हें फिशिंग लिंक पर अपनी शिकायत दर्ज करने के लिए कहा। इस लिंक पर अपनी जानकारी देने के बाद आरोपी ने पीड़ित के बैंक अकाउंट से करीब 7,32,510 रुपये निकाल लिए। पुलिस ने जांच के बाद केस दर्ज किया। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला कि ठगी की रकम चार अलग-अलग अकाउंट में गई है। सभी की जानकारी निकाली गई। गूगल पर मौजूद नंबर की तकनीकी जांच की गई। इस बीच पुलिस को पता चला कि जामताड़ा से वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस टीम ने छापा मारकर आरोपी को जामताड़ा से गिरफ्तार किया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने भाई मुख्तार के साथ मिलकर ठगी की वारदात को अंजाम देता था। दोनों भाई मिलकर गूगल पर फर्जी विज्ञापन देकर मदद करने के बहाने लोगों से ठगी करते थे।

**आरोपी पर एक दर्जन से ज्यादा शिकायतें दर्ज हैं**

# ATM के अंदर करते थे ठगी, तीन गिरफ्तार

■ एनबीटी न्यूज, नई दिल्ली




ATS की टीम ने तीनों को दबोचा

**एटीएम मशीन** से कार्ड रीडर डिवाइस निकालकर ठगी करने वाले और हौज खास इलाके में लोगों पर फायरिंग करने वाले तीन ठगों को एएटीएस की टीम ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से पिस्टल, तीन कारतूस, क्रेटा कार, एटीएम मशीन तोड़ने वाला उपकरण और तीन की पैड मोबाइल बरामद हुआ है। गिरफ्तार ठगों की पहचान विशाल नेगी, अमित मेहरा और विजय कुमार के तौर पर हुई है।

डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि 19 अप्रैल की शाम लगभग सात बजे गौतम नगर, हौज खास में एक एटीएम मशीन को तोड़ने की कोशिश और फायरिंग करने की पीसीआर कॉल मिली थी। मौके पर पहुंचने पर कॉलर ने बताया कि दो लोग एटीएम मशीन तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। जब कॉलर और कुछ लोगों ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की तो वह फायरिंग कर वहां से फरार हो गए। तब मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। उसमें तीन संदिग्ध दिखाई पड़े। फुटेज में दिखा कार का पता भी फर्जी था।

**हौज खास इलाके में फायरिंग भी की थी**

# प्रगति मैदान टनल में SI की सड़क हादसे में मौत

■ एनबीटी न्यूज,नई दिल्ली

Rajesh Mehta



बाइक फिसलने की है आशंका

**प्रगति मैदान** टनल में रविवार को बाइक पर जा रहे सब इंस्पेक्टर की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है पीएसआई एन. के. पवित्रन की बाइक फिसल गई। उन्हें गंभीर हालत में लेडी हार्डिंग अस्पताल में पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आशंका जताई जा रही है कि टनल में पानी फैला रहता है। ऐसे में बाइक फिसलने से उनकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस का कहना है कि वह सभी एंगल से मामले की जांच कर रहे है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, एन के पवित्रन 112 आशीर्वाद अपार्टमेंट आईपी एक्सटेंशन इलाके में रहते थे। वह पूर्वी जिले की क्राइम टीम में थे। रविवार को प्रगति मैदान टनल में उनके सड़क हादसे की सूचना मिली थी। सूचना के बाद मौके पर आईओ राहुल मौके पर पहुंचे और उन्हें लेडी हार्डिंग अस्पताल में भर्ती कराया। वहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह मूलरूप से केरल के रहने वाले थे। उनके बेटे और परिवार को हादसे के बारे में सूचना दे दी गई है। फिलहाल पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# नाबालिग को अगवा कर मांगी थी फिरौती, मामा-भांजी दोषी करार

■ **विस, कड़कड़डूमा कोर्ट:** अदालत ने 8वीं क्लास में पढ़ने वाले स्टूडेंट को अगवा कर 30 लाख रुपये की फिरौती मांगने से जुड़े मामले में मामा भांजी को दोषी करार दिया है। अडिशनल सेशन जज पंकज अरोड़ा की अदालत अगली सुनवाई पर दोषियों को सजा सुनाएगी।

AI Image



- 8वीं क्लास में पढ़ने वाले स्टूडेंट को किया था अगवा
- 4 फरवरी 2014 को मामले की शिकायत की गई थी
- अदालत अगली सुनवाई पर दोषियों को सजा सुनाएगी

भजनपुरा इलाके में रहने वाले राजेंद्र आहूजा ने 4 फरवरी 2014 को पुलिस में शिकायत दी थी कि आठवीं क्लास में पढ़ने वाला उनका बेटा नाबालिग बेटा घर से बाजार गया था, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा। लगातार कॉल करने के बाद उसने फोन भी नहीं उठाया। रात 9:40 बजे के करीब उनकी पत्नी ने कॉल किया तो किसी अनजान व्यक्ति ने फोन उठाते हुए कहा कि वह गुड़गांव से बोल रहा है। कॉल करने वाले शख्स ने 30 लाख रुपये की फिरौती मांगी। किडनैपर्स ने यह रकम 15-15 लाख की दो किस्तों में देने के लिए कहा। पुलिस ने फिरौती के लिए अपहरण की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बाद में किडनैपर्स ने परिवार से तीन लाख रुपये वसूलने के बाद बच्चे को छोड़ दिया। पुलिस ने मामले की तफ्तीश के दौरान सरोज और भारत कुमार राय को अरेस्ट कर लिया। रिश्ते में दोनों मामा भांजी लगते हैं। दोनों मधुबनी जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोप साबित करने के लिए बच्चे के पिता और पीड़ित बच्चे सहित 13 गवाहों को अदालत में पेश किया।

# राजस्थान से भागी नाबालिग को खोजा

■ **एनबीटी न्यूज, नई दिल्ली:** राजस्थान के दौसा गांव से अपने एक दोस्त के साथ भागी नाबालिग लड़की को साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की स्पेशल स्टाफ ने खोजा। दिल्ली पुलिस ने राजस्थान पुलिस को मामले की सूचना दी। आगे की जांच अब राजस्थान पुलिस कर रही है। डीसीपी रोहित मीणा के अनुसार राजस्थान पुलिस ने दिल्ली पुलिस से मदद मांगी थी।

# मंदिर में महिला ने चुराई थी चेन, अरेस्ट

■ **एनबीटी न्यूज, नई दिल्ली:** वसंत गांव में मंदिर गई एक महिला के गले से करीब साढ़े 3 लाख रुपये की सोने की चेन चोरी करने वाली महिला को स्पेशल स्टाफ की टीम ने अरेस्ट किया है। उसके पास से चेन भी बरामद कर ली गई है।





### ध्रुवीकरण पर कहा

यह दिखाना ध्रुवीकरण नहीं है कि कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने के लिए असंवैधानिक रूप से कानून पारित किया है।

### साउथ में संभावना पर

दक्षिण भारत में BJP की संभावनाएं काफी अच्छी हैं। दक्षिण भारत के लोगों ने BJP के लिए जगह बनाने के लिए बहुत जोर लगा दिया है।



## लोकसभा चुनाव के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने कई मुद्दों पर की बात

# हम 400 का आंकड़ा पार करने की राह पर हैं : PM

**लोकसभा चुनाव के सात चरणों में से दो चरणों की वोटिंग हो चुकी है। अब तक हुई वोटिंग और चुनाव में छाए मुद्दों अनुच्छेद-370, राम मंदिर और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं सहित तमाम विषयों पर पीएम नरेंद्र मोदी ने दिवाकर, अखिलेश सिंह और सिद्धार्थ से बात की :**



Photos : Sanjeev Rastogi, ANI

**■ लोकसभा चुनाव की दो फेज की वोटिंग के बाद आपका क्या आकलन है? क्या आपको अब भी उम्मीद है कि 400 का आंकड़ा पार करेंगे?**

आदर्श आचार संहिता की घोषणा के बाद मैं अब तक 70 से ज्यादा रैलियां और रोड शो कर चुका हूं। मैं जहां भी गया हूं मुझे बेमिसाल प्यार, स्नेह और समर्थन मिला है। यह लोगों का समर्थन है जो हमें विश्वास दिलाता है कि हम 400 का आंकड़ा पार करने की राह पर हैं। लोगों ने देखा है कि हम क्या कर सकते हैं। हमारा मानना है कि लोग बेहतर कल चाहते हैं और वे जानते हैं कि BJP के लिए वोट का मतलब विकास के लिए वोट देना है। दो चरणों के मतदान के बाद विपक्ष हताश और निराश है। वह चुनाव से बाहर हो गया है। हम 400 सीटें जीतना चाहते हैं, क्योंकि इसका एक मुख्य कारण देश में SC, ST, OBC के अधिकारों की रक्षा करना है। हम प्रचंड बहुमत चाहते हैं ताकि उनका आरक्षण और अधिकार छीनकर अपने वोट बैंक को देने की विपक्ष की नापाक साजिशें नाकाम हो जाएं।

**■ जब आपने BJP के लिए 370 और NDA के लिए 400 सीटों का लक्ष्य रखा, तो क्या आपने ऐसा इसलिए किया क्योंकि आप चिंतित थे कि पार्टी कैडर और मतदाताओं में बेपरवाही आ सकती है? ऐसा लगता है कि आप मतदाताओं के लिए भी उतना ही लक्ष्य तय कर रहे हैं जितना अपने लिए। मगर, 'अबकी बार 400 पार' की पिच और BJP के लिए 370 सीटों का लक्ष्य रखने से भी कैडर में बेपरवाही का खतरा है। क्या आपने कभी सोचा था कि इससे पार्टी को नुकसान हो सकता है?**

पार्टी के नारे लोगों की भावनाओं को दर्शाते हैं। यह उनकी सामूहिक आवाज है, जो हमारी कोशिशों को पहचानते हैं और आगे भी बदलाव देखना चाहते हैं। 'अबकी बार, 400 पार' नारे की पैदाइश बहुत दिलचस्प और भावनात्मक है। आर्टिकल-370 हमारे लिए, हमारे कार्यकर्ताओं के लिए और भारत के लोगों के लिए एक बहुत ही भावनात्मक मुद्दा रहा है। ऐसा होने के लिए लोगों ने पीढ़ियों तक इंतजार किया है। अनुच्छेद-370 को रद्द करना दशकों से हमारे कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा की शक्ति रहा है। जब लोगों ने देखा कि हमारी

> **नेहरू जी के 10 साल बनाम हमारे 10 साल में देश कैसे आगे बढ़ा, इसकी तुलना करके विश्लेषण किया जाना चाहिए।**

सरकार ने ऐसा किया, तो वे बहुत भावुक हो गए और लोगों के मन में यह भावना थी कि हमें उस पार्टी को 370 सीटें देनी चाहिए जिसने आर्टिकल-370 को हटा दिया। NDA के लिए नारा 'अबकी बार, 400 पार' जनता के बीच से निकला है। यह एक स्वाभाविक और पहले कभी नहीं देखी गई घटना थी जहां लोग खुद हमारी जीत के लिए लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं। एक कार्यकर्ता के रूप में मैं प्रमाणित कर सकता हूं कि BJP के भीतर कोई बेपरवाही नहीं है। हमारी पार्टी के सभी टॉप नेता लगातार जनता के बीच मैदान में हैं। हमारे कार्यकर्ता पूरी कोशिश कर रहे हैं। कई जगहों पर आपको बूथों पर सिर्फ BJP कार्यकर्ता ही मिलेंगे। हम बड़ी संख्या में ऐसे लोगों को भी देख रहे हैं जो देश के प्रति भावुक हैं और शहरों के साथ-साथ गांवों में भी पार्टी के लिए वॉलंटियर बनने के लिए समय निकाल रहे हैं। समाज के इस तरह के समर्थन से हमें काफी मदद मिल रही है। एक नई घटना देखी जा रही है कि लाभार्थी न केवल बड़ी संख्या में हमारे लिए मतदान कर रहे हैं, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

**■ आप दक्षिण भारत में अपनी संभावनाओं को किस तरह देखते हैं? आपने तमिलनाडु और केरल में जोर लगाया है।**

दक्षिण भारत में BJP की संभावनाएं काफी अच्छी हैं। मैंने जोर नहीं लगाया है। दक्षिण भारत के लोगों ने BJP के लिए जगह बनाने के लिए बहुत जोर लगा दिया है। आप दक्षिण में जहां भी जाएं, लोगों ने हमें अभूतपूर्व स्नेह दिया है। हमें अपना माना है। दक्षिण भारत में लोगों ने कांग्रेस या क्षेत्रीय पार्टियों की ही सरकारें देखी हैं। उन्होंने देखा है कि कैसे इन पार्टियों ने केवल भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, कुशासन, बांटने और वोट-बैंक की राजनीति के साथ गवर्नेंस को बहुत ही पीछे ले जाने वाले दृष्टिकोण को कायम रखा है। लोगों ने भारतीय

> **जिन लोगों ने संविधान को सबसे अधिक बार बदला है, वे कह रहे हैं कि हम संविधान को बदल देंगे। ऐसा प्रश्न पूछने से पहले आपको मेरे ट्रैक रेकॉर्ड का विश्लेषण करना चाहिए।**

संस्कृति और विरासत को लेकर उनकी नफरत भी देखी है। इन्हीं कारणों से जनता कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों से ऊब चुकी है। दूसरी ओर, लोगों ने केंद्र में हमारे शासन को देखा है और हमारी कल्याणकारी योजनाओं का उन तक पहुंचने वाले प्रभाव को भी देखा है। उन्हें BJP में उम्मीद की किरण नजर आ रही है। वे BJP को एक विश्वसनीय विकल्प के तौर पर देख रहे हैं। 2019 में BJP दक्षिण भारत में सबसे बड़ी पार्टी थी और इस बार भी भारी अंतर से सबसे बड़ी पार्टी होगी। दक्षिण भारत के चुनाव के नतीजों से इस बार कई मिथक टूटेंगे। लोगों के मन में हमारी स्वीकार्यता पहले ही बढ़ चुकी है और आप देखेंगे कि हमारा वोट शेयर बढ़ेगा। साथ ही हमारी सीटें भी बड़ी तादाद में बढ़ेंगी।

**■ पिछली बार BJP ने कर्नाटक में जीत हासिल की थी लेकिन विधानसभा चुनाव में उसे बड़ा झटका लगा। चर्चा है कि राज्य में आपकी संख्या कम हो जाएगी। आपकी क्या राय है?**

यह बात हम हर चुनाव में सुनते आए हैं। जो लोग हमारी संख्या कम होने की बात कर रहे हैं वे खुद 50 सीटों पर सिमट गए हैं। कर्नाटक की जनता और BJP का खास रिश्ता है। 2019 में BJP के समर्थन में काफी इजाफा हुआ। इस बार मजबूत आर्थिक विकास, मजबूत राष्ट्रीय सुरक्षा और मजबूत कल्याण कार्यक्रम देने का हमारा 10 साल का रेकॉर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि NDA कर्नाटक में सभी 28 सीटें जीतेगा। NDA में JDS के शामिल होने से गठबंधन और मजबूत

> **10 वर्षों में हमने देश के विकास के लिए उड़ान भरने की खातिर एक ठोस नींव तैयार की है। इसलिए मैं कहता हूं कि आपने अब तक जो देखा है वह सिर्फ ट्रेलर है। बहुत कुछ है जो मैं करना चाहता हूं।**

हुआ है। कांग्रेस नेता सीएम बनने की होड़ में लगे हैं, जबकि राज्य बदहाल है। कांग्रेस की राज्य सरकार ने वादे पूरे करने में कमियां की हैं, जिससे प्रदेश की जनता को धोखा मिला है। कानून-व्यवस्था के बुरे हाल से कर्नाटक की जनता तंग आ चुकी है। कर्नाटक के लोग राज्य में अहम इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्टों की रुकावट से तंग आ चुके हैं। बिजली की लंबी कटौती और पानी की कमी से परेशान हैं। वे राज्य चुनाव में कांग्रेस को अपना वोट देकर पछता रहे हैं। कर्नाटक की जनता एक बार फिर मोदी की आजमाई हुई गारंटी पर भरोसा करेगी।

**■ कर्नाटक और तेलंगाना विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत में उसकी गारंटी ने बड़ी भूमिका निभाई। क्या आपको लगता है कि 'मोदी की गारंटी' उन पर भारी पड़ सकती है?**

मेरे लिए गारंटी एक शब्द से काफी कुछ बढ़कर है। यह मेरे लिए बहुत पवित्र अभिव्यक्ति है। यह मेरी कड़ी मेहनत और मेरी विश्वसनीयता से जुड़ा है। लोगों की सेवा में मैंने जो जीवन बिताया, यह उसका परिणाम है। जब मैं गारंटी के बारे में बात करता हूं, तो यह मुझे लोगों के लिए और भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है। जब मैं अपनी गारंटी को इतना महत्व देता हूं तो स्वाभाविक रूप से लोगों को भी इसका अहसास होता है। लोग देखते हैं कि मोदी जो भी वादा करते हैं, उसे पूरा करते हैं, चाहे परिस्थिति कुछ भी हो। नल के पानी के कनेक्शन से लेकर राशन तक, गरीबों के लिए घर बनाने से लेकर एक्सप्रेस-वे तक मोदी लोगों को दी गई गारंटी को पूरा कर रहे हैं। मोदी की गारंटी में कोई किंतु-परंतु नहीं है। कांग्रेस पार्टी के लिए वादे लोगों का वोट हासिल करने के लिए बेवकूफ बनाने का एक तरीका मात्र है। उनके पास न तो विश्वसनीयता है और न ही वादे पूरे करने की मंशा। आजादी के बाद से उन्होंने कई गारंटी दी थी। देखिए उनके सबसे बड़े नेता की दी गई सबसे बड़ी गारंटी का क्या हुआ। कांग्रेस के सभी प्रधानमंत्रियों ने गरीबी हटाने की बात की थी, लेकिन दशकों तक कुछ नहीं हुआ। गरीब घर, शौचालय, पानी कनेक्शन जैसी बुनियादी जरूरतों के बिना रह रहे थे। भ्रष्टाचार बदस्तूर जारी रहा। जो देश भारत के आसपास ही आजाद हुए वे अपनी अर्थव्यवस्थाओं के मामले में हमसे बहुत आगे निकल गए। हमारे सत्ता में आने से पहले भारत को उन पांच देशों में से एक माना जाता था, जो विदेशी कर्ज के कारण बिखर सकते हैं। लोगों के लिए मोदी की गारंटी और कांग्रेस के टूटे वादों के बीच कोई तुलना नहीं है।

**■ कांग्रेस ने BJP पर कर्नाटक में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिश करने का आरोप लगाया है। BJP ने उन पर तुष्टीकरण का आरोप लगाया है। आप इसे कैसे देखते हैं?**

मीडिया को आरोपों को नहीं एक्शन को देखना चाहिए। देखिए कर्नाटक में क्या कुछ हुआ है। बम विस्फोट, एक बेटी की निर्मम हत्या, भजन-कीर्तन कर रहे लोगों पर हमला...बम

> **मेरे लिए गारंटी एक शब्द से काफी कुछ बढ़कर है। यह मेरे लिए बहुत पवित्र अभिव्यक्ति है। मेरी विश्वसनीयता से जुड़ा है।**

> **हम 400 सीटें जीतना चाहते हैं, क्योंकि इसका एक मुख्य कारण देश में SC, ST, OBC के अधिकारों की रक्षा करना है।**

धमाकों के दौरान राज्य सरकार ने लोगों को गुमराह करने की पूरी कोशिश की। बेटी की हत्या के मामले में मीडिया दिखा रहा है कि कैसे पिता न्याय मांगता फिर रहा है। वह कांग्रेस पार्टी से हैं, लेकिन फिर भी उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है। यह तुष्टीकरण नहीं तो क्या है? यह दिखाना ध्रुवीकरण नहीं है कि कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने के लिए असंवैधानिक रूप से कानून पारित किया है। हमारा संविधान स्पष्ट रूप से धर्म के आधार पर आरक्षण पर रोक लगाता है, लेकिन कर्नाटक में OBC को आरक्षण देने के लिए BJP की ओर से पारित कानून को कांग्रेस सरकार ने पलट दिया और सभी मुसलमानों को OBC के रूप में दिखाते करते हुए उन्हें आरक्षण दे दिया। यहां तक कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग जैसी संवैधानिक संस्था ने भी इसकी आलोचना करते हुए इसे सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ बताया है। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने हाल ही में कहा कि वह कर्नाटक कांग्रेस सरकार के इस कदम को लागू करेगी। इससे साबित होता है कि कांग्रेस देश भर में SC, ST और OBC को मिलने वाले आरक्षण को कम कर अल्पसंख्यकों को देना चाहती है। जिस पार्टी के प्रधानमंत्री ने कहा हो कि इस देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है उससे और क्या उम्मीद की जा सकती है?



**■ कर्नाटक और दूसरी जगहों पर आपके विरोधियों ने नॉर्थ-साउथ डिवाइड का मुद्दा उठाया है और दावा किया है कि केंद्र दक्षिणी राज्यों के साथ भेदभाव करता है। क्या आप इसमें सचाई देखते हैं?**

भेदभाव का झूठा हौव्वा खड़ा करना उनके भ्रष्टाचार और कुशासन से ध्यान भटकाने का तरीका है। कर्नाटक के लोग गर्व से जय भारत जननीय तनुजते, जय हे कर्नाटक माते (भारत माता की बेटी कर्नाटक तुम्हारी जय हो!) गाते हैं। क्या कांग्रेस को लगता है कि भारत को और विभाजित करने के उनके कदम को कर्नाटक की देशभक्त जनता स्वीकार करेगी? हर देशभक्त भारतीय इस कृत्रिम और झूठे विभाजन को अस्वीकार करेगा जिसे कांग्रेस पैदा करने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस ने लेफ्ट दलों के साथ मिलकर केरल को

> **वन नेशन, वन इलेक्शन यह सुनिश्चित करने जा रहा है कि एक राष्ट्र के रूप में हमारा समय, प्रयास और संसाधन राष्ट्र निर्माण की दिशा में अधिक उपयोगी रूप से खर्च हो। तीसरे कार्यकाल में इस मामले पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। समान नागरिक संहिता भी हमारी पार्टी के मुख्य अजेंडे में से एक है।**

लगभग दिवालिया बना दिया है। अब वह कर्नाटक और तेलंगाना में भी ऐसा ही करने की कोशिश कर रही है। कर्नाटक में कांग्रेस को सत्ता में आए अभी एक साल ही हुआ है और उन्होंने इसकी संपन्न अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। राज्य सरकार पर भारी कर्ज बढ़ गया है और उनके खोखले वादों से लोगों का कल्याण नहीं हुआ है। सच तो ये है कि उनके कुशासन ने निवेशकों को डरा दिया है और कर्नाटक से पूंजी का पलायन हुआ है। राज्य में पिछले वर्ष की तुलना में FDI में 46% और स्टार्टअप के लिए फंड में 80% की कमी आई है।

**■ अगर आपका आकलन सही साबित हुआ तो आप लगातार तीन जीत हासिल करने के पंडित नेहरू के रेकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। इस उपलब्धि पर आप क्या कहेंगे, क्योंकि आप दोनों की पृष्ठभूमि अलग-अलग है।**

सच कहूं तो इन रेकॉर्ड्स के बारे में मुझे नहीं पता। ऐसे ट्रेंड्स का विश्लेषण करना आपका काम है। मैं बस अपना काम करता रहता

> **हमारी सरकार बहुसंख्यकों को लाभ पहुंचाने के लिए नीतियां नहीं बनाती है। हम ऐसी नीतियां बनाते हैं, जो बिना किसी भेदभाव के हमारे देश और इसके 140 करोड़ नागरिकों को फायदा पहुंचाती हैं।**

हूं। अब आपने यह प्रश्न पूछा है, तो मैं आपसे इसका विश्लेषण करने का आग्रह करूंगा। आप उस समय के राजनीतिक परिदृश्य, विपक्षी दलों और उनके नेताओं को देख सकते हैं। आप लोगों के बीच उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता के स्तर के साथ-साथ उनकी शिक्षा के स्तर को भी देख सकते हैं। आप मीडिया की उपस्थिति देख सकते है। नेहरू जी के 10 साल बनाम हमारे 10 साल में देश कैसे आगे बढ़ा, इसकी तुलना करके विश्लेषण किया जाना चाहिए। हम एक बहुत ही महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं क्योंकि देश अगले 25 वर्षों के लिए एक रोडमैप तैयार कर रहा है और यह जनता को जागरूक करेगा।

**■ राहुल गांधी ने कहा है कि BJP 2004 के 'इंडिया शाइनिंग' की ओर बढ़ रही है, जब उसे करारी हार मिली थी। आप क्या कहेंगे? 2004 में BJP ने सहयोगियों को दूर कर दिया था, लेकिन इस बार उसने नए सहयोगियों को शामिल किया है।**

कांग्रेस पार्टी के युवराज घमंड के बारे में बात करने वाले आखिरी व्यक्ति होने चाहिए। मगर, यह सच है कि अब कांग्रेस पार्टी सिर्फ झटकों और आश्चर्यों पर निर्भर है। उनकी एकमात्र आशा यह है कि कोई चमत्कार होगा जो उन्हें चुनाव जिता देगा। यहां तक कि उनके सबसे अनुभवी और महत्वपूर्ण नेताओं ने भी हार मान ली है। चुनाव मौजूदा मुद्दों पर आधारित होते हैं, इसलिए चुनावों की तुलना करना सही नहीं है। 2024 में हमें न केवल नए सहयोगी मिले हैं, बल्कि जनता का अभूतपूर्व समर्थन भी मिला है, जो हमें शानदार जीत का विश्वास दिलाता है।

**■ संपत्तियों के नए सिरे से बंटवारे की जो मौजूदा आवाजें हैं, उन पर आपकी चिंता क्या है? आपने कहा है कि सरकार को लोगों की धन-संपत्ति पर कब्जा नहीं करना चाहिए और ऐसा करने की योजना माओवादी दृष्टिकोण दिखाता है, जिसने कई देशों में तबाही मचाई है। क्या आप इसे वास्तविक खतरे के रूप में देखते हैं?**

हमें कांग्रेस की इस भयावह योजना को एक बेकार धमकी की तरह नहीं मानना चाहिए। यह खतरा बहुत वास्तविक है और हमारे देश को इस कदर नुकसान पहुंचाने वाला है, जिसकी भरपाई नहीं हो सकेगी। यह माओवादी सोच और विचारधारा का स्पष्ट उदाहरण है। कांग्रेस और उसके युवराज को ऐसे माओवादी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए देखना दुखद है। यह विनाश की ओर ले जाएगा। आपने युवराज को यह कहते हुए देखा होगा कि हम एक्स-रे कराएंगे। यह एक्स-रे हर घर पर छापा मारने के अलावा और कुछ नहीं है। वे किसानों पर छापा मारकर देखेंगे कि उनके पास कितनी जमीन है। वे आम आदमी पर छापा मारकर देखेंगे कि उसने मेहनत से कितनी संपत्ति अर्जित की है। वे हमारे देश की महिलाओं के गहनों पर धावा बोल देंगे। हमारा संविधान सभी अल्पसंख्यकों की संपत्ति की रक्षा करता है। इसका मतलब यह है कि जब कांग्रेस नए सिरे से बंटवारे की बात करती है, तो वह अल्पसंख्यकों की संपत्तियों को नहीं छू सकती है। वह वक्फ की संपत्तियों पर विचार नहीं कर सकती है, लेकिन वह दूसरे सभी समुदायों की संपत्तियों पर नजर रखेगी। इससे सांप्रदायिक वैमनस्य पैदा होगा। यह ऐसी चीज है, जिसके लिए हमें बहुत सावधान रहना होगा। हम किसी को भी देश और उसके लोगों को नुकसान नहीं पहुंचाने दे सकते। चाहे उनके पास कोई भी कारण हो। हमारा राष्ट्र, हमारे प्रत्येक नागरिक का कल्याण हमारी पहली और सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारी सरकार बहुसंख्यकों को लाभ पहुंचाने के लिए नीतियां नहीं बनाती है। हम ऐसी नीतियां नहीं बनाते हैं जिससे अल्पसंख्यकों को लाभ हो। हम ऐसी नीतियां बनाते हैं, जो बिना किसी भेदभाव के हमारे देश और इसके 140 करोड़ नागरिकों को फायदा पहुंचाती हैं।

> **सुप्रीम कोर्ट ने EVM के मुद्दे को अच्छी तरह से खत्म कर दिया है। अदालत के फैसले ने EVM के महत्व और उसकी पारदर्शिता के बारे में विस्तार से बताया है।**

# 'विश्व मंच पर देश को बदनाम करने में लग जाता है विपक्ष'

**■ भारत की इकनॉमी जैसे-जैसे बढ़ रही है, समानता और असमानता के बारे में चर्चा होने लगती है। क्या आप सोचते हैं वेल्थ टैक्स और विरासत टैक्स इसका हल हैं?**

मुझे नहीं लगता कि वे किसी भी स्तर पर समाधान हैं। यह वास्तव में समाधान के रूप में छिपी हुई खतरनाक समस्याएं हैं। अगर सरकार संपत्ति के नए सिरे से बंटवारे के नाम पर आखिर में आपका पैसा छीन लेगी तो क्या आप दिन-रात काम करेंगे? आज हम 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनने के लिए सशक्त बना रहे हैं। ऐसी नीतियां यह सुनिश्चित करेंगी कि महिलाएं लखपति न बनें और उनकी आकांक्षाएं आगे न बढ़ें। अगर किसी ने मुद्रा लोन लिया है और वह आगे बढ़ रहा है तो उसकी तरक्की रुक जाएगी। हमारे रेहड़ी-पटरी वाले जो अब हमारी नीतियों के कारण बढ़ रहे हैं वे भी नहीं बढ़ पाएंगे। आज हम दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम हैं। ऐसी नीतियां आपके युवाओं की स्टार्ट-अप क्रांति को खत्म कर देंगी। यह नीति केवल उनके वोट-बैंक को खुश करने का एक तरीका है। अगर हम वास्तव में लोगों का विकास सुनिश्चित करना चाहते हैं, तो हमें बस उनकी बाधाओं को दूर करना होगा और उन्हें सशक्त बनाना होगा। यह उनकी उद्यमी बनने की क्षमता को उजागर करता है जैसा कि हमने अपने देश में टियर-2, टियर-3 शहरों में भी देखा है जो बहुत सारे स्टार्ट-अप और खेल के सितारों को जन्म दे रहे हैं। संपत्ति का नए सिरे से बंटवारा, वेल्थ टैक्स आदि कभी सफल नहीं होते

> **विपक्ष को सत्ता नहीं मिलने के कारण वह विश्व मंच पर भारत को बदनाम करने में लग जाता है। युवराज को चुनाव लड़ना पड़ रहा है और भारत के लोग उनसे प्रभावित नहीं हैं, इससे भारत कम लोकतांत्रिक नहीं हो जाता।**

क्योंकि वे कभी गरीबी दूर नहीं करते। वे तो बस इसे बांटते हैं ताकि हर कोई समान रूप से गरीब हो। गरीब तो गरीब ही बने रहते हैं और वेल्थ क्रिएशन रुक जाता है। गरीबी एकसमान हो जाती है। ये नीतियां कलह फैलाती हैं और समता के हर रास्ते को रोक देती हैं। ये नफरत पैदा करती हैं और देश के आर्थिक और सामाजिक ताने-बाने को भी अस्थिर करती हैं।

**■ 2019 में उज्ज्वला से लेकर पीएम आवास जैसी कल्याण योजनाएं पहली बार बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुंचीं। मतदाताओं ने योजनाओं का समर्थन किया और BJP को वोट दिया। इस बार योजनाएं उतनी नई या अनूठी नहीं हैं। क्या स्कीमों की डिलीवरी अब भी एक ऐसा फैक्टर होगी, जो मतदाता की पसंद को उसी तरह प्रभावित करेगी?**

> **ऐसे कई राजनेता हैं जिनके खिलाफ ED-CBI का कोई मामला नहीं है, वे भी कांग्रेस छोड़कर हमारे साथ आए हैं। ED द्वारा जांच किए गए भ्रष्टाचार के मामलों में से केवल 3% ही राजनेताओं से जुड़े हैं।**

अगर आप इस बारे में हमारे मैनिफेस्टो को ध्यान से देखेंगे तो पाएंगे कि हमने न केवल अपनी योजनाओं का विस्तार किया है, बल्कि गरीबों की आज की उम्मीदों के अनुसार उन्हें नया रूप भी दिया है। उदाहरण के लिए मुद्रा योजना को लें। हम इस योजना के माध्यम से उद्यमिता क्रांति लेकर आए और अब हम अपने उद्यमियों की आकांक्षाओं और जरूरतों को पूरा करने के लिए कर्ज की राशि को दोगुना कर देंगे। बिजली को लीजिए। हमने यह सुनिश्चित किया कि पहली बार 3 करोड़ से अधिक घरों और 18,000 गांवों तक बिजली पहुंचे। अब हम यह सुनिश्चित करने के लिए पीएम सूर्यघर फ्री बिजली योजना लेकर आए हैं कि लोगों को मुफ्त बिजली मिले। स्टार्ट-अप्स को लें। हम प्रोएक्टिव नीतियां लाए और सुनिश्चित किया कि स्टार्ट-अप को पूरा सपोर्ट मिले। अब हम भारत को स्टार्ट-अप हब बनाना चाहते हैं। आप देख सकते हैं कि निरंतरता है, क्योंकि जब हम सफल होते हैं तो हम अपनी दिशा नहीं बदलना चाहते हैं। हम योजनाओं के पैमाने और दायरे पर नए सिरे से इमेजिन कर रहे हैं। जो गरीब गरीबी से बाहर निकल रहे हैं, उन्हें वापस गरीबी में नहीं जाना चाहिए। यह दृष्टिकोण सुनिश्चित करेगा कि लोगों की आकांक्षाएं भी पूरी हों और विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में भी मदद मिलेगी। हमारे घोषणापत्र में वही बातें हैं जिन्हें हम हासिल कर सकते हैं। हम झूठे और ऐसे वादे करने में विश्वास नहीं करते जिन्हें हासिल नहीं किया जा सकता।

**■ राम मंदिर को छोड़कर इस बार कोई भावनात्मक मुद्दा नहीं है। क्या आपको लगता है कि लोग अपने जीवन और संभावनाओं में सुधार पर विचार करेंगे और जो वोट आपको मिलने की उम्मीद है वह सकारात्मक वोट है? काशी और मथुरा के मंदिरों से जुड़े मामले कोर्ट में हैं। क्या लंबी कानूनी प्रक्रिया का इंतजार करने के बजाय दोनों समुदायों के धार्मिक नेताओं के बीच चर्चा से इन मुद्दों को सुलझाया जा सकता है?**

हां, राम मंदिर हमारे देश के लोगों के लिए एक भावनात्मक मुद्दा है। यह 500 वर्षों की सभ्यता का संघर्ष है जिसे सुलझा लिया गया है और भारतीयों की कई पीढ़ियों की प्रार्थनाओं का फल मिल गया है। मगर, यह कहना गलत है कि कोई दूसरा भावनात्मक मुद्दा नहीं है। एक महिला को नल का पानी कनेक्शन, LPG कनेक्शन, शौचालय मिलना और लखपति दीदी बनना और बेहतर भविष्य के लिए सपने देखने की शक्ति हासिल करना उसके और उसके पूरे परिवार के लिए एक भावनात्मक पल है। एक युवा जिसे अपना व्यवसाय शुरू करने

> **हम पिछले 10 वर्षों में भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई में एक लंबा सफर तय कर चुके हैं और अब एक अहम बिंदु पर हैं।**

और अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए मुद्रा लोन मिलता है और वह अपने व्यवसाय को और आगे बढ़ाने की आकांक्षा रखता है, उसके लिए भी यह एक भावनात्मक क्षण है। एक किसान को सम्मान मिलना, एक पिता का आयुष्मान भारत योजना के कारण अपने बच्चे को सर्वोत्तम इलाज कराने में सक्षम होना, एक स्ट्रीट वेंडर का पीएम-स्वनिधि के कारण व्यवसाय बढ़ाना और पूरी तरह से UPI लेनदेन करना पूरे देश के लिए एक भावनात्मक क्षण है। जीवन स्तर में सुधार एक भावनात्मक मुद्दा है जो इस चुनाव में जोरदार तरीके से गूंज रहा है। देश के बड़ी संख्या में लोग पहली बार देख रहे हैं कि उनका भविष्य बेहतर हो सकता है और वे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। यह उनके लिए भावनात्मक मुद्दा है। जहां तक काशी और मथुरा का सवाल है मैं ज्यादा टिप्पणी नहीं करूंगा क्योंकि मामले अदालत में हैं। मगर, मैं आपको हमारी सांस्कृतिक विरासत को विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता के बारे में बताऊंगा। हमारा घोषणापत्र देश भर में सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने और भारत में सभी धर्मों के मंदिर और सांस्कृतिक स्थलों को तीर्थयात्रा और पर्यटन के लिए विश्वस्तरीय बनाने के बारे में बात करता है। हमारे मंदिर वाले शहरों में हो रहे बड़े पैमाने पर विकास से न केवल तीर्थयात्रियों को, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मदद मिलेगी।

**■ विपक्ष का एक वर्ग, जैसे INDI गठबंधन लगातार EVM की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। उन्होंने 2014 और फिर 2019 में छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। आप इस अभियान को कैसे देखते हैं?**

मुझे लगता है कि हमारे सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे को अच्छी तरह से खत्म कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला EVM के महत्व और पारदर्शिता के बारे में विस्तार से बताता है। विपक्ष हमेशा देश को बूथ कैप्चरिंग के युग की ओर ले जाना चाहता है जो केवल बैलट पेपर के जरिए ही संभव है। मुझे नहीं लगता कि जब EVM की बात आती है तो विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने कभी तर्कपूर्ण बात की होगी। उनके लिए EVM हमेशा हार के बाद सुविधाजनक बलि का बकरा रही है।

**■ विपक्ष अक्सर आरोप लगाता है कि लोकतंत्र को खतरा है। देश चुनावी निरंकुशता की ओर बढ़ रहा है। दुनिया के कई देशों में यह बात कही गई और लोगों ने इसे स्वीकार किया है। क्या आप इसे चुनौती के रूप में देखते हैं?**

विपक्ष को सत्ता नहीं मिलने के कारण वह विश्व मंच पर भारत को बदनाम करने में लग जाता है। वे हमारे लोगों, हमारे लोकतंत्र और हमारी संस्थाओं के बारे में अफवाहें फैलाते हैं। युवराज को चुनाव लड़ना पड़ रहा है और भारत के लोग उनसे प्रभावित नहीं हैं, इससे भारत कम लोकतांत्रिक नहीं हो जाता। मुझे नहीं लगता कि विदेशों में इस तरह के आरोपों को स्वीकार करने वाले ज्यादा लोग हैं। वे अपने देशों में सर्टिफिकेट की दुकानों के साथ नहीं है, वे वास्तविकता के साथ हैं। जब मैं विश्व नेताओं के साथ बातचीत करता हूं, तो मुझे हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया और हमारी संस्थाओं को लेकर सच्ची प्रशंसा दिखाई देती है। जब वे हमारी चुनावी प्रक्रिया के पैमाने और गति को गहराई से समझते हैं, तो वे हमारी कुशलता से आश्चर्यचकित रह जाते हैं।

**■ विपक्ष की ओर से सरकार पर राजनीतिक विरोधियों को परेशान करने के लिए जांच एजेंसियों ED और CBI का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है। यह भी आरोप है कि 'दागी' राजनेता BJP में शामिल होते ही पाक-साफ हो जाते हैं।**

मीडिया से मेरा अनुरोध है कि पहले इन आरोपों पर रिसर्च करें। लोग एक साथ कांग्रेस क्यों छोड़ रहे हैं, इस पर आत्मनिरीक्षण करने के बजाय वे इस तरह के बहाने दे रहे हैं। ऐसे कई राजनेता हैं जिनके खिलाफ ED/CBI का कोई मामला नहीं है, वो भी कांग्रेस छोड़कर हमारे साथ आए हैं। आपको बता दें कि एजेंसियों के मामलों का एक छोटा सा हिस्सा ही राजनीतिक हस्तियों से जुड़ा है। ED द्वारा जांच किए गए भ्रष्टाचार के मामलों में से केवल 3% राजनेताओं से जुड़े हैं। बाकी 97 फीसदी मामले अधिकारियों और अन्य अपराधियों से जुड़े हैं। उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। पिछले 11 वर्षों में CBI द्वारा की जा रही 10,622 मामलों की जांच में से केवल 1-1.5% मामलों में राजनेता शामिल हैं। यह राजनीति से प्रेरित कामकाज के दावे को खारिज करता है। एक और दिलचस्प तथ्य यह है कि 2014 से पहले ED ने केवल 5,000 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की थी। पिछले 10 वर्षों में यह राशि बढ़कर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कोई व्यक्ति किसी खास पार्टी में शामिल हो गया है, इसलिए चल रही जांच में से किसी को भी बंद नहीं किया गया है। करप्शन एक गंभीर समस्या है और हम इससे गंभीरता से निपट रहे हैं। हम पिछले 10 वर्षों में भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई में एक लंबा सफर तय कर चुके हैं और अब एक अहम बिंदु पर हैं। हमारी केंद्रीय एजेंसियों की जांच हाई-प्रोफाइल ब्यूक्रेट्स तक भी फैली हुई है, जिसके परिणामस्वरूप 16,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति की पहचान और कुर्की की गई है। ये संख्या आर्थिक अपराधों से निपटने में निष्पक्ष और प्रभावी होने के प्रति एजेंसियों के कमिटमेंट को दिखाती हैं।

**■ दिल्ली में हमारे सामने एक मौजूदा सीएम जेल में है। हालांकि कानून इस पर चुप है, लेकिन यह परंपरा से हटकर है। क्या आप इसे एक मिसाल बनते हुए देखते हैं?**

मुझे लगता है कि यह मीडिया की जिम्मेदारी है कि वह लोगों को इस मुद्दे पर पूरा परिदृश्य दिखाए कि दिल्ली के लोग कैसे पीड़ित हैं, अदालतों ने मामले में क्या कहा है। मैं आशावादी हूं कि यह एक मिसाल नहीं बनेगा। मुझे लगता है कि अन्य राजनेताओं में नैतिकता की इतनी कमी नहीं होगी और वे इस हद तक नहीं जाएंगे।

> **हमारे मंदिर वाले शहरों में हो रहे बड़े पैमाने पर विकास से न केवल तीर्थयात्रियों को, बल्कि स्थानीय तौर पर अर्थव्यवस्था को भी विकसित होने में मदद मिलेगी।**



**■ क्या 'वन नेशन, वन इलेक्शन' तीसरे कार्यकाल के लिए आपके कामों की लिस्ट में सबसे ऊपर होने जा रहा है? UCC के बारे में क्या कहना है? क्या केंद्र इस पर कुछ करेगा या इसे राज्यों पर छोड़ देगा?**

लंबे समय से सरकारें राष्ट्र की जरूरतों की जगह अगला चुनाव जीतने के लिए प्राथमिकता तय करती हैं। हर साल कोई न कोई चुनाव होता रहा है और अगला चुनाव जीतने के लिए प्राथमिकता तय होती है। भले ही इसका मतलब भारत के लोगों के दीर्घकालिक हितों से समझौता करना ही क्यों न हो। यह हमारे लिए चिंता का विषय है। 'वन नेशन, वन इलेक्शन' यह सुनिश्चित करने जा रहा है कि एक राष्ट्र के रूप में हमारा समय, प्रयास और संसाधन राष्ट्र निर्माण की दिशा में अधिक उपयोगी रूप से खर्च हो। भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक हाई लेवल कमिटी ने विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श और रिसर्च के बाद इस पर बनाई गई एक रिपोर्ट भारत के राष्ट्रपति को सौंप दी है। हमारे तीसरे कार्यकाल में इस मामले पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। समान नागरिक संहिता (UCC) भी हमारी पार्टी के मुख्य अजेंडे में से एक है। पहले से ही राज्यों में बीजेपी सरकारें इसे लागू करने पर विचार कर रही हैं। उत्तराखंड UCC लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है। यह साफ है कि समुदायों के लिए अलग कानून समाज के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। हम एक ऐसा राष्ट्र नहीं हो सकते, जहां एक समुदाय संवैधानिक मानदंडों के सहारे प्रगति कर रहा हो, जबकि दूसरा समुदाय तुष्टीकरण के कारण समय के ताने-बाने में फंस गया हो। हम भारत में समान नागरिक संहिता को एक वास्तविकता बनाने के लिए अपनी क्षमता के हिसाब से सब कुछ करेंगे।

**■ राज्यपालों का कुछ विपक्षी शासित राज्य सरकारों के साथ टकराव चल रहा है, उन्होंने राजभवनों पर उनके काम में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। आप इन आरोपों का जवाब कैसे देंगे?**

राजभवनों को कांग्रेस भवन में बदलने वाली कांग्रेस पार्टी को राज्यपाल पद की शुचिता के बारे में बोलने का कोई अधिकार नहीं है। प्रधानमंत्री बनने से पहले मैं एक दशक से अधिक समय तक एक राज्य का मुख्यमंत्री था। उन वर्षों में मैंने कांग्रेस के राज्यपालों के अधीन काम किया। मैं उनका सम्मान करता था और हमारे मतभेदों के बावजूद वे मेरा सम्मान करते थे। कई बरसों तरह यह चला। भारत की आजादी के बाद शायद पहली बार हम विभिन्न राज्यों में राज्यपालों पर इस स्तर के हमले देख

> **भारत को विकसित बनाना मोदी का विजन नहीं है। ये 140 करोड़ भारतीयों की इच्छा है कि जब देश स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाए तो उस समय यह देश एक विकसित राष्ट्र हो। बहुत कुछ है जो मैं करना चाहता हूं।**

रहे हैं। हमें यह समझना चाहिए कि राज्यपाल केंद्र और राज्य सरकार के बीच एक सेतु का काम करता है, जो विविध और विशाल राष्ट्र के प्रशासन में जरूरी संतुलन लाता है। लेकिन यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ राज्यों में हम राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं द्वारा राज्यपाल के काफिले को रोकने और कुछ राज्यों में राजभवन पर पेट्रोल बम फेंकने के बारे में सुन रहे हैं। इस तरह का व्यवहार खतरनाक और अस्वीकार्य है। जब ऐसी घटनाएं होती हैं, तो वे उस राज्य में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति के बारे में गंभीर चिंता पैदा करते हैं। यह कानून के शासन के प्रति सम्मान के टूटने का संकेत देता है। जहां तक राज्य के मामलों में राजभवन के हस्तक्षेप की बात है, तो हमें इतिहास पर एक नजर डालने की जरूरत है। किस पार्टी और सत्तारूढ़ लोगों ने राज्य मशीनरी को पंगु बनाने के लिए आर्टिकल 356 का सबसे अधिक दुरुपयोग किया? किस प्रधानमंत्री ने खास तौर पर विपक्ष की चुनी गई सरकारों को गिराने के लिए आर्टिकल 356 का 50 बार इस्तेमाल किया? वहीं, 2014 के बाद से भारत ने कितनी निर्वाचित राज्य सरकारों को अनैतिक रूप से गिराते देखा है? कोई नहीं। इसके बजाय, केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर संबंधों को बढ़ावा देने के प्रयासों के साथ कोऑपरेटिव फेडरलिज्म में बढ़ोतरी हुई है। राजनीतिक मतभेदों की परवाह किए बिना सभी दलों द्वारा उनकी पोजिशन का सम्मान किया जाना चाहिए।

**■ आपने अपने कार्यकाल के दौरान रोजगार की अवधारणा को सरकारी नौकरियों से आगे बढ़ाकर स्वरोजगार तक पहुंचाने का बोल्ड प्रयास किया है। क्या यह सही आकलन है? सरकारी नौकरियों को लेकर जो पूर्वाग्रह है, उसे देखते हुए क्या आप अपने प्रयास को सफल होते हुए देखते हैं?**

हमारा प्रयास युवाओं के लिए अवसरों का विस्तार करना रहा है, चाहे वह सार्वजनिक क्षेत्र हो, निजी क्षेत्र या उद्यमिता। हमारे 10 साल पब्लिक सेक्टर, प्राइवेट सेक्टर और स्वरोजगार में अधिकतम अवसर पैदा करने के लिए याद किए जाएंगे। यह तर्क देने के बजाय कि एक प्रकार की नौकरी बेहतर है या कोई अन्य, हमने युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। और इसके परिणाम दिखाई दे रहे हैं। सालाना PLFS डेटा हमें बताता है कि 2017 और 2023 के बीच, लेबर फोर्स भागीदारी रेट 49.8% से बढ़कर 57.9% हो गई है। बेरोजगारी दर 6% से घटकर 3.2% हो गई है। 2017 और 2024 के बीच 7 करोड़ से अधिक नए EPFO सब्सक्राइबर जोड़े गए हैं। सिर्फ मुद्रा लोन के साथ 8 करोड़ से अधिक नए व्यवसाय शुरू किए गए हैं। इसमें प्रत्येक व्यवसाय ने 1-2 लोगों का सपोर्ट किया है। इसका मतलब है कि 15 करोड़ से अधिक अवसर पैदा हुए हैं। अब इसमें स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया लोन और स्वनिधि लोन जोड़ें तो उद्यमिता सेक्टर ही पूरी तरह से बदल गया है। हमने युवाओं के लिए कई नए रास्ते खोले हैं। स्पेस सेक्टर जिसके बारे में कुछ साल पहले सोचा भी नहीं गया था, आज फल-फूल रहा है। हमारी Gig इकॉनमी भी फल-फूल रही है और लाखों लोगों को रोजगार देती है और 20% से अधिक लोग अत्यधिक स्किल्ड जॉब में लगे हुए हैं। हमारी डिजिटल इकॉनमी भी तेजी से बढ़ रही है। अकेले 2019 तक 6 करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं। यह एक ऐसी संख्या है जो अगले कुछ वर्षों में दोगुनी हो सकती है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले एक दशक में रियल एस्टेट सेक्टर में 3 करोड़ से ज्यादा नई नौकरियों का सृजन हुआ है। मैं नियमित रूप से रोजगार मेलों में भाग लेता हूं जो सरकारी नौकरी देने के लिए अब तक का सबसे बड़ा अभियान है, जहां हमने लाखों युवाओं को जॉइनिंग लेटर दिए हैं।

> **हमारा प्रयास देश के युवाओं के लिए अवसरों का विस्तार करना रहा है, चाहे वह सार्वजनिक क्षेत्र हो, निजी क्षेत्र या उद्यमिता।**

> **मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि मैं देशवासियों के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने का जरिया बना हूं। हमारे काम की स्पीड और स्केल देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की हमारी उत्सुकता को दिखाता है।**

**■ 2047 में 'विकसित भारत' का आपका विजन अभी भी वास्तविकता बनने से 23 साल दूर है। जब तक यह साकार होगा, तब आप 95 वर्ष के करीब होंगे। फिर भी, अपने समर्थकों और कई अन्य लोगों के लिए, आप इस विजन के केंद्र में हैं।**

भारत को विकसित भारत बनाना मोदी का विजन नहीं है। ये 140 करोड़ भारतीयों की इच्छा है कि जब देश स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाए तो उस समय यह देश एक विकसित राष्ट्र हो। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि मैं देशवासियों के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने का जरिया बना हूं। हमारे काम की स्पीड और स्केल देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की हमारी उत्सुकता को दिखाता है। हमारा मॉडल हर परिवार के लिए समृद्धि के दरवाजे खोलने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। हमारी सीमाएं आज पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हैं। हमारा इंफ्रास्ट्रक्चर ग्लोबल स्टैंडर्ड को हासिल कर रहा है। हमारी इकॉनमी अधिक से अधिक आत्मनिर्भर हो रही है। पिछले 10 वर्षों में हमने देश के विकास के लिए उड़ान भरने की खातिर एक ठोस नींव तैयार की है। इसलिए मैं कहता हूं कि आपने अब तक जो देखा है वह सिर्फ ट्रेलर है। बहुत कुछ है जो मैं करना चाहता हूं। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि मोदी को 140 करोड़ भारतीयों का आशीर्वाद हासिल है। वह तब तक नहीं रुकेंगे जब तक विकसित भारत का सपना पूरा नहीं हो जाता।

**■ आपको अधिक मुखर, महत्वाकांक्षी विदेश नीति के साथ भारत के वैश्विक कद को बढ़ाने का श्रेय दिया गया है। एक संघर्ष-ग्रस्त दुनिया सामने है। कुछ पश्चिमी देशों को लगता था कि जो अंतराष्ट्रीय कायदे हैं, उनके साथ हमारे राष्ट्रीय हित टकरा रहे हैं। इस पर अपने अनुभव के बारे में बताएं?**

क्या हमारी विदेश नीति का लक्ष्य हमारे राष्ट्रीय हित को आगे बढ़ाना नहीं होना चाहिए? विदेश नीति के प्रति हमारा दृष्टिकोण 'राष्ट्र प्रथम' है। और जब हम 'राष्ट्र प्रथम' अप्रोच के साथ अपने उदय के बारे में बात करते हैं तो इससे दुनिया को खतरा नहीं होता है। दुनिया को लगता है कि भारत का उदय दुनिया के लिए अच्छा है। दुनिया केवल उन्हीं का सम्मान करती है जो अपने लिए खड़े होते हैं। कोई भी उन लोगों का सम्मान नहीं करता जो अपने राष्ट्रीय हित के लिए खड़े नहीं हो सकते। इसलिए जब हमने अपनी फॉरेन पॉलिसी को अपने राष्ट्रीय हित के अनुसार संचालित किया, तो शुरू में यह कई लोगों के लिए आश्चर्य की बात थी। उदाहरण के लिए, जब हम अपने हितों को ध्यान में रखते हुए व्यापार समझौते पर चर्चा करने गए, तो हमारे पार्टनर और यहां तक कि मीडिया भी हमें ऐसा करते देखकर आश्चर्यचकित था। लेकिन हमारे सहयोगियों ने महसूस किया कि राष्ट्रों के लिए अपने राष्ट्रीय हित के लिए खड़ा होना सामान्य बात है। ऐसा करने से वास्तव में भारत के प्रति उनका सम्मान बढ़ा। वे एक नई वास्तविकता के साथ आए, जहां भारत इस बात से बहुत अवगत है कि उसके लोगों के लिए क्या अच्छा है और क्या नहीं। इस बारे में आज दुनिया भारत का सम्मान करती है।


मैं जब भी विश्व के नेताओं से मिलता हूं, मैं देखता हूं कि भारत के प्रति उनकी रुचि और आकर्षण बढ़ रहा है। वे अपने देशों की स्थिति को देखते हैं और इसकी तुलना इस बात से करते हैं कि भारत कैसे आशावाद और अवसरों से भरा राष्ट्र है। मैं भारत और भारतीयों के लिए वास्तविक सम्मान देखता हूं। हां, विश्व आज संघर्षों और अराजकता से भरा हुआ है, लेकिन भारत जैसे शांत और विकास के द्वीप भी हैं। दुनिया में आज भारत की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

**■ विपक्ष का आरोप है कि आप संविधान को बदलने की योजना बना रहे हैं, इन आरोपों पर आपका क्या कहना है?**

यह विडंबना है कि जिन लोगों ने संविधान को सबसे अधिक बार बदला है, वे कह रहे हैं कि हम संविधान को बदल देंगे। ऐसा प्रश्न पूछने से पहले आपको मेरे ट्रैक रेकॉर्ड का विश्लेषण करना चाहिए। आपको मेरे सीएम बनने के समय से ही मेरे कामों का अध्ययन करना चाहिए और इसकी पड़ताल करनी चाहिए। अगर कोई आरोप लगाता है और आप उस आरोप को सही मान लेते हैं और मुझसे उस पर सवाल पूछना शुरू कर देते हैं, तो यह मेरे साथ अन्याय होगा।



Pic : Sunil Kumar Raidas



आयुष शर्मा

# ‘सलमान भाई से अलग पहचान बनाना चाहता हूं’

मोहम्मद फाजिल

दो फिल्मों से ही बॉलिवुड में स्टारडम की लाइन पकड़ने वाले ऐक्टर आयुष शर्मा इस बार भी ऐक्शन, ड्रामा से भरपूर फिल्म रुस्लान में नजर आ रहे हैं। इन दिनों वह अपनी फिल्म को लेकर व्यस्त हैं। इसी सिलसिले में बीते दिनों वह लखनऊ आए, जहां पर उन्होंने अपनी ऐक्टिंग, प्रोजेक्ट व करियर के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने सलमान खान से मनमुटाव होने की खबरों को निराधार बताया। साथ ही अपनी अलग पहचान बनाने की बात भी कही।

## अपने नाम से पहचाने जाने की कोशिश कर रहा

सलमान खान ने बहुत से लोगों को मौका दिया। मुझे भी दिया। उसका फायदा उठाना हमारा काम है। बहुत से लोगों ने फायदा उठाया भी है। जहां तक भाईजान की बात है तो यह बात सही है कि एक बड़े पेड़ के नीचे अगर कोई छोटा पौधा है तो उसको धूप तो कम मिलेगी ही। अगर धूप चाहिए तो आपको उस पेड़ से थोड़ा दूर जाना होगा, तभी धूप मिलेगी और तभी आप पनप पाएंगे। इसका मतलब यह बिलकुल नहीं है कि मैं उनसे अलग होना चाहता हूं। दिल से मैं उनके साथ हमेशा जुड़ा हूं। हां, यह है कि अब मैं अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश कर रहा हूं, ताकि अपना काम करूं और अपने नाम से जाना जाऊं।

## ईद पर मैं खुद भाईजान की मूवी देखने जाता

लोग मुझसे कह रहे कि ईद पर सलमान की मूवी आती थी लेकिन अब आपकी आ रही है। तो क्या ईद पर अब आपकी मूवीज आएंगी। मैं उन लोगों से कहना चाहता हूं कि ईद पर फिल्म रिलीज भाई के लिए रिजर्व है। उनकी जगह मैं क्या कोई नहीं ले सकता। मैं खुद ईद के दिन सलमान भाई की मूवी देखने जाता हूं। यह बस इत्तेफाक है कि इस बार उनकी मूवी नहीं आई और मेरी मूवी ईद के कुछ दिनों बाद रिलीज हुई। सच बताऊं तो कभी नहीं सोचा था कि मैं सलमान भाई के साथ काम करूंगा लेकिन खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि दूसरी ही फिल्म में उनके साथ काम करने का मौका मिल गया।

## बिना मेहनत के कुछ नहीं मिलता

अगर लगता है कि पहली फिल्म में लोगों को काम पसंद नहीं आया तो फिर हमारा काम बनता है कि अपने ऊपर मेहनत करना, हुनर को और निखारने की कोशिश करना। हरेक इंसान अगर अपने आप पर काम करे तो उसके लिए कोई भी काम मुश्किल नहीं है। पहली फिल्म के बाद मैंने अपनी फिटनेस पर काम किया। आज बहुत से लोग काम कर रहे हैं लेकिन हर कोई खुद को हीरो नहीं बोल सकता। जहां तक मेरी बात है तो मैं एक खास परिवार का हिस्सा हूं इसलिए दर्शक मेरी फिल्म देखेंगे ही। ऐसा जरूरी नहीं है कि दर्शकों के दिलों तक पहुंचने के लिए मुझे खुद मेहनत करनी होगी। मेरे लिए ऑडियंस का प्यार बहुत मायने रखता है। अगर वह आपको प्यार कर रहे हैं तो फिर आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता।

## मेरा दादा ने कहा, ‘मुझे तुझ पर गर्व है’

मेरा फैमिली बैकग्राउंड फिल्मी कभी नहीं रहा। मेरे दादा पॉलिटिशियन हैं और पिता भी। उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीते भी। उसके बाद कांग्रेस में शामिल हो गए। मेरे दादा हमेशा कहते थे कि आपके सपनों से बड़ा कुछ नहीं होता और उस सपने को पूरा करने के लिए पूरी ताकत लगा देनी चाहिए। मैंने दादाजी को जब पहली बार बताया कि मुझे पॉलिटिक्स में दिलचस्पी नहीं है, ऐक्टर बनना है तो उन्होंने कहा कि तुम्हारे पास सबकुछ है और उन सबको छोड़कर तुम जमीन से शुरुआत करना चाहते हो। मेरे लिए यह खुशी की बात है। मुझे तुम पर गर्व है। जाओ और अपने सपने को पूरा करो। मेरे पूरे परिवार से मुझे बहुत सपोर्ट मिला है।

## मेरी कहानी तो अभी शुरू हुई है

मैं हिट और फ्लॉप के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। कोशिश रहती है कि मैं अपना काम पूरी ईमानदारी से करूं। अभी तो मेरी कहानी शुरू हुई है। यह तीसरी फिल्म है और हर फिल्म में मैंने अलग तरह का किरदार निभाया है। अभी मुझे पारिवारिक, कॉमिडी हर तरह के रोल करने है इसलिए मैं ज्यादा नहीं सोचता, बस काम करते रहना चाहता हूं। इसके अलावा, मैं तनाव को नेगेटिव नहीं लेता। जब प्रेशर आता है तो मेरे अंदर और अच्छा काम करने की ललक बढ़ जाती है। फिल्म रुस्लान में एक सीन है, जिसको मैंने -6 डिग्री में बिना कपड़ों के शूट किया है (हंसते हुए)। उस दिन मुझे अहसास हुआ कि हीरोगीरी भारी पड़ गई।

## हर तरह के किरदार करना चाहता हूं

मैं हर तरह के किरदार करना चाहता हूं। पहली फिल्म में एक रोमांटिक किरदार किया। दूसरी फिल्म में सलमान भाईजान के साथ ऐक्शन मूवी की। तीसरी भी ऐक्शन से भरपूर ही है लेकिन मेरी तमन्ना एक कॉमिडी मूवी करने की है। स्क्रिप्ट तैयार है। लगभग सब फाइनल हो गया। अगर सब सही रहा तो उसकी शूटिंग के लिए मैं साल के अंत में लखनऊ आऊंगा। मैंने अभी से तैयारी कर ली है कि जब आऊंगा तो शहर को करीब से जानूंगा। अभी दूसरी बार शहर आया हूं और वो भी प्रमोशन के लिए इसलिए इसके बारे में जितना सुना है, उतना महसूस नहीं कर पाया हूं। जब शूटिंग करूंगा तो लखनऊ को दिल से महसूस करूंगा।



# ‘बहन के स्टार होने का फायदा नहीं मिला’

परिणीति चोपड़ा बेबाक अंदाज में अपनी बात रखने के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने नेपोटिज़्म और फेवरेटिज्म पर अपनी बात रखी। अभिनेत्री ने कहा, ‘अगर मेरी बहन (प्रियंका चोपड़ा) उस दिन यशराज फिल्म्स में शूटिंग ना कर रही होती, जिस दिन मैं वहां मार्केटिंग की नौकरी पाने के लिए गई थी तो वह मुझे नहीं मिलती। मेरे घर से कोई ऐक्टर है इसलिए मैं किसी फिल्म के सेट पर जा पाई। हालांकि, बहन के स्टार होने से मुझे कोई फायदा नहीं हुआ, नहीं तो मेरी भी फिल्में चलतीं। दस साल में मैंने बहुत बुरा वक्त देखा है।’

उन्होंने आगे कहा, ‘लोग नेपोटिज्म की बात करते हैं लेकिन उन लोगों पर और ज्यादा दबाव होता है, जिसका कोई इंडस्ट्री में होता है। उनकी वजह से आपको पहला मौका मिल जाता है, लेकिन लोग स्टार का बच्चा, सुपरस्टार की बहन कहते हैं। अगर आप काम अच्छा नहीं करेंगे तो दर्शक रिजेक्ट कर देंगे। नेपोटिज्म वास्तविक हो भी सकता है और नहीं भी लेकिन यहां फेवरेटिज्म जरूर चलता है।’ परिणीति चोपड़ा ने कहा, ‘पार्टियों में काम करने के कई मौके बनते हैं। अगर आप उनका हिस्सा नहीं हैं तो मौके नहीं मिलेंगे। मेरा पीआर बहुत बुरा है। मैं दोस्ती और रिश्ते इसलिए भी नहीं बना सकती कि काम मिलेगा। हालांकि, मैं इतनी बेवकूफ नहीं हूं। यह कहूं कि पार्टी में जाने से आप स्टार बन जाएंगी लेकिन यहां कैंप्स हैं, जो अच्छी बात है। सब आपस में दोस्त हैं लेकिन मैं उनकी तरफ से बोलना चाहती हूं, जिनके पास उन कैम्प्स तक पहुंचने का रास्ता नहीं है, वो इंतजार करते हैं कि उन्हें भी कोई बुलाए। शायद, हम इतने सामाजिक नहीं हैं। हर दिन खबरों में नहीं रहते लेकिन हम काम करना चाहते हैं, हमें भी मौके दें।’

# इंडस्ट्री में निर्माताओं का बढ़ना ज़रूरी: कुणाल

ऐक्टर कुणाल खेमू इन दिनों अपनी निर्देशित फिल्म मडगांव एक्सप्रेस को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में इंडस्ट्री के मौजूदा हालात पर बात की।

कुणाल खेमू ने कहा, ‘फिल्में पैशन से बनती हैं, लेकिन हम लोग प्रोजेक्ट बना रहे हैं। पेपर पर प्रोजेक्ट सही लगता है लेकिन कहानी सही तरीके से नहीं लिखी जाती। स्टार को ध्यान में रखकर कहानी लिखी जा रही है, जबकि कहानी को ध्यान में रखकर ऐसे स्टार की कास्टिंग करनी चाहिए, जो उसको जस्टिफाई कर सके। फिल्मों में जो गणित लगाई जा रही, वो गड़बड़ है। लोग फिल्में नहीं, प्रोजेक्ट बना रहे हैं। इंडस्ट्री में ज्यादातर ऐक्टर बनने आते हैं। कुछ ऐक्टर ना बनकर डायरेक्टर बन जाते हैं। प्रोड्यूसर बनने कम लोग आते हैं, जबकि प्रोड्यूसर बनना ज्यादा जरूरी है। जब तक प्रोड्यूसर्स की संख्या ज्यादा नहीं होगी, तब तक ज्यादा फिल्में नहीं बनेगी। फिल्में ज्यादा बनेगी तभी नए टैलेंट को मौका मिलेगा। ओटीटी में शुरुआत हुई थी। नए टैलेंट को मौका मिल रहा था। अब वहां भी बड़े लोगों को ही मौके मिल रहे हैं। अब ओटीटी में भी ऐसी बातें होने लगीं कि पहले जैसा बिजनेस नहीं रहा है।’

अपने राइटिंग के पहलू को कुणाल ने आगे कहा, ‘कई साल तक इस शर्म में रहा है कि लोगों को कैसे दिखाऊं कि मैंने लिखा है। लोग यही बोलते कि तुमने कब लिखना शुरू किया। पहले इस शर्म से निकलना था। मैंने राइटिंग कहीं से नहीं सीखी। दादाजी ने काफी लंबे समय तक काम किया और उनका नाम सबको नहीं पता है। जो साहित्य में रुचि रखते हैं उनको दादा जी के बारे में पता है। मुझे बहुत अच्छा लगता है कि जब कोई कहता है कि मोती लाल खेमू का ग्रैंडसन है।’

# सलमान ने बेटे को शोएब-युवराज से मिलवाया: अनीस

नो एंट्री, सिंह इज किंग और भूल भुलैया 2 जैसी फिल्मों का डायरेक्शन कर चुके अनीस बज्मी ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सलमान खान से जुड़ा किस्सा साझा किया।



अनीस ने बताया, ‘बात तब की है, जब हम फिल्म रेडी कर रहे थे। उन दिनों एक क्रिकेट टूर्नामेंट चल रहा था। उस वक्त मेरे बेटे की उम्र 10 साल थी, जो क्रिकेट का फैन है। उसकी क्रिकेट के प्रति इतनी दीवानगी थी कि वह रात को अपने बगल में बैट और बॉल लेकर सोता था। एक दिन बेटे ने क्रिकेटर शोएब अख्तर और युवराज सिंह के साथ क्रिकेट खेलने की इच्छा जताई। ये सुनकर मैं हैरान रह गया लेकिन इत्तेफाक था कि जब मेरा बेटा ये कह रहा था तो उस वक्त वहां सलमान खान मौजूद थे। सलमान ने उसकी बात सुन ली। अचानक आधी रात को शोएब अख्तर और युवराज सिंह के साथ सलमान आ गए। मुझे इसका अंदाजा नहीं था कि ऐसा कुछ होने जा रहा है। मैंने होटल की लॉबी में आकर देखा कि शोएब अख्तर मेरे बेटे को बॉलिंग करा रहे थे और सलमान खान फील्डिंग कर रहे थे। ये किस्सा मैं कभी भूल नहीं पाऊंगा।’

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesgroup.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

वैवाहिक
वधू चाहिए
जर्नल
दूसरी शादी

AGARWAL 35 Btech. MBA5'10"div.wkng Bangalore 38LPA issueless seeks wkng/non wkng girl parents Lucknow Mb.7887096240

टेंडर और नोटिस
सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

I Sudesh Sharma W/o Lt Yatendra Sharma R/o EM-1503, Amrapali Vill, Nyay Khand-2, Indirapuram, U.P has debarred and disowned their son Bharat Kumar Sharma and his wife Richa Jain from their movable and immovable properties. If anybody deal with them in any manner they do so at own risk.

PUBLIC NOTICE
LDC. Louis Dreyfus Company
We, Louis Dreyfus Company India Pvt Ltd part of LDC Group (LDC) wish to inform general public that some fraudsters not associated with LDC have maliciously created an APP using ‘LDC’ logo and trademark on fake websites to trick third parties alluring them to make investments for doubling their money.
General public at large are cautioned to refrain from getting cheated / duped by such fake Apps, videos, websites, etc.
These scam videos and fake websites are not issued, hosted or supported by LDC and bear no responsibility for any claims made by these fake Apps / web-sites / videos.
Anybody investing their money and resources on the basis of the above shall do it at their own cost and consequences and LDC shall not be held liable.
Arun Sood
(Vice President)
Corporate Affairs
For Louis Dreyfus Company India Pvt Ltd
68/2, 2nd Floor, RNM Centre, New Delhi-110001

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
लेखा
अकाउंटेंट (लेखाकार)

REQD Accountant with mini. Experience 5yrs Expert in Tally Prime , GST , TDS, income tax, banking, mail resume: accounts@jdg.in

विपणन, विज्ञापन और बिक्री
विपणन (मार्केटिंग)

REQD: Lead Business Development Professional with min 7+ exp in manpower supply and contract staffing. Attractive Salary. Work location: New Delhi. Apply: hr@conceptia.co.in

चिकित्सा
चिकित्सा

REQD Part time B.PT. Physiotherapist with 2 Yrs exp. at Charitable clinic at Pitampura Delhi 110034. Whatsapp Resume on 9899234985, 98997-89067.

रिक्त पद

A leading Pvt Ltd Co. based in Rohini & involved in Railway Track Construction work is looking for HR executive & Accounts person with 2-3 yrs experience. Construction line candidate preferred. Interested candidates send their resume with expected salary on email: peepeemandal@yahoo.com

TIMES interact
To advertise in Classifieds, please Call
Aman: 93126 33518 for Tender & Notices
Scan QR Code

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन

I Saroj W/o Bharat Durga R/o 57 1st Floor Block-7 Subhash Nagar, Delhi-27 have changed my name from Saroj to Rashmi Durga

बिजनेस
बिक्री के लिए

SHIFTING, SELLING very Exclusive House hold Goods Sofa, dining, Fridge, Car many more. Immediate Sale. throw away prices.Gautam 7838088778

BUSINESS CONNECT TIMES interact
राम राम जी 🙏 सत श्री अकाल
नया बिजनेस शुरू करने के लिए और काम बढ़ाने के लिए लोन उपलब्ध कराया जाता है!
DAILY INSTALMENTS
WEEKLY INSTALMENTS
LOAN
MONTHLY INSTALMENTS
CASH LOAN AVAILABLE 24X7
आप से लोन कराने का कोई भी चार्ज नहीं लिया जाएगा
प्रभु सबका भला करे
CALL : 8800726753, 9718263130

TIMES interact MISSION ADMISSION

Bharatiya Vidya Bhavan
Promoting SANSKRIT & SANSKRITI Since 1938
ADMISSION OPEN
CRASH COURSE IN FOREIGN LANGUAGES
Application forms available up to 31.05.2024
Classes from 04.06.2024
ELIGIBILITY MINIMUM 10+2
Admission FIRST-COME-FIRST SERVE BASIS
FRENCH (Morning & Evening)
SPANISH (Morning & Evening)
CHINESE (Morning & Evening)
JAPANESE (Morning & Evening)
GERMAN (Morning)
GENERAL & SPOKEN ENGLISH (Evening)
ARABIC (Evening)
JAWAHARLAL NEHRU ACADEMY OF LANGUAGES (SINCE 1958)
K.G. Marg, New Delhi-110001.
Phone: 011 23389942 | 8882808482 | 7838811279 | 9871157406 | 8076482831
Website : www.bvbdelhi.org • Email : spccm@bvbdelhi.org

TIMES interact
To advertise in Classifieds, please Call
Sunil : 9999499496 for Property ads
Scan QR Code

बाबा साहेब अम्बेडकर प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान
BABA SAHEB AMBEDKAR INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT
BSAITM BHAWAN, PLOT No.13, BODHELLA, VIKASPURI, NEW DELHI-110018
Ph : 7703917546, 7011331839, 7011291459 URL : www.bsates.com
ADMISSION NOTIFICATION SESSION 2024-25
BCA/ BBA
Affiliated to Govt. University
B.PHARMA / D. PHARMA
Approved by PCI
B.TECH
Approved by AICTE
BA-LLB / BBA-LLB
Integrated 5 year course approved by BCI
BMLT / BRIT / DMLT
Approved by AICTE & Directorate of Medical Education, Training & Research
CERTIFICATION: Successful candidates will be awarded Degree/Diploma Approved by PCI/AICTE/BCI, Govt. of India which are applicable for all Central/ State Govt. posts and services.
AGE: Candidate must have completed minimum age requirement as prescribed
ELIGIBILITY: BCA/BBA-LLB/BA-LLB-10+2 with 45% marks, B.Tech/B.Pharma-10+2 Sc. with 50% marks BMLT / BRIT 10+2 Sc. with Biology scoring 50 marks (Lateral Entry option available for DMLT/Eng. Diploma/B.Tech. courses)
SCHOLARSHIPS: SC/ST candidates may apply for Scholarship Scheme of Govt. of India.

HEALTH & WELLNESS TIMES interact



SEX PROBLEM
के सफल इलाज के लिए निसंकोच मिलें
Since 1928
सबलोक क्लिनिक दरियागंज
नेताजी सुभाष मार्ग (निकट दिल्ली गेट) नई दिल्ली-110002
सुबह 1 से शाम 6, रविवार : अवकाश 9891300008
सबलोक क्लिनिक दरियागंज की इंडिया में कोई ब्रांच नहीं है।

निःसंतान
शुक्राणुओं की कमी
धात, स्वप्नदोष, सेक्स पा आदि गुप्त रोगों के लिए
चेतन आयुर्वेदा
▸बदरपुर ▸दरियागंज ▸भजनपुरा ▸छतरपुर
B2, CDR Chowk, Chhattarpur Delhi
9817469817

निसंकोच सम्पर्क करें
गुप्त रोगी मिलें
जब कहीं न हो आराम तो हमसे लें समाधान
शीघ्रपतन, नामर्दी धातु, स्वप्नदोष, बे-औलाद बवासीर रोगी मिलें
ISO CERTIFIED CLINIC
100% Herbal Treatment
भारत प्रसिद्ध गोल्ड मेडलिस्ट
डा.शेख
www.drsheikh.in
रोजाना मिलें लाजपत नगर दिल्ली
702 702 7779



सेहत बनायें वजन बढ़ायें
अगर आप खाते पीते बहुत हैं, फिर भी सेहत नहीं बनती, तो हमारी सलाह द्वारा औषधि का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹ 699 महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
2284,कोड़िया पुल चौक,पुरानी दिल्ली
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

ASTRO ZONE TIMES interact
AI ASTROLOGER
भविष्य की चिंता ?
आपकी किस्मत के बारे में ये सब कुछ जानता है
पूछ के देख लो .....
Visit our Website: www.aiastrologer.com
GET IT ON Google Play
Ai Astrologer - Gurudev Vashist
Download the App Now

THE TIMES GROUP
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. The Times Of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of products and services. The Printer, Publisher, Editor, and Owners of The Times Of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
TO ADVERTISE IN CLASSIFIEDS PLEASE CALL:
TENDER / PUBLIC NOTICE: 9312633518
CHANGE OF NAME / LOST & FOUND: 8130604727
PROPERTY: 9999499496
RECRUITMENT & EDUCATION: 9811790649
MATRIMONIAL: 9310298131
SHOPPING: 9312633518
BUSINESS: 9312633518
SERVICES / VEHICLES & TRAVEL: 9999499496

नवभारत टाइम्स

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली। सोमवार, 29 अप्रैल 2024

## परीक्षा की घड़ी

**गाजा में** हमास और इस्राइल के बीच चल रही जंग के खिलाफ अमेरिकी विश्वविद्यालयों में शुरू हुए विरोध-प्रदर्शनों का दायरा फैलता जा रहा है। शनिवार को हुई सालाना वाइट हाउस रिपोर्टर्स डिनर पार्टी भी इसके साये से नहीं बच सकी।

**प्रदर्शन का फैलाव |** गाजा में आम फलस्तीनी आबादी पर इस्राइली हमलों के खिलाफ अमेरिका में प्रदर्शन तो काफी पहले से हो रहे हैं, लेकिन कुछ खास जगहों पर किए जा रहे इन प्रदर्शनों का स्वरूप शुरू में सांकेतिक ही था। मामला गंभीर तब हुआ, जब कोलंबिया यूनिवर्सिटी में प्रोटेस्ट शुरू हुआ और वह कई और विश्वविद्यालयों में फैल गया।



युद्ध के विरुद्ध छात्रों का प्रदर्शन

**छात्रों की मांग |** प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि इन संस्थानों को इस्राइल से अपने वित्तीय संबंध खत्म कर देने चाहिए और उन कंपनियों से भी दूरी बनानी चाहिए, जो उनके मुताबिक गाजा में इस्राइली अभियान को आगे बढ़ाने में मदद दे रही हैं।

**भड़का मामला |** जब प्रशासन ने इन प्रदर्शनों को बंद करने के लिए सख्त कदम उठाने की कोशिश की, तब मामला और भड़क गया। न केवल इसका स्वरूप देशव्यापी हो गया बल्कि कई यूनिवर्सिटी में फैकल्टी मेंबर्स भी प्रदर्शनकारी छात्रों के समर्थन में आगे आए। खबरों के मुताबिक, अब तक 100 से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

**कूटनीतिक हलचल |** इन प्रदर्शनों ने कूटनीतिक हलकों में भी हलचल बढ़ाई है। जहां इस्राइल सरकार ने इनकी सीधे शब्दों में निंदा करते हुए इनके खिलाफ सख्ती बरतने की अपील की है, वहीं भारत ने इसे अमेरिकी लोकतंत्र के लिए परीक्षा की घड़ी बताया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि 'हमें इस आधार पर आंका जाता है कि हम अपने घर में क्या करते हैं, इस आधार पर नहीं कि हम विदेश में क्या कहते हैं।'

**अमेरिकी दखलंदाजी |** भारत की इस प्रतिक्रिया को अपने आंतरिक मामलों में अमेरिका की बढ़ती दखलंदाजी का सांकेतिक विरोध माना जा रहा है। भारत की आपत्ति के बावजूद अमेरिका की ऐसी कोशिशें हाल के दिनों में बढ़ी हैं। ताजा मामला अमेरिकी विदेश मंत्रालय (स्टेट डिपार्टमेंट) की मानवाधिकार रिपोर्ट का है, जिसे भारत ने गहरे पूर्वाग्रहों से प्रेरित बताया है।

**बाइडन का सिरदर्द |** चुनावी साल में ये प्रदर्शन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। गाजा में मृतकों की बढ़ती संख्या हालात को और गंभीर बना रही है। 7 अक्टूबर को हुए हमास के आतंकी हमले के बाद शुरू हुई इस जंग में अब तक 34,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। लड़ाई थमने की सारी संभावनाएं बंधकों की रिहाई को लेकर दोनों पक्षों में समझौते की उम्मीद पर टिकी है। युद्धविराम के एक नए प्रस्ताव पर विचार की बात हमास नेतृत्व ने मानी जरूर है, लेकिन अभी तक ऐसा कोई ठोस संकेत नहीं दिख रहा है कि दोनों पक्षों में समझौते की उम्मीद जगाए।

### चक्र-व्यू

## जलेबी के 'शिशु'

राहुल पाण्डेय

**जलेबी की** मोहब्बत में मुब्तिला होकर एक दिन नोएडा की एक बहुत बड़ी दुकान पर पहुंचा, तो देखा कि वह तो 'जलेबी के नवजात शिशुओं' का निर्माण कर रहा है। जिस तरह से बच्चों के हाथ-पैर एकदम पतले-पतले होते हैं, उसी तरह से इस हलवाई की जलेबी भी जरूरत से ज्यादा पतली थी। जलेबी का शाश्वत नियम है कि वह न तो जरूरत से ज्यादा पतली हो, न ज्यादा मोटी। बहुत मोटी हुई तो उठाते ही चाय में भीगी डबलरोटी की तरह टूटकर टपक जाएगी। बहुत पतली हुई तो जिन रस भरी गलियों की वजह से जलेबी ने इस धरा पर अपनी पहचान बनाई है, वह धुंधली हो जाता है। ऐसा नहीं कि जलेबी के इन बच्चों को मैंने बिना खाए बख्श दिया हो। पर बच्चे तो बच्चे ही होते हैं, और बड़े हमेशा बड़े। यह प्रकृति का बनाया नियम है। प्रकृति के बनाए नियम के साथ खिलवाड़ करने वाले हलवाइयों को न तो मैं माफ कर सकता हूं, और न ही जलेबी। जिस जलेबी में चाशनी से ओवरफ्लो हो रही गलियां ना हों, वह चाहे जो हो, जलेबी नहीं हो सकती।

अब ऐसे ही समोसे को ले लीजिए। हमारे फैजाबाद में समोसा महज समोसा नहीं होता। यह एक आयोजन होता है। उधर, सूरज ने अपनी लाली और बाद में पीली के साथ आसमान में दस्तक दी, इधर कच्ची आलू के महीन-महीन टुकड़े कटने शुरू हुए। कटने के बाद इसे धनिया, मिर्च और ढेर सारे गरम मसाले के साथ और नहीं तो कम से कम घंटे दो घंटे तक भूना जाएगा। ऐसा आलू सूंघते ही मन से शेर निकलता है- 'कूबकू गमक गई आलू हलवाई की, उसने समोसे की तरह मेरी पजीराई की।' बहुतों को मैंने देखा है, जिनमें एक खुद मैं भी हूं, जो समोसे से पहले उसकी आलू की पजीराई करने पहुंच जाते हैं।


स्वर्ग सिर्फ सत्कर्म करने वालों को ही नहीं मिलता है। यह संपूर्ण शास्त्रीय समोसा बनाने वालों को भी मिलता है। जो शास्त्रीय समोसा नहीं बनाते, जो समोसे में आलू उबालकर नमक-मिर्च डालकर भरते हैं, उनके लिए समोसा पुराण में एकदम साफ-साफ लिखा है कि वे उसी आलू के साथ नर्क में तले जाएंगे। उनका समोसा सिर्फ एक धोखा होता है, जो समोसा प्रेमियों की मजबूरी का फायदा उठाने के अलावा और कुछ नहीं करता। दिल्ली-NCR में ही नहीं, लगभग समूचे वेस्ट यूपी में मैंने ऐसे दर्जनों नकली समोसे बनाने वाले देखे हैं, और उनमें भरी आलू खाने से इनकार किया है। समोसे का आलू वह शास्त्र होता है, जिसे बिगाड़ने की सजा कानून नहीं, सीधे प्रकृति देती है। कभी-कभी मुझे लगता है कि प्रकृति हमसे इसीलिए नाराज है, क्योंकि जलेबी की गलियां संकरी होती जा रही हैं, और हलवाई समोसा शास्त्र भूलते जा रहे हैं।

### एकदा

## शायरी के मोड़ पर

**दिल्ली में** एक आला सरकारी मुलाजिम थे। वह बेहद वाहियात शेर कहते थे। लेकिन अपने रुतबे और दौलत की वजह से हर साल अपनी शायरी का एक संग्रह छपवा लिया करते थे। फिराक साहब जब भी दिल्ली आते, साहब उनकी खूब खातिर करते। एक बार की बात है, शायर साहब दिल्ली से इलाहाबाद तशरीफ लाए और फिराक साहब से दरख्वास्त करने लगे कि मेरे नए संग्रह के लिए कुछ लिख दीजिए। फिराक साहब ने मुरव्वत कुछ लिख दिया, जो यूं था, 'ये शायर हैं, दिल्ली में रहते हैं, शेर कहते हैं, सरकारी मुलाजिम हैं, मजमुआ-ए-कलाम छपवा रहे हैं।' शायर ने किताब लेकर खुशी-खुशी पढ़ा, लेकिन तसल्ली ना हुई। फिर बोले कि एक जुमला और लिख दीजिए, 'इन्होंने उर्दू गजल को नया मोड़ दिया है।' फिराक साहब ने जवाब दिया 'लेकिन गजल मुड़ी तो नहीं!' फिराक साहब का जवाब सुनकर शायर साहब का चेहरा उतर गया। बोले, 'आपको मेरी गजलें पसंद नहीं आईं?' फिराक साहब ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'देखिए, कुछ भी कहना एक बारीक कला है। आपकी गजलें ठीक हैं, लेकिन उनमें वह बात नहीं जो दिल को छू जाए।' शायर साहब निराश होकर चुप हो गए। फिराक साहब ने उनकी निराशा को भांपते हुए कहा, 'शायरी के लिए जरूरी है कि आप जिंदगी को गहराई से महसूस करें, उसके हर मोड़ को देखें।' शायर साहब को फिराक साहब की बात समझ आ गई। उन्होंने महसूस किया कि वह अब तक सिर्फ शब्दों से खेल रहे थे। उन्होंने फिराक साहब का धन्यवाद दिया और विदा ली।

Shital Verma



संकलन : जमील गुलरेज

### यूक्रेन हाल में रूस के मुकाबले कमजोर पड़ गया था, राहत पैकेज से उसे मिलेगी मदद

# क्या आगे भी US करेगा यूक्रेन की मदद



हर्ष वी. पंत

**आखिरकार अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन के लिए सहायता पैकेज प्रस्ताव को अमेरिकी संसद के दोनों सदनों की मंजूरी मिलने के बाद उस पर हस्ताक्षर कर दिए। 61 बिलियन डॉलर का यह सहायता पैकेज काफी मायने रखता है, जिसमें एयर डिफेंस सिस्टम्स, मध्य से लंबी दूरी की मिसाइलें और गोला-बारूद के साथ-साथ 9 बिलियन डॉलर से अधिक की आर्थिक सहायता भी शामिल है।

**दलगत भेदभाव से ऊपर |** इस प्रस्ताव को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने 112 के मुकाबले 311 वोटों से मंजूरी दी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मौके की नजाकत समझते हुए दलगत भेदभाव से ऊपर उठकर की गई इस वोटिंग की तारीफ की। लेकिन बिल के समर्थन में जितने रिपबल्किन वोट पड़े (101) उससे कहीं ज्यादा (112) विरोध में पड़े।

**स्पीकर पर संकट |** हाउस स्पीकर और रिपब्लिकन नेता माइक जॉनसन ने बिल को पास कराने में अहम भूमिका निभाई, पर अब उनका स्पीकर पद ही खतरे में पड़ गया है। पार्टी के कई सदस्यों ने उन्हें बाहर करने की मांग उठा दी है। जॉनसन ने दलील दी कि अगर यूक्रेन को समय पर मदद नहीं दी गई तो रूस, ईरान और चीन के रूप में उभरती सर्वसत्तावाद की नई धुरी को मजबूती मिलेगी। लेकिन ऐसा करते हुए, उन्होंने जाने-अनजाने मौजूदा रिपब्लिकन पार्टी की उस धारणा को चुनौती दे दी कि यूक्रेन अमेरिकी हितों के लिहाज से महत्वपूर्ण नहीं है।

**कैसे हैं हालात**
- अमेरिकी मतदाताओं में विभाजन
- रिपब्लिकन खेमा मदद को तैयार नहीं
- चुनाव नतीजों से बदल सकते हैं हालात

**मतदाताओं में विभाजन |** इसमें संदेह नहीं कि यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिकी मतदाताओं में ऊब और थकान पैदा हो रही है। वहां इस मसले पर एक तीव्र वैचारिक विभाजन उभर रहा है। अमेरिका के हाल के जनमत सर्वेक्षणों से पता चलता है कि रिपब्लिकन मतदाता यूक्रेन को अब और सहायता भेजने के बिल्कुल खिलाफ हैं, जबकि डेमोक्रेट और निर्दलीय इसके पक्ष में हैं।

**कमजोर पड़ गया था यूक्रेन |** पिछले कई महीनों से यह स्पष्ट था कि पश्चिमी हथियारों पर बुरी तरह निर्भर यूक्रेन को तत्काल सहायता की जरूरत है। वह उस रूसी सेना का सामना कर रहा है जो हाल के हफ्तों में लगातार बढ़त हासिल करती रही है। यूक्रेनी सेना लगातार आगाह कर रही थी कि रूसी हमलों की तीव्रता बढ़ते चले जाने से पूर्वी मोर्चे पर उसकी स्थिति खराब होती जा रही है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की बार-बार अमेरिकी सहायता की अनिवार्यता को रेखांकित कर रहे थे। उनका कहना था कि जरूरी हथियार तत्काल उपलब्ध हो जाएं तो अग्रिम मोर्चों पर स्थिति पलट सकती है। दिक्कत यह भी थी कि अन्य पश्चिमी देश यूक्रेन को मदद उपलब्ध करवाने में अमेरिकी असमर्थता से पैदा हुए शून्य को भरने की स्थिति में नहीं थे।



AI Image

**रूस को मिल गया मौका |** जंग के मैदान में यूक्रेन का जो बुरा हाल दिख रहा है उसके पीछे रूस के आधुनिक और उन्नत हथियारों, व्यापक संसाधनों और इनसे उपजी बेहतर सैन्य क्षमता की ही भूमिका नहीं है। निरंतर मदद के अभाव में आधुनिक उन्नत हथियारों और आधुनिक साजो-सामान तक सीमित पहुंच भी उसकी एक बड़ी वजह है। मजबूत अमेरिकी समर्थन के बगैर यूक्रेन तेजी से अलग-थलग पड़ता दिखा, जिससे उत्साहित रूस हमला तेज करता गया और यूक्रेन की स्थिति और कमजोर होती गई।

**साख पर बट्टा |** नुकसान अमेरिका का भी है। इस स्थिति के चलते पूरी दुनिया में उसकी साख कमजोर हो रही थी। अमेरिका के मजबूत समर्थन के अभाव में नैटो की विश्वसनीयता और एकजुटता पर सवाल उठने लगे थे। ध्यान रहे, पश्चिम के साथ करीबी रिश्ता कायम करने की यूक्रेन की इच्छा नैटो और रूस के बीच विवाद का मुद्दा रही है। ऐसे में अमेरिकी मदद में कमी पूर्वी यूरोप में रूसी आक्रामकता को रोकने की नैटो की क्षमता को प्रभावित कर सकती है।

**यूरोप में नाराजगी |** मध्य और पूर्वी यूरोपीय देश यूक्रेन के सबसे मुखर समर्थक रहे हैं। यूक्रेन को लेकर अमेरिकी प्रतिबद्धता में कमी अमेरिका और उसके इन यूरोपीय सहयोगियों के बीच संबंधों में तनाव पैदा कर सकती है, जो पूर्वी यूरोप में रूसी आक्रामकता को क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा समझते हैं।

**बदल रहे समीकरण |** अमेरिका में घरेलू राजनीति के समीकरण तेजी से बदल रहे हैं और रिपब्लिकन पार्टी का अंतरराष्ट्रीयवादी तबका अलग-थलग पड़ता जा रहा है। डॉनल्ड ट्रंप के कार्यकाल में आगे बढ़ाई गई 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' वाली विदेश नीति जोर पकड़ रही है, जो 'अमेरिका फर्स्ट' नजरिए को प्राथमिकता देती है। अमेरिकी कांग्रेस द्वारा यूक्रेन के लिए मंजूर किया गया नया सहायता पैकेज निकट भविष्य के लिए भले पर्याप्त हो, वाइट हाउस में नए राष्ट्रपति के आने या आगामी चुनावों में कांग्रेस में रिपब्लिकन पार्टी को बहुमत मिलने की स्थिति में आगे और सहायता मिलना मुश्किल हो जाएगा। यूक्रेन ही नहीं अन्य पश्चिमी देशों को भी उस स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए।

*(लेखक इंग्लैंड के किंग्स कॉलेज में प्रफेसर हैं)*


# हवा के साथ आवारा सफर का मज़ा लीजिए

**आपने सुनी** है वह दस्तक? कभी तो सुनी जरूर होगी, बस हो सकता है कि ध्यान न दिया हो। खिड़की पर लगता है कि किसी ने हौले से ठक-ठक की हो, दरवाजे पर आहट सुनाई पड़ती है किसी के आने की, Wind Chime खनकने लगते हैं और बाहर लगे पौधों की पत्तियां सरसरा उठती हैं। आप उठकर दरवाजा खोलते हैं और वह सीधे आकर आपके गले से लिपट जाती है। कोई दुआ-सलाम नहीं, कोई औपचारिकता नहीं। लेकिन, उसका यूं मिलना मन तक को छू जाता है।

हवा होती ही ऐसी है। हमेशा आपके आसपास रहती है, अहसास कराती है, लेकिन दिखती नहीं। पड़ोस के बच्चों की तरह खिलखिलाते हुए अलग अंदाज में कभी भी आ धमकती है और बुलावा देती है साथ खिलखिलाने का। अब जब हवा बार-बार आपके पास आ रही है, तो आपका भी फर्ज बनता है कि एक बार उसके पास जाएं। घर, सड़क और पार्क में तो मुलाकातें हो ही जाती हैं, कैसा हो अगर इस बार मिला जाए चलती कार में। गाड़ी का शीशा नीचे करके बाहर झांकना है बस। यह इशारा होगा हवा के लिए कि आप तैयार हैं।

इसके बाद हवा के साथ शुरू होने वाला खेल जादुई अहसास भरा होता है। आप जितनी तेज चलते हैं, वह भी उतनी ही तेजी से पीछे आती है, बालों को छूती है, चेहरे को सहलाती है। जब गति धीमी होती है कार की, तो हवा भी धीरे-धीरे चलती है, लेकिन रफ्तार बढ़ी कि नहीं और वह बवंडर बन जाती है। एक वक्त ऐसा लगता है कि हम हवा के साथ चल रहे हों, उस पर सवार हो। हवा के साथ मिला जिस्म बिल्कुल हवा की तरह ही आजाद महसूस करने

AI Image



जीवन आनंद

लगता है। आंखें आनंद से अपने आप मुंद जाती हैं और जब रोम-रोम हवा को महसूस करने लगता है।

तब वह शुरू करती है अपनी बात। वह कानों में फुसफुसाती है, जरूरत पड़ने पर चिल्लाती है। उसके पास दुनियाभर की खबरें होती हैं, जिन्हें धीरे-धीरे आपके दिल-दिमाग में उड़ेलती जाती है। वह आपको कार से मुक्त कर जोड़ देती है बाहर पीछे छूटती सड़क से, सड़क किनारे लगे पेड़-पौधों से, आबाद खेतों या बने-अधबने बिना प्लास्टर वाले घरों से। कोई ऐसा नहीं है, जो बच जाए उसकी नजरों से। और होगा भी कैसे, आपसे मिलने के लिए वह इन सभी के आंगन से ही तो दौड़ती आई है।

गाड़ी के बाहर झांकते हुए हर सांस के साथ हवा का एक कतरा भीतर जाता है और वह अपने साथ आसपास की खुश्बू भी ले जाता है। महसूस कीजिए, अभी-अभी आपकी दोस्त आम के बाग से आई है और साथ में बौरों की महक लाई है या फिर गीली जमीन का सोंधापन। आंखें अब भी बंद हैं, लेकिन ये अहसास आपसे कुछ छूटने नहीं देंगे। खुली आंखों से शायद आप वो सब न देख पाएं, जो ये अहसास दिखा देंगे। किसी लहर की तरह घेर लेंगे आपको। किसी ककून की तरह होता है यह घेरा। इसमें वही भीतर आ सकता है जिसे हवा चाहे। और बचपन के दोस्त की तरह हवा बस अपनी सुनाई जाती है। बाहर की कोई आवाज पहुंचने नहीं देती कानों तक। उसकी मीठी बड़बड़ सुनते हुए दिमाग कई बार खो जाता है कहीं एकांत में।

शोर के बावजूद वह सबसे अच्छा समय होता है कल्पनाओं की दुनिया में उतरने का। उस वक्त कुछ भी सोचा जा सकता है, या फिर यह भी हो सकता है कि हवा के साथ सारे विचार बहा दिए जाएं। कार चल रही है और उसके साथ आप भी आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन आप कहीं अलग जा रहे होते हैं, किसी दूसरे रास्ते पर। आप चल नहीं रहे होते, बल्कि तैर रहे होते हैं और सहारा दिया होता है दोस्त हवा ने। वह आपको भी उन्मुक्त बना देती है बिल्कुल अपनी तरह। आप भी तैयार हो जाते हैं किसी के खिड़की-दरवाजों पर हौले से दस्तक देने के लिए।

**शेयर करें अपने अनुभव**
जीवन की दिनचर्या के अनुभवों में आप कैसे आनंद महसूस करते हैं, हमें बताएं **nbtreader@timesgroup.com** पर, और सब्जेक्ट में लिखें- **'जीवन आनंद'**

## उइगुरों पर कैसे ढाए जाते हैं जुल्म

मृत्युंजय राय

**चीन में** क्या होता है, इसकी कम ही जानकारी दुनिया के सामने आ पाती है। वहां सरकार का मीडिया पर इस तरह नियंत्रण है कि बिना उसकी मंजूरी के कुछ भी प्रकाशित नहीं होता। वहां रह रहे विदेशी पत्रकारों के कहीं आने-जाने की भी निगरानी होती है। ऐसे में उइगुरों के साथ चीन में कैसा बर्ताव हो रहा है, इसका पता चलना मुश्किल है।

उइगुरों पर अत्याचार के बारे में इस समुदाय के वे लोग भी बताते हैं, जो किसी तरह से चीन से दूसरे देश भागने में कामयाब रहे। इसके लिए वे सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे हैं। फिर भी चीन में उइगुरों की वास्तविक हालत क्या है और उनके साथ वहां की सरकार कैसा सलूक करती है, इससे आज भी दुनिया एक हद तक अनजान है। ताहिर हामुत इजगिल (Tahir hamut izgil) की किताब Waiting to Be Arrested at Night: An Uyghur Poet's Memoir of China's Genocide रीडर्स को इसी दुनिया में ले जाती है।

AI Image



विचार विंडो

ताहिर उन खुशकिस्मत उइगुरों में शामिल हैं, जो चीन से अपने परिवार के साथ भागने में कामयाब रहे और उन्होंने अमेरिका में पनाह ली। ताहिर इस किताब में लिखते हैं कि चीन में उनके दोस्त उइगुर कविताओं के मुरीद थे। अक्सर ये लोग किसी चाय की दुकान या अपने डाइनिंग रूम में एक दूसरे को अपनी कविताएं सुनाते थे। 2016 में ऐसी ही एक बैठक में पुलिस आ धमकी। पुलिस के आने पर उइगुर कवियों ने baijiu नाम की चीनी शराब मंगाई और उन्हें ऑफर किया। इस शराब को मंगाने का मकसद यह संकेत देना था कि वे अच्छे नागरिक हैं और मुस्लिम अलगाववादी नहीं। खैर, पुलिसवाले उन कवियों का पहचानपत्र ले गए। इस वाकये के कुछ दिनों बाद उस बैठक में शामिल कई उइगुर कवियों को एक-एक करके उन कैंपों में भेज दिया गया। ये कैंप इसलिए बनाए गए हैं ताकि उइगुरों की सांस्कृतिक पहचान मिटाई जा सके। ताहिर इस किताब में लिखते हैं कि उस रोज बैठक में जो भी लोग शामिल हुए थे, आखिर में सिर्फ वही बचे, जो कैंप में भेजे जाने से पहले वहां से भाग निकले।

यह किताब ताहिर का संस्मरण है। इसमें 2014 से 2017 तक के समय पर फोकस किया गया है, जब शिनच्यांग में चीन की कम्युनिस्ट सरकार ने दमन शुरू किया। ताहिर बताते हैं कि इन सबसे पहले जब वह युवा थे, तब भी उन्होंने तीन साल जेल और लेबर कैंप में गुजारे थे।

खैर, जब वह रिहा हुए तो उन्होंने फिल्म मेकिंग को अपना करियर बनाया। साथ ही साथ वह कविताएं भी लिखते रहे। लेकिन इसके बाद उइगुर किताबों को चीन की सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया। इसी दौरान ताहिर और उनकी पत्नी को एक बार पुलिस थाने बुलाया गया। वहां उनके ब्लड सैंपल लिए गए, चेहरों को स्कैन किया गया और आवाज के नमूने लिए गए। ताहिर जानते थे कि किस तरह से उइगुरों को डिटेन किया जा रहा है। एक-एक करके उनके दोस्त इन डिटेंशन कैंपों में गायब हो रहे थे। ताहिर हर रात इसी डर के साथ सोते कि उन्हें भी किसी दिन पुलिस उठा ले जाएगी। इन्हीं हालात में उन्होंने चीन से अमेरिका भागने की योजना बनाई। 2017 में वह अपने परिवार के साथ वहां जाने में कामयाब रहे। लेकिन उनके मन में यह अफसोस लगातार बना रहा कि जो दोस्त शिनच्यांग में छूट गए, उन पर सरकार न जाने क्या जुल्म ढा रही है और उनमें से कोई जिंदा बचा भी है या नहीं।

## करियर है लंबी दौड़

प्रणव प्रियदर्शी

**ऑप्टम इंडिया** (यूनाइटेड हेल्थ केयर ग्रुप) की वाइस प्रेसिडेंट (सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग) माधुरी राया को साइंस बचपन से ही आकर्षित करता था। नई-नई तकनीकों को समझना और उनमें महारत हासिल कर आगे बढ़ना बहुत भाता था उन्हें। स्वाभाविक ही यह शौक माधुरी को इंजीनियरिंग की ओर ले आया। इसी ने उन्हें आगे चलकर बॉश रिसर्च से भी जुड़ने को प्रेरित किया। लेकिन उनके अंदर यह जिज्ञासा भी काफी तेज थी कि उनके काम का आसपास की दुनिया और जिंदगी पर क्या और कैसा असर हो रहा है। यह जिज्ञासा उन्हें रिसर्च की फील्ड से प्रॉडक्ट इंजीनियरिंग की ओर ले आई, जहां उनके सामने दो विकल्प थे- या तो गेमिंग में करियर बनाएं या हेल्थकेयर में आगे बढ़ें। जाहिर है, उन्होंने हेल्थकेयर को चुना और आज ऑप्टर्न में अपनी टीम के साथ मिलकर ऐसे सॉल्यूशंस तैयार कर रही हैं जो लोगों को अपनी जरूरत के मुताबिक और अपनी शर्तों पर हेल्थ केयर सर्विसेज तक पहुंच सुनिश्चित करने में मदद करते हैं। उनके करियर में जो चीज खासी अहम साबित हुई वह नए-नए स्किल सीखने की उनकी क्षमता से ज्यादा, लर्न के साथ अनलर्न भी करते चलने की उनकी खूबी रही। इससे उनकी पर्सनैलिटी में वह फ्लेक्सिबिलिटी आई, जिसने हालात की जरूरत के मुताबिक बदलना और पुरानी पड़ चुकी आदत छोड़ कर खुद को नए स्किलसेट से लैस करना आसान बनाया। माधुरी कहती हैं कि करियर कोई स्प्रिंट नहीं, बल्कि मैराथन है। इसलिए जरूरत महसूस होने पर थोड़ा ठहर कर अपनी प्राथमिकताओं पर दोबारा विचार करने में कोई बुराई नहीं है। अपने आसपास हो रही घटनाओं में जिज्ञासा हमेशा बनाए रखनी चाहिए। यह समझना जरूरी है कि जो भी हो रहा है उसका कारण क्या है। अपने कार्यों के असर और उससे बनती बड़ी तस्वीर को कभी नजरों से ओझल न होने दें। और सोचे-समझे, नपे-तुले जोखिम उठाने में न हिचकें। ये जोखिम भी करियर और जीवन को दिशा देने में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



माधुरी राया

आधी दुनिया

## रीडर्स मेल

www.edit.nbt.in

**तनाव भी दूर होता है**

**22 अप्रैल** को 'जीवन आनंद' कॉलम में 'जीवन को खूबसूरत बना देती है सलून की कुर्सी' पढ़ने को मिला। आज महिला-पुरुष दोनों ही अपनी सुंदरता निखारने के लिए सलून का रुख करते हैं। विभिन्न हेयर स्टाइल, फेशियल मसाज और अन्य उपचारों के जरिये लोग अपने व्यक्तित्व को निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने का प्रयास करते हैं। फेशियल, मसाज और अन्य त्वचा उपचारों के माध्यम से लोग अपने चेहरे पर प्राकृतिक चमक लाने का प्रयास करते हैं। सलून अब सिर्फ बाल कटवाने या शेव करने की जगह नहीं, लोग यहां तनाव मुक्त होकर सुंदरता निखारने का आनंद लेते हैं।

**मीना धानिया,** सिरसपुर

**रोजगार के अवसर**

**सौंदर्य उद्योग** के तौर पर सलून और ब्यूटी पार्लर की उपयोगिता अब काफी बढ़ गई है। यह उद्योग अब लगातार विकसित हो रहा है। इसमें नई तकनीकें, उत्पाद और सेवाएं लगातार सामने आ रही हैं। हेयर स्टाइलिस्ट, ब्यूटीशन, नेल टेक्नीशन, मसाज थेरेपिस्ट और सैलून मैनेजर जैसे विभिन्न पदों पर कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ रही है। लिहाजा हेयरस्टाइलिंग पाठ्यक्रम प्रदान करने वाले लोकप्रिय कॉलेज और संस्थाएं हैं। यह उद्योग आत्मनिर्भर बनने का अच्छा अवसर है।

**गौरिका कपूर,** ईमेल से

जीवन आनंद

**मित्रों की यादें**

**मित्रता मानव** जीवन में आनंद के सबसे महत्वपूर्ण स्रोतों में है। सच्चे मित्रों की उपस्थिति हमारे जीवन को समृद्ध बनाती है और हमें कई तरीकों से आनंद दिलाती है। साथ बिताए पल, चाहे वे हंसी-मजाक हों या गंभीर बातचीत, हमारे जीवन में रंग भरते हैं। साझा अनुभवों से यादें बनती हैं जो हमें जीवन भर खुशियां देती हैं। हर आयाम पर मित्र हमारे लिए हितकर साबित होते हैं। मित्रों के बीच एक मधुर प्रतिस्पर्धा चलती है, जिससे उत्पन्न होने वाली चुनौतियां सफलता के लिए प्रेरित करती हैं। हमें याद रखना चाहिए कि मित्रता का आधार विश्वास होता है।

**महेंद्र रावत,** ईमेल से

**nbtedit@timesgroup.com** पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

### अंतिम पत्र

**इंडिगो के** विमान में खराबी, दिल्ली लौटा - एक खबर
- शायद, दिल्ली की हवा कुछ ज्यादा ही रास आ गई होगी है!

**दिनेश त्रिवेदी**

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें hindi.speakingtree.in

## लय तभी टूटती है जब देह को आराम नहीं मिलता

रमेश भाई ओझा

**यह सृष्टि** एक लय है। हमारा शरीर भी सृष्टि की ही एक इकाई है। ठीक समय पर भूख लगती है, उचित समय पर नींद आती है। यदि शरीर की इस मांग को हमने ठीक से समझा और उसी समय पूरा किया कि जब भूख लगी तो सौ काम छोड़कर भोजन के लिए बैठ गए। फिर जब नींद आने लगी और कोई बहुत जरूरी काम नहीं हो, तो सोने के लिए चले गए। रात के दूसरे और तीसरे पहर में जितनी अच्छी नींद आती है, वैसी दिन में नहीं आती और वैसा आराम भी नहीं मिलता। आप पक्षियों के व्यवहार को देखो। शाम होते ही अपने घरौंदों में वापस लौट आते हैं। शाम के वक्त पेड़ों पर बैठे पक्षियों का कलरव सुनाई देता है। लेकिन जैसे-जैसे रात उतरती है, सब शांत होते जाते हैं, फिर सो जाते हैं। भोर में फिर वही मधुर संगीत सुनाई पड़ने लगता है। फिर वे दाना चुगने चले जाते हैं, या अपना घोंसला बनाने की जुगत में लग जाते हैं। तीतर-बटेर भी हमसे कहीं अच्छे से कुदरती जीवन जी रहे हैं।

कायदे से हमें रात के पहले प्रहर में ही अपने सारे काम निपटा कर सो जाना चाहिए और चौथे प्रहर यानी भोर में जाग जाना चाहिए। वही जो भोर वाला समय है चार बजे का, वह ब्रह्म मुहूर्त है। उसको हम ब्रह्म मुहूर्त क्यों कहते हैं? कभी सोचा आपने? क्योंकि उस समय शरीर और मन की स्थिति ऐसी होती है कि हम परब्रह्म के ध्यान में खुद को स्वाभाविक रूप से लगा सकते हैं। देखो, रात में इंसान को नींद बिना तमोगुण के नहीं आएगी। वह तमोगुण के बिना सो नहीं सकता और बिना रजोगुण के वह आदर्श कर्म नहीं कर सकता। दिन में रजोगुण का ज्यादा प्रभाव होता है, तब हम कर्म में लगे रहते हैं। वैसे रजोगुण के चलते ही काम, क्रोध, लोभ आदि सारी वृत्तियां हैं। रजोगुण से उत्पन्न इन सारे भावों के चलते हम कर्म करते हैं, जिससे इन तीनों का सदुपयोग भी हो सकता है। क्रोध करें अपनी कमजोरियों पर, नहीं तो क्या होता है कि क्रोध ही कमजोरी बन जाता है।

हमारे यहां शाम का वक्त महत्वपूर्ण माना गया है। जब सतगुण का प्रभाव होता है, तब मन शांत होता है। ऐसी परिस्थिति में परमात्मा में मन को लगाना सरल होता है। इसलिए तो कहते हैं कि ब्रह्ममुहूर्त और गोधूलि के समय ध्यान बहुत श्रेष्ठ है। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आपको सोना भी जल्दी पड़ेगा। आज कल दिनचर्या ही बदल गई है। हम बहुत देर में सोते हैं। शरीर को उतना आराम नहीं मिलता, जितनी जरूरत होती है। अगर हम अपनी आदत ब्रह्ममुहूर्त में उठने की बना लें तो जीवन की दशा और दिशा दोनों ही बदल जाएगी, डॉक्टरों के पास भी कम जाना पड़ेगा।

जीवनशैली और खानपान बदलने से परिवार में हर कोई किसी न किसी बीमारी से त्रस्त है। इसलिए दिनचर्या को ठीक करना है। ब्रह्ममुहूर्त का एक लाभ है। सुबह-सुबह बाहर निकलना चाहिए। उस समय वातावरण शुद्ध रहता है। स्वास्थ्य के लिए वह बहुत लाभप्रद है। यह शिक्षा हमारे शास्त्र भी देते हैं। शरीर की लय हम ठीक से मेंटेन करें, यह बहुत जरूरी है। रोग क्या है? शरीर की लय टूटना ही तो रोग है। इस लय को हम बनाए रखें तो तन, मन और वैभव की संपन्नता हमारे जीवन में आ सकती है।

प्रस्तुति : सुभाष चन्द्र शर्मा

आर.एन.आई. नं. 510/57© सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति के बिना संपूर्ण या आंशिक पुनर्प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबंधित। स्वत्वाधिकारी बैनेट, कोलमैन एण्ड कम्पनी लिमिटेड के लिए राजीव यादव द्वारा, 7 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित तथा **टाइम्स ऑफ इंडिया प्रेस, साइट IV, औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद** और प्लॉट नंबर 7-8, सेक्टर M-11, ट्रांसपोर्ट हब, इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप, मानेसर, हरियाणा से मुद्रित। फोन : 23302000 फैक्सः 23492047, पंजीकृत कार्यालय : दादाभाई नौरोजी रोड, मुंबई-400001। विमान सेवा शुल्क : 1 रु. प्रति कॉपी। नेपाल में कुल मूल्य : सोमवार से शनिवार : नेपाली 5 रु. ; रविवार : नेपाली 6 रु.
संपादक (दिल्ली मार्केट) : आशीष पांडे (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी)





## आज का शब्द Sleep Divorce

क्या आपने **Sleep Divorce** 'स्लीप डिवोर्स' का नाम सुना है। इसमें कपल ब्रेकअप या तलाक के प्रोसेस में नहीं जाते, लेकिन एक ही घर में रहने के बावजूद कई बार अलग-अलग सोना शुरू कर देते हैं। इसका मतलब ये नहीं है कि वो लड़ाई-झगड़े की वजह से बेड बदल लेते हों। ऐसा इसलिए किया जाता है कि वो कई रातों को चैन की नींद सो सकें और एक दूसरे को डिस्टर्ब न करें।



## ऐसे समझें Sleep Divorce के मायने

**Sleep Divorce** का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि आपका रिश्ता प्रभावित होगा। अलग सोना कपल्स की पर्सनल चॉइस है। एक्सपर्ट के अनुसार, इससे कपल्स को अपना पर्सनल स्पेस मिलता है। अलग-अलग बिस्तर पर सोने से अच्छी नींद आती है। हेल्दी रिलेशनशिप के लिए एक ही बेड पर सोना जरूरी नहीं।




AI Image

## फटाफट खबरें

### पाक के विदेश मंत्री बने डिप्टी पीएम

■ **भाषा, इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार को रविवार को देश का उप-प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। कैबिनेट सचिवालय की ओर से जारी एक नोटिफिकेशन में यह जानकारी दी गई। चार्टर्ड अकाउंटेंट और अनुभवी राजनेता 73 वर्षीय डार, प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी से हैं।



इसहाक डार

### शिमला: खाई में गिरी कार, दो की मौत

■ **पीटीआई, शिमला:** हिमाचल की राजधानी शिमला में कार के 150 मीटर गहरी खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार रात धर्मपुर में यह दुर्घटना हुई। कार चला रहे अंकुश (25) ने अचानक गाड़ी से नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने अनुसार घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने अंकुश और अभिषेक को मृत घोषित कर दिया और दिलीप और ललित का इलाज जारी है।

### चीन में आए तूफान में पांच लोगों की मौत

■ **एपी, पेइचिंग:** चीन के ग्वांग्झू शहर में आए तूफान में पांच लोगों की मौत हो गई और 140 से अधिक कारखानों की इमारतों को नुकसान पहुंचा है। चीन मौसम प्रशासन ने कहा कि ग्वांग्झू जिले के बाइयूं में तूफान आया। अधिकारियों ने बताया है कि 33 लोग घायल हुए हैं जबकि 141 कारखानों की इमारतों को नुकसान हुआ है। ग्वांग्झू के अन्य हिस्सों के लिए तूफान की चेतावनी जारी की गई थी।

### नवलनी से जुड़े दो पत्रकार गिरफ्तार

■ **एपी, लंदन:** रूस सरकार ने विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी द्वारा स्थापित एक समूह के लिए काम करने के आरोप में दो पत्रकारों को गिरफ्तार कर लिया। रूसी अदालतों ने जांच पूरी होने और मुकदमा चलने तक उन्हें हिरासत में रखने का आदेश दिया। विपक्षी नेता नवलनी की फरवरी में मौत हो गई थी। कॉन्स्टेंटिन गैबोव और सर्गेई कार्लिन दोनों ने आरोपों से इनकार किया है। कोर्ट के अनुसार 'चरमपंथी संगठन में भागीदारी' के आरोप साबित होने पर सजा हो सकी है।

# भारत का दौरा टालकर अचानक चीन पहुंचे टेस्ला के मालिक मस्क

Tesla

## ड्राइवरलेस तकनीक को बढ़ावा देने की तैयारी


Driverless

■ **पीटीआई, पेइचिंग**

**टेस्ला के** सीईओ इलॉन मस्क (Elon Musk) ने हाल में अपना भारत दौरा कैंसल कर दिया था, लेकिन रविवार को वह अचानक चीन पहुंच गए। चीन पहुंचकर मस्क ने कहा कि चीन में इलेक्ट्रिक गाड़ियों को देखना अच्छा है। भविष्य में सभी कारें इलेक्ट्रिक होंगी। टेस्ला चीन के साथ सहयोग आगे बढ़ाने को तैयार है। दरअसल, चीन दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑटो मार्केट है। मस्क की कंपनी टेस्ला को वहां कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। चीन में इलेक्ट्रिक बनाने वाली कंपनियां टेस्ला को कड़ी टक्कर दे रही हैं इसलिए कंपनी ने हाल में चीन में अपनी गाड़ियों की कीमत में कटौती की है। मस्क ने शंघाई में 7 अरब डॉलर का एक प्लांट लगाया था, जिसके बाद से टेस्ला की गाड़ियां चीन में लोकप्रिय हो गईं। इस प्लांट में प्रॉडक्शन 2020 में शुरू हो गया था। मस्क ने रविवार को चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग (Li Qiang) से मुलाकात की। दोनों ने चीन में इलेक्ट्रिक गाड़ियों के मार्केट के विस्तार पर चर्चा की। चीन के प्रधानमंत्री ने कहा कि चीन का बाजार हमेशा विदेशी कंपनियों के लिए खुला है। चीन बेहतर कारोबारी माहौल देने का काम करना जारी रखेगा, जिससे सभी देशों की कंपनियां चीन में निवेश कर सकें। चीन से पहले मस्क भारत आने वाले थे, लेकिन उन्होंने अपनी यात्रा टाल दी थी। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर देश में टेस्ला का प्लांट शुरू करने की योजनाओं पर बात करने वाले थे।

इलॉन मस्क ऐसे समय पर चीन पहुंचे हैं जब वहां पेइचिंग में ऑटो शो चल रहा है। ये पिछले हफ्ते शुरू हुआ है और 4 मई को खत्म होगा। चीन के सबसे बड़े ऑटो शो में टेस्ला का कोई बूथ नहीं है। उसने आखिरी बार 2021 में इसमें भाग लिया था। अभी यह साफ नहीं है कि मस्क यहां पहुंचेंगे या नहीं। दरअसल, चीन की कंपनियां टेस्ला को टक्कर दे रही हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि मस्क चीन में ऑटोपायलट सॉफ्टवेयर लॉन्च कर सकते हैं। चीन की कंपनी Xpeng इसी तरह का सॉफ्टवेयर पेश करके टेस्ला पर बढ़त हासिल करना चाह रही है।

> मस्क ने कहा कि चीन में इलेक्ट्रिक वाहनों की प्रगति देखना अच्छा है, भविष्य में सभी कारें इलेक्ट्रिक होंगी



मशहूर उद्योगपति इलॉन मस्क ने चीन के पीएम ली कियांग से मुलाकात की।

### इलॉन मस्क का फोकस कहां?

टेस्ला चीन में फुल-सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर लॉन्च करना चाहता है। साथ ही कंपनी चीन में इकट्ठा किए गए डेटा को विदेश ट्रांसफर करना चाहती है ताकि ऑटोनॉमस ड्राइविंग टेक्नोलॉजी में इसका इस्तेमाल किया जा सके। यह दौरा ऐसे समय पर हुआ जब चीन बड़े पैमाने पर उच्च स्तर के ऑटोनॉमस ड्राइविंग कार्यों को अपनाने पर विचार कर रहा है। X पर अपनी हालिया पोस्ट में मस्क ने कहा था, टेस्ला चीन में ग्राहकों के लिए बहुत जल्द फुल सेल्फ ड्राइविंग (FSD) उपलब्ध करा सकती है। टेस्ला ने चार साल पहले अपने ऑटोपायलट सॉफ्टवेयर का सबसे ऑटोनॉमस वर्जन एफएसडी लॉन्च किया था, लेकिन यह तकनीक अभी तक चीन में उपलब्ध नहीं है।

### NBT Lens — समझिए खबरों के अंदर की बात: मस्क चीन से क्यों मांग रहे डेटा?

मस्क चीन के अधिकारियों को ड्राइविंग डेटा को वैश्विक इस्तेमाल के लिए उपलब्ध कराने के लिए मनाने की कोशिश में हैं। मस्क की इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला ने चीन में ड्राइविंग डेटा को स्थानीय स्तर पर इकट्ठा किया है। टेस्ला चाहती है कि ये डेटा उसे वैश्विक स्तर पर उपलब्ध हो और वो इसके जरिए अपनी कारों के एल्गोरिदम को ट्रेंड करे। लेकिन मस्क चीन से इस डेटा को ऐसे समय में मांग रहे हैं जब अमेरिका में सरकार टिकटॉक की मूल कंपनी बाइटडांस पर टिकटॉक को बेचने के लिए दबाव बना रही है। अमेरिकी सरकार ने आशंका जाहिर की है कि टिकटॉक के जरिए चीन, अमेरिकी लोगों की निजी जानकारियों का इस्तेमाल कर सकता है।

# NEET, CUET- UG के लिए ज्यादा शहरों में होंगे एग्ज़ाम सेंटर


Exam Centre


Bhupender.Sharma
@timesgroup.com


■ **नई दिल्ली:** नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) 2024 में सबसे ज्यादा शहरों में मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET-UG और कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET-UG) का आयोजन कर रही है। मेडिकल प्रवेश परीक्षा तो पहले से ही पेन एंड पेपर बेस्ड होती है, वहीं इस बार यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए होने वाली परीक्षा हाईब्रिड मोड में हो रही है। एनटीए ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए 2023 में 499 शहरों में 4,097 सेंटर बनाए थे, वहीं इस बार 571 शहरों में सेंटर बनाए जाएंगे और सेंटरों की संख्या भी 5,000 तक हो सकती है। इसके अलावा सीयूईटी के लिए 2024 में 380 शहरों में सेंटर बनाए जाएंगे जबकि 2023 में 308 शहरों में सेंटर बना गए थे।

सूत्रों का कहना है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए जो सेंटर होंगे, उनमें से काफी सेंटर सीयूईटी के लिए भी हो सकते हैं। एनटीए की ओर से उन स्कूलों और कॉलेजों से रिक्वेस्ट की जाएगी, जहां पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET-UG होगी, मेडिकल एंट्रेंस 5 मई को होगा। सीयूईटी के लिए ऑफलाइन परीक्षा 15, 16, 17 और 18 मई को होगी। सूत्रों का कहना है कि बहुत से सेंटर नीट और सीयूईटी के लिए कॉमन हो सकते हैं। इन चार दिनों की परीक्षा में सीयूईटी में आवेदन करने वाले 90 प्रतिशत छात्र शामिल होंगे। इंग्लिश विषय में सबसे ज्यादा दस लाख से ज्यादा आवेदन आए हैं। मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए एग्जाम सिटी स्लिप जारी हो चुकी है। सीयूईटी के लिए भी यह स्लिप जल्द जारी होगी। यूजीसी के अध्यक्ष प्रफेसर एम. जगदीश कुमार ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि एनटीए CUET- UG के लिए एग्जाम सिटी स्लिप 5 मई तक जारी कर देगा और उसके बाद एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे। एनटीए की वेबसाइट से ही एडमिट कार्ड डाउनलोड हो सकेंगे।

| इस बार मेडिकल परीक्षा 571 शहरों और सीयूईटी 380 शहरों के परीक्षा केंद्रों पर होगी | सीयूईटी के लिए 5 मई तक मिल जाएगी एग्जाम सिटी स्लिप | सेंटरों की संख्या भी 5,000 तक हो सकती है |
|---|---|---|



AI Image

### NBT Lens — समझिए खबरों के अंदर की बात: क्या ऑफलाइन एग्ज़ाम में सेंटर मिलना होता है आसान?

**2022 और** 2023 का सीयूईटी एग्जाम कंप्यूटर बेस्ड था, जिसके चलते एनटीए को ज्यादा सेंटर मिलने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता था और यही कारण रहा कि पिछले साल यह एग्जाम 34 दिन और 93 शिफ्ट में चला। लेकिन इस बार कंप्यूटर बेस्ड के साथ-साथ ऑफलाइन एग्जाम होने से एनटीए को बड़ी राहत मिली है क्योंकि ऑफलाइन एग्जाम के लिए स्कूल, कॉलेज, प्राइवेट इंस्टिट्यूशन समेत कई तरह के विकल्प हैं। सीयूईटी इस बार सात दिन होगा और 16 शिफ्ट में सभी 63 विषयों की परीक्षा पूरी हो जाएगी। एनटीए यह सुनिश्चत करने की कोशिश कर रहा है कि ऑफलाइन परीक्षा देने वाले छात्रों को उनके ही शहर में बल्कि घर के आसपास ही सेंटर दिया जाए। दिल्ली-एनसीआर में ज्यादा से ज्यादा सेंटर होंगे क्योंकि इन जगहों से काफी आवेदन आए हैं। यूपी, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में इस बार सेंटर बढ़ाए जा रहे हैं।

# ज़मीन से 4 मीटर ऊपर रेलवे ट्रैक बनाने की योजना


## रेलवे ने कहा, एक ही लाइन पर दौड़ेगी बुलेट, हाई स्पीड, सेमी हाई स्पीड और सामान्य ट्रेन


Maneesh.Aggarwal
@timesgroup.com


■ **नई दिल्ली:** आने वाले समय में रेलवे दो बड़ी योजनाओं पर काम कर रहा है। पहली, जो रेलवे ट्रैक बनाए जाएं, वह जहां भी संभव हों वहां अधिक से अधिक एलिवेटेड बनाए जाएं। दूसरे, कोशिश यह भी की जा रही है कि बुलेट ट्रेन, हाई स्पीड, सेमी हाई स्पीड और सामान्य गति वाली ट्रेनों के लिए अलग-अलग ट्रैक ना बनाते हुए एक ही ट्रैक पर तमाम स्पीड वाली ट्रेनों को दौड़ाया जाए।

रेलवे मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि मौजूदा संसाधनों में ही कैसे बेस्ट किया जाए। इस बात को सोचते हुए अब कोशिश की जा रही है कि भविष्य में जो भी नए रेलवे ट्रैक बनाए जाएं, उनमें कोशिश की जाए कि वह एलिवेटेड हों। इसके लिए एक मसौदा भी तैयार किया गया है। जिसमें एलिवेटेड रेलवे ट्रैक की ऊंचाई जमीन से चार मीटर ऊपर रखी जाएगी। इसमें एलिवेटेड ट्रैक को सिंगल या डबल लाइन के हिसाब से नहीं बल्कि चार लाइन के हिसाब से डिजाइन किया जाएगा ताकि कम खर्चे में अधिक से अधिक ट्रेनें चलाई जा सकें। इसमें बीच-बीच में लोगों और ट्रैफिक के निकलने के लिए जरूरत के मुताबिक सब-वे, रोड और पुलिया बनाई जाएंगी। जरूरत के मुताबिक, एलिवेटेड रेलवे लाइनों की हाइट बढ़ाई भी जा सकेगी ताकि उसके नीचे से बस, ट्रक और अन्य तरह के अधिक ऊंचाई वाली गाड़ियां भी आसानी से निकल सकें।

इसके अलावा रेलवे एक और योजना पर काम यह भी कर रहा है कि भविष्य में जो रेलवे ट्रैक बनाए जाएं, वह बहुउद्देशीय हों। यानी एक ही ट्रैक पर बुलेट ट्रेन, हाई स्पीड, सेमी हाई स्पीड और सामान्य स्पीड वाली ट्रेनों को दौड़ाया जा सके।




AI Image

### NBT Lens — समझिए खबरों के अंदर की बात: फैसले से क्या होगा लाभ?

एलिवेटेड रेलवे ट्रैक बनाने से ना केवल ट्रेनों की स्पीड बढ़ेगी, बल्कि देश में कई जगह ट्रेनों के बीच रास्ते में रूक जाने या फिर धीमा हो जाने से यात्रियों के साथ जो छीना-झपटी जैसी वारदातें हो जाती हैं, उन पर भी लगाम लग सकेगा। एलिवेटेड ट्रैक होने से उनकी फेंसिंग करना भी आसान होगा जो अभी जमीन पर बनने से बहुत अधिक संभव नहीं हो पाती। रेलवे जहां लाइनों के दोनों तरफ कटीले तारों की फेंसिंग या दीवार करता है, वहां कई जगह आबादी वाले एरिया में लोग उसे अपने आने-जाने के रास्ता बनाने के लिए तोड़ देते हैं। पुराने रेलवे ट्रैक को भी धीरे-धीरे एलिवेटेड कराने की योजना है।

### चीन से बात जारी, भारत कभी झुकेगा नहीं: राजनाथ सिंह




■ **भाषा, अहमदाबाद:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और चीन के बीच बातचीत सुचारु रूप से और अच्छे माहौल में चल रही है और भारत कभी नहीं झुकेगा। बीजेपी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने के लिए अहमदाबाद में रहे सिंह ने कहा कि भारत सैन्य नजरिए से एक शक्तिशाली देश बन गया है और अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है। सिंह ने विश्वास जताया कि भारत का रक्षा निर्यात, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 21,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया है, आगे चलकर और बढ़ेगा।






### पाक में हिंगलाज तीर्थयात्रा संपन्न



AP

■ एपी, हिंगलाज: पाकिस्तान में हिंगलाज मंदिर तीर्थयात्रा रविवार को संपन्न हो गई। तीर्थयात्रा में एक लाख से अधिक हिंदुओं ने हिस्सा लिया। हिंदू श्रद्धालु सैकड़ों सीढ़ियां चढ़कर पर्वत के शिखर तक पहुंचे, जहां हिंगलाज माता मंदिर स्थित है। श्रद्धालु दर्शन करने के बाद तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेते हैं।

## मिसाइल हमले के बाद भारत ने की मदद

■ **पीटीआई, नई दिल्ली**

**रूस से** भारत आ रहे तेल टैंकर पर यमन के हूती विद्रोहियों के हमले के बाद भारतीय नौसेना ने इंडियन क्रू मेंबर सहित अन्य लोगों की जान बचाई। नौसेना ने जहाज को सुरक्षित करने के लिए एरियल रेकी समेत कई सिक्योरिटी ड्रिल्स किए। नौसेना ने कहा है कि शिप पर मौजूद 22 भारतीयों समेत 30 लोगों का क्रू सेफ हैं। नौसेना ने कहा कि नेवल डिस्ट्रॉयर जहाज INS कोच्चि ने MV एंड्रोमेडा स्टार जहाज को लाल सागर में रोका। इसके बाद जहाज पर नेवी की बोर्डिंग EOD टीम ने रिस्क असेसमेंट किया। एक्सप्लोसिव ऑर्डिनेंस डिसपोजल (EOD) टीम का काम जहाज पर किसी भी तरह के खतरे का आकलन करना होता है। इसके अलावा यह टीम खतरनाक विस्फोटकों की पहचान करती है। MV एंड्रोमेडा स्टार जहाज पर दो बार हमला हुआ था। इस दौरान हूती विद्रोहियों ने कई मिसाइलें दागीं थी। हालांकि, पहले हमले में दागी गई मिसाइलें जहाज पर न गिरकर उसके नजदीक समुद्र में गिरीं थी। दूसरे हमले में जहाज को नुकसान पहुंचा था।



हूती विद्रोहियों का हमला, 22 भारतीय समेत सभी 30 क्रू मेंबर सेफ

### नैनीताल: दूसरे दिन भी चॉपर ने बुझाई आग

■ **विस, नैनीताल:** उत्तराखंड के जंगलों में भड़की आग बुझाने का अभियान रविवार को दूसरे दिन भी वायु सेना के हेलिकॉप्टर की मदद से जारी रहा। इसके बाद हेलिकॉप्टर वापस लौट गया। हालांकि भारतीय वन सर्वेक्षण की वेबसाइट के अनुसार, नैनीताल में रविवार को 43 स्थानों पर आग की सूचना दर्ज हुई। जंगलों के बीच से अब भी धुएं के उठने की झलक दिख रही है। उत्तराखंड में कई जगह बारिश के चलते भी आग की घटनाएं थमी हैं।

### यूक्रेन में रूसी ड्रोन से हमले, होटल में आग

■ **एपी, कीव:** रूसी ड्रोन हमले में रविवार तड़के मिकोलाइव शहर पर हमला किया गया जिससे एक होटल में आग लग गई और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। प्रांतीय गवर्नर ने यह जानकारी दी। यह हमला ऐसे समय किया गया जब दो साल से अधिक समय से चल रहे युद्ध में यूक्रेनी सैनिकों को गोला-बारुद की कमी से जूझना पड़ रहा है। वहीं, रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि देश के दक्षिण-पश्चिम में चार क्षेत्रों में रात भर में 17 यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए।

# इराक में समलैंगिक संबंध अपराध घोषित

## 15 साल की सज़ा का प्रावधान, समर्थक बोले- यह फैसला ज़रूरी

■ **एपी, बगदाद**

**इराक की** संसद में शनिवार को समलैंगिक संबंधों (सेम-सेक्स रिलेशन) को अपराध घोषित करने वाला बिल पास हो गया है। इराक में अब समलैंगिक संबंध बनाने वालों को 10-15 साल तक की जेल की सजा हो सकती है। नए कानून के मुताबिक, ट्रांसजेंडर लोगों को भी तीन साल तक के लिए जेल में डाला जा सकता है। इस फैसले का समर्थन करने वालों ने कहा है कि नए कानून के जरिए वो देश में धार्मिक भावनाओं की रक्षा करेंगे। इराक में अब समलैंगिकता को बढ़ावा देने वाले लोग और लिंग परिवर्तन सर्जरी करने वाले डॉक्टरों को जेल में डाला जाएगा। समलैंगिक संबंधों को बढ़ावा देने वाले लोगों के लिए सात साल की सजा का प्रावधान है।

दरअसल, इराक में साल 1980 में प्रॉस्टीट्यूशन कानून में बदलाव करके इसमें समलैंगिक संबंधों के लिए मौत की सजा जोड़ी गई थी। इस फैसले का अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों ने विरोध किया, जिसके बाद इसमें दोबारा बदलाव किए गए हैं। इराक के सांसद आमिर-अल-मामूरी ने बताया कि इस्लामी और सामाजिक मूल्यों के खिलाफ जाने वालों पर लगाम लगाने के लिए यह कानून बेहद जरूरी है। इस बिल को अप्रैल की शुरुआत में ही पारित किया जाना था, लेकिन इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी की अमेरिकी यात्रा की वजह से इसे टाल दिया गया था।

> भारत में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद समलैंगिकों के बीच सेक्स अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया गया



File

### यह कानून मानवाधिकार के खिलाफ: अमेरिका

इराक में पारित हुए नए कानून का अमेरिका और यूरोपीय यूनियन ने विरोध किया है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह कानून मानवाधिकारों को खतरा है। इससे इराक की अर्थव्यवस्था और विदेशी निवेश पर भी असर पड़ेगा। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरून ने इस कानून को खतरनाक और चिंताजनक बताया है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को उसकी पहचान के आधार पर टारगेट नहीं किया जाना चाहिए।

### इराक में टिकटॉक स्टार की हत्या



गुफरान महदी सवादी

■ **एपी, बगदाद:** इराकी अधिकारी एक प्रसिद्ध सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की उसके घर के सामने हत्या किए जाने मे मामले की जांच कर रहे हैं। देश की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर गुफरान महदी सवादी 'टिकटॉक' और 'इंस्टाग्राम' पर बेहद लोकप्रिय थीं। इन सोशल मीडिया मंचों पर वह अपने विडियो पोस्ट करती थीं और अधिकतर में उन्हें संगीत की धुन पर थिरकते देखा जा सकता है। वह 'उम फहद' नाम से भी जानी जाती थीं। उन्हें उनके घर के सामने बाइक सवार बदमाश ने गोली मार दी। सोशल मीडिया पर फहद के हजारों फॉलोअर्स हैं।